फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 45 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 15 सितम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



SALIL CHOWDHURY THE GRAND DAD OF FUSION

Suhana safar aur ye mausam hasin, hame dar hai ham kho na jayain kahin,
ye kaun hansta hai phulo me chhup kar bahaar bechain hai kiski dhun par

A Fluid Sense of Self

The more you define yourself by any one activity, the more fragile you become.



*पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जयपुर लौटते ही यहाँ उनके आवास पर टिकट चाहने वाले नेताओं, कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुट रही है। पायलट भी पूरी आत्मीयता के साथ सभी लोगों से मुलाकात कर उनकी मांग का जायज समाधान करने का आश्वासन दे रहे हैं और टिकट चाहने वालों के बायोडेटा ले रहे हैं। गौरतलब है कि, स्क्रीनिंग कमेटी का सदस्य बन जाने पर पायलट समर्थकों का उत्साह काफी बढ़ गया है।*

# इंडिया गठबंधन ने 14 टॉप टी.वी. एंकर्स पर प्रतिबंध लगाया

## भाजपा समर्थक गोदी मीडिया के खिलाफ यह कदम उठाकर विपक्ष ने कड़ा संदेश दिया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। विपक्षी गठबंधन "इण्डिया" ने भाजपा व मोदी समर्पित गोदी मीडिया के 14 शीर्ष एंकर्स का बायकॉट कर एक प्रहार किया है गठबंधन का कहना है कि विपक्ष के नेता उनके प्रोग्राम्स में प्रस्तुत नहीं होंगे। इस निर्णय का उद्देश्य यह एक मजबूत संदेश भेजना है कि बड़े टी.वी. चैनल्स के एकतरफा रुख को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा चैनल्स को पक्ष एवं विपक्ष को बराबर का मौका देना चाहिए।

- इंडिया गठबंधन के नेता इन एंकर्स के कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे।
- विपक्ष ने इस कदम से यह साफ कर दिया है कि, बड़े टी.वी. चैनल्स की एक तरफा सोच बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
- वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि, इस कदम का राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारी प्रभाव पड़ेगा।
- वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि, बहिष्कृत एंकर्स की लिस्ट में कुछ और नाम भी जोड़े जा सकते हैं।

इसका उद्देश्य यह मजबूत संकेत भी भेजना है कि विपक्ष कमजोर नहीं है और वह अपना भी पक्ष मजबूती से रखना चाहता है।

मजेदार बात यह है कि एंकर्स की लिस्ट में कुछ नाम और जोड़े जा सकते हैं, क्योंकि इस लिस्ट में बदलाव होने की उम्मीद है। सीनियर नेताओं का कहना है कि इसकी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय, दोनों स्तरों पर मजेदार प्रतिक्रियाएं होंगी।

इण्डिया गठबंधन की कोऑर्डिनेशन कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार गठबंधन की पार्टियां निम्न एंकर्स के शोज़ में अपने प्रतिनिधि नहीं भेजेगी।

1- अमन चोपड़ा
2-प्राची पाराशर
3-रूबिया लियाकत
4- चित्रा त्रिपाठी
5- सुधीर चौधरी
6-अमीश देवगन
7- अर्नब गोस्वामी
8-नविका कुमार
9- आनंद नरसिंहन
10- गौरव सावंत
11- अदिती त्यागी
12- सुशांत सिन्हा
13- अशोक श्रीवास्तव
14- शिव अरुर

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह स्पष्ट किया कि टीवी चैनल्स के कुछ एंकर विशेष का बहिष्कार क्यों किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ टीवी चैनल्स पर हर रोज शाम 5 बजे नफरत का एक बाजार सजाया जाता है।

खेड़ा ने आगे कहा कि "हमारा उद्देश्य "नफरत मुक्त भारत" अथवा घ्रणा मुक्त भारत है। हमारा नारा है "जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया" एक अन्य नेता ने कहा कि जिन एंकर्स का बहिष्कार किया गया है, वे एक मिशन को लेकर साम्प्रदायिकता फैलाते रहे हैं, अत: उनसे दूरी बनाए रखना ही बेहतर है।

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# सचिन पायलट के आवास पर कार्यकर्ताओं व टिकट मांगने वालों की भारी भीड़ उमड़ी

## पायलट आत्मीयता से सभी की बात सुन रहे हैं और दावेदारों के बायोडेटा स्वीकार कर रहे हैं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर 14 सितंबर । कांग्रेस कार्यसमिति और स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य बनने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट जब से जयपुर लौटे हैं, तब से उनके सिविल लाइंस स्थित आवास पर समर्थकों, कार्यकर्ताओं और टिकट मांग रहे कांग्रेस दावेदारों की जमकर भीड़ उमड़ रही है। इनमें जयपुर के साथ-साथ दौसा, करौली, टोंक, सवाई माधोपुर, अजमेर और नागौर क्षेत्र के लोग ज्यादा हैं। इस भीड़ के कारण पायलट आवास की सड़क पर दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहन खड़े होने के कारण पुलिस को भी यातायात व्यवस्थित करने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

- लम्बे अर्से तक किसी पद पर नहीं रहने के बाद भी बेहद लोकप्रिय सचिन पायलट को हाल ही में कांग्रेस कार्यसमिति और स्क्रीनिंग कमेटी का सदस्य बनाया गया है, जिससे उनके समर्थकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का मनोबल बहुत बढ़ गया है।
- यही वजह है कि, पायलट आवास पर भारी भीड़ उमड़ रही है, सिविल लाइन्स मे ट्रैफिक जाम जैसे हालात बन गए हैं।
- हालांकि, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा भी स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य हैं पर टिकट चाहने वालों की भीड़ पायलट के आवास पर ही उमड़ रही है।

वैसे तो जयपुर आने पर सचिन पायलट के आवास पर मिलने वालों की संख्या प्राय: अच्छी रहती ही है, लेकिन अब चुनाव को देखते हुए टिकट चाहने वालों की बहुत बड़ी संख्या पायलट आवास पर देखी जा रही है। इन तमाम कांग्रेस समर्थकों, नेताओं और कार्यकर्ताओं से सचिन पायलट भी आत्मीयता से मुलाकात कर उनकी बात सुन रहे हैं। जो लोग अपनी मांगें व मुद्दे लेकर आ रहे हैं, लौटते वक्त उनके चेहरे पर भी संतुष्टि की झलक देखी जा सकती है।

सचिन पायलट के कांग्रेस कार्य समिति सदस्य बनने तथा स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य बनने के बाद पायलट समर्थकों में आस है कि अब सचिन पायलट उन्हें विधानसभा चुनाव का टिकट दिलवा सकते हैं, इसलिए उनके निवास पर मिलने वालों का हुजूम नज़र आ रहा है। हालांकि सचिन पायलट आने वालों को किसी तरह का कोई आश्वासन नहीं दे रहे, लेकिन यदि कोई अपना बायोडाटा उन्हें दे रहा है तो उसे जरूर स्वीकार कर रहे हैं। दरअसल लंबे समय तक बिना किसी पद पर रहने के बाद अब जब सचिन पायलट को स्क्रीनिंग समिति और कांग्रेस कार्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाई कोर्ट के 18 एडिशनल जजों का प्रमोशन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) धनन्जय वाय. चन्द्रचूड़ ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के 11 अतिरिक्त जजों तथा इलाहबाद हाई कोर्ट के 7 अतिरिक्त जजों का उपरोक्त हाई कोर्टों में पदोन्नति की गुरुवार को सिफारिश की।

जस्टिस संयज किशन कौल और जस्टिस संजीव खन्ना से युक्त कोलीजियम की गुरुवार को मीटिंग हुई और उसमें लिए गए निर्णय को शीर्ष अदालत की वैबसाइट में अपलोड किया गया। वैबसाइट में ये डिटेलस अपलोड की गईं कि सिफारिश करने की प्रक्रिया किस प्रकार से आगे बढ़ी।

- सुप्रीम कोर्ट कोलीज़ियम ने जिन 18 एडिशनल जजों के प्रमोशन की घोषणा की है उनमें से 11 पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के और 7 इलाहाबाद हाई कोर्ट के हैं।

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में जिन जजों के लिए स्थायी नियुक्ति की सिफारिश की गई है, वे हैं- निधि गुप्ता,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'इंडिया गठबंधन सनातन को नष्ट करना चाहता है, इसे हराना होगा'

## प्रधानमंत्री मोदी ने संदर्भ से अलग जाकर उदयनिधि के सनातन संबंधी बयान का हवाला देकर आगामी चुनावी जंग का ट्रेलर दिखाया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। नवगठित इंडिया गठबंधन और एन.डी.ए. के बीच आगामी चुनावी घमासान का ट्रेलर पेश करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश में सनातन वाले विवाद को तूल देते हुए विपक्षी गठबंधन पर यह कहते हुए प्रहार किया, उन्होंने सनातन धर्म को खत्म करने की शपथ ली है, जिसने सदियों से भारतीयों को जोड़े रखा है।

- मध्य प्रदेश, जहां साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, में एक कार्यक्रम में बोलते हुए मोदी ने "सनातन" मसले पर विपक्षी गठबंधन पर जम कर हमला बोला।
- भाजपा ने तय किया है कि, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बेटे उदयनिधि मारन द्वारा सनातन धर्म की तुलना एच.आई.वी. और कोविड से करने वाले बयान को मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों व आगामी लोकसभा चुनाव में मुख्य मुद्दा बनाया जाएगा।

मध्य प्रदेश में जहाँ चुनाव होने वाले हैं, मोदी ने कई विकास परियोजनाओं को शिलान्यास करते हुए सभी भारतीयों को "घमंडिया गठबंधन" के क्रूर इरादों के खिलाफ सचेत किया और उन इरादां को हराने का आव्हान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, "घमंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर कुछ स्पष्ट नहीं है लेकिन इस समूह ने अपनी भावी रणनीति और गोपनीय एजेंडा तैयार कर लिया है। उनकी योजना है भारतीयों के विश्वास पर आघात करना, उनके विचारों, मूल्यों और परंपराओं को नष्ट करना जिन्होंने हमें संगठित रखा है, और सनातन धर्म को समाप्त करना।" मोदी ने यह बात तब कही जब द्रमुक नेताओं ने जाति व्यवस्था जैसे सनातन के नकारात्मक पहलुओं पर लगातार बयान दिए।

द्रमुक के नेताओं के बयानों पर मोदी ने कहा कि सनातन अहिल्याबाई होलकर, रानी लक्ष्मीबाई, स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी का प्रेरणा स्त्रोत रहा। उन्होंने कहा, "यह घमंडिया गठबंधन सनातन को नष्ट करने के लिए है ताकि देश को वापिस सदियों की गुलामी में धकेला जा सके। हमें सचेत रहते हुए संगठित होकर इन इरादों पर पानी फेरना चाहिए।"

प्रधानमंत्री इंडिया गठबंधन की 26 पार्टियों पर प्रहार कर रहे थे जो सनातन धर्म की तुलना छूत की बीमारी से तुलना करने वाले द्रमुक के नेताओं के बयानों पर चुप हैं। इनमें शामिल है कांग्रेस, टी.एम.सी., एन.सी.पी., आप, वाम, राजद और सपा आदि।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मु.मंत्री गहलोत के प्रार्थना पत्र पर फैसला 19 को

जयपुर, 14 सितंबर (का.सं.)। दिल्ली की राउज़ एवेन्यू की निचली अदालत में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह के मानहानि परिवाद में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से पेश प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई है।

- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में गहलोत ने दिल्ली के राउज़ एवेन्यू कोर्ट में गुहार की है कि, परिवादी शेखावत के अनुपस्थित होने पर उन्हें दोषमुक्त किया जाए।

अदालत मामले में 19 सितंबर को इस प्रार्थना पत्र पर अपना फैसला देगी। सीआरपीसी की धारा 256 के तहत पेश इस प्रार्थना पत्र में सीएम अशोक गहलोत ने वादी गजेंद्र सिंह के अदालत में पेश नहीं होने के आधार पर स्वयं दोषमुक्त करने की गुहार की है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# छत्तीसगढ़ में भाजपा की परिवर्तन यात्रा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- शुक्रवार को भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे और जन सभा को संबोधित करेंगे।

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने को लेकर शुक्रवार को वहां एक राज्यव्यापी "परिवर्तन यात्रा" की शुरुआत करेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बालुनी के अनुसार नड्डा जस्नपुर के रंजीता स्टेडियम ग्राउण्ड से यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे और वहां पर एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे।

# 'न्यू सांगानेर रोड पर 691 अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई कब होगी?

## हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा और तीन सप्ताह में जवाब पेश करने के लिए कहा

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 14 सितम्बर। राजस्थान हाईकोर्ट में न्यू सांगानेर रोड पर अतिक्रमण को हटाने के संबंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिये हैं कि वह अदालती आदेशों की पालना करते हुए अतिक्रमण हटाये और इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट भी दायर करे। न्यायाधीश एम.एम.श्रीवास्तव और प्रवीण भटनागर की खंडपीठ ने बाबूलाल शर्मा की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किये।

इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा पैरवी के लिये अदालत में उपस्थित हुए। याचिका के अनुसार न्यू सांगानेर रोड पर, प्राथमिक तौर पर मंडल मंदिर, चीलगाड़ी रेस्टोरेंट और अरावली मार्ग, वी.टी.रोड, हीरा पथ, रजत पथ और स्वर्ण पथ के क्षेत्र में भारी अतिक्रमण के बारे में बताया गया था। याचिका के अनुसार मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से सांगानेर फ्लाईओवर तक, मास्टर प्लान के अनुसार, 200 फीट चौड़ी सड़क होनी चाहिये परंतु अतिक्रमण कारियों ने सड़क को घेर रखा है।

- हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को 30 जुलाई 2021 को अतिक्रमण हटाने के लिए कार्यवाही शुरु करने को कहा था तथा 6 माह में इसकी अनुपालना रिपोर्ट मांगी थी।
- लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक भी अतिक्रमण हटाने पर कोई भी कार्यवाही नहीं की है और ना ही कोई अनुपालना रिपोर्ट पेश नहीं की है।

इस मामले को अदालत के समक्ष वर्ष 2019 में दायर किया गया था परंतु 2021 के मध्य तक राज्य सरकार व जेडीए द्वारा इस मामले में जवाब ही दायर नहीं किया गया। फिर 30 जुलाई 2021 को जेडीए द्वारा अदालत को बताया गया कि इस अतिक्रमण को नियमित कराने के लिये कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है बल्कि अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर हटाने की कार्यवाही शुरू की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि अदालत में जेडीए को सभी अतिक्रमण को चिन्हित कर तीन महीने में अतिक्रमण हटाने के आदेश भी दिये थे, और साथ ही कहा था कि 6 दिसम्बर 2021 तक अतिक्रमण हटाने के संबंध में अनुपालना रिपोर्ट दायर करें।

गौर फरमाने योग्य है कि 30 जुलाई 2021 के बाद से अब तक अनुपालना रिपोर्ट दायर नहीं की है।

उक्त मामले में अदालत के समक्ष यह भी तथ्य सामने आये कि न्यू सांगानेर रोड क्षेत्र में 691 अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिये गये थे, और 26 मई 2023 को राज्य सरकार और जे.डी.ए. अतिक्रमणकारियों को चिन्हित तो कर दिया लेकिन उन्हें हटाने के संबंध में अभी तक कोई बड़ी कार्यवाही नहीं की है। हालांकि राज्य सरकार व जे.डी.ए. ने अपने जवाब में कहा है कि 691 मामलों में अतिक्रमण हटाने के आदेश पारित किये जा चुके हैं और इन पर कार्यवाही के संबंध में अदालत को जल्दी सूचित किया जायेगा।

अदालत ने गुरूवार को हुई सुनवाई के दौर कहा कि तीन हफ्तों में राज्य सरकार व जे.डी.ए इसकी जानकरी दें कि कितने अतिक्रमणकारियों को हटाया जा चुका है, कितनों को हटाया जाना बाकी है और जिन्हें नहीं हटाया गया है, उनमें विलंब क्यों हो रहा है? अब इस मामले में सुनवाई अक्टूबर माह में की जायेगी।

# रूस के ब्लैक सी बेड़े पर यूक्रेन का हमला

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। कल क्रीमिया में रूस के ब्लैकसी फ्लीट (जहाजी बेड़ा) के मुख्यालय को निशाना बनाकर यूक्रेन ने हमला किया जिससे दो जहाज नष्ट हो गए और नौसेना के विशाल शिपयार्ड में आग फुैल गई।

- ब्लैक सी बेड़े के मुख्यालय पर हुए इस हमले में रूस की नौ सेना के जहाज नष्ट हो गए और विशाल शिपयार्ड में आग लग गई।

यह जानकारी रूस और यूक्रेन के अधिकारियों ने दी।

अल सुबह हुआ यह हमला रूस के सेवास्टोपोल स्थित नौसेना मुख्यालय पर अब तक का सबसे बड़ा है। इस मुख्यालय 19 माह पूर्व रूस द्वारा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**सत्संग इस लोक की चिंतामणि नहीं उनके अध्ययन से सारी कुचिंताएं मिट जाती है। संशय पिशाच भाग जाते हैं और मन में सदभाव जागृत होकर परम शांति प्राप्त होती है। –अज्ञात्**

# 18 सितम्बर, 2023 को संसद का विशेष सत्र

स कुछ समय से यह प्रथा सी बन गई है कि मोदी सरकार अथवा मोदी ने जो भी कहा हो, किया हो, विपक्ष उसकी आलोचना की गीत गाने लगता है। आज के विपक्ष को शायद मोदी के नाम से ही चिड़ है। हाँ, यह भी सच है मोदी सरकार ने बड़े फैसले लिये हैं जैसे नोटबंदी, संविधान के अनुच्छेद 370 व 35क को समाप्त करना, ट्रिपल तलाक आदि और इनका तीव्र विरोध विपक्ष ने किया है। यह भी कहा जाता है कि विरोध व आलोचना से रास्ता प्रशस्त होता है। जी-20 सम्मेलन ने दुनियां को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अब दुनियां की उभरती हुई ताकत बन चुका है। मोदी के नेतृत्व में अफ्रीकन यूनियन को जी-20 की सदस्यता सबकी सहमति दिलवाना एक सफलता का बडा कदम है। देश तरक्की की ओर बढ़ रहा है और दुनियां की 5वीं महाशक्ति है।

संसद में वाक् आउट से व हंगामें के कारण संसद के आवश्यक कार्य नहीं हो पाते। कई विधेयक अति आवश्यक होते हैं, जिन्हें पास कराना आवश्यक है।

संसद की कार्यवाही रूल्स द्वारा अथवा Precedents से गवर्न होती है। संसद के सत्र को आहूत किया जाता है। इसके नियम हैं। संसद का सेशन बुलाने के कई तरीके हैं। उनमें एक तरीका विशिष्ट सेशन बुलाने का है। इसे विशिष्ट सेशन अथवा सीक्रेट (Secret) सेशन्स कहा जाता है। साधारण रूप से सेशन बुलाने के कारण जिसे 'एजेंडा' कहते हैं, सत्र के नोटिस के साथ भेजा जाता है। यह Special Session 18-22 सितम्बर 2023 को बुलाया गया है। सूचना के साथ कोई एजेंडा नहीं दिया है। विपक्ष की ओर से यह कहा गया है कि संसद के सत्र को बुलाने के नोटिस के साथ आवश्यक पेपर्स भी भेजे जाते हैं, जो विषय के लिये आवश्यक हों।

संसद व सांसद के बाहर संविधान के जानकार (Expert) सीनियर एडवोकेट्स तथा पत्रकारों से तथा पूर्व सेक्रेटरी जनरल लोकसभा PDT Achary जैसे व्यक्तियों से जानना चाहती है कि यह Special Session क्या है, कैसे बुलाया जाता है और क्या इसके लिये नोटिस में एजेंडा होना चाहिये। पूर्व सेक्रेटरी जनरल PDT Achary ves Live Law को एक मुलाकात में बताया कि साधारण तौर पर जब सत्र को आहूत किया जाता है तो सभी आवश्यक पेपर्स आवश्यकता के अनुसार भेजने चाहिये। प्रस्तुत केस में एजेंडा नहीं भेजा गया है। यह असाधारण घटना है। पूर्व सेक्रेटरी जनरल के अनुसार एजेंडा के अभाव के सत्र का बुलाना Improper व Unprecedental है।

संसद के रूल्स को देखें तो यह स्पष्ट होगा कि रूल्स में Secret Session बुलाने का प्रावधान है किन्तु Special Session का कोई प्रावधान नहीं है। यहां यह प्रश्न पैदा होता है कि "आप विशिष्ट सत्र बुला रहे हैं तो सत्र बुलाने का उद्देश्य भी विशिष्ट होना चाहिये। इस बात को यह कह कर भी कहा जा सकता है जब तक उद्देश्य महत्वपूर्ण नहीं होगा, सत्र को विशिष्ट कैसे कहा जा सकता है?

> **यह सही है विशिष्ट (विशेष) सत्र की सूचना सांसदों को दी जा चुकी है। विशेष सत्र बुलाना सरकार का विशेष अधिकार है, इसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। विशेष सत्र बुलाया है, क्या यह सत्र विशेष है या नहीं, इस पर संसद में भी विचार हो सकता है या नहीं कहा नहीं जा सकता। यदि इसे सीक्रेट सत्र माना जावे तो फिर एजेंडा बताना उचित प्रतीत नहीं होता।**

सरकार जब एजेंडा को सीक्रेट रखना चाहती है तो उसका कोई तो उद्देश्य होगा। गत वर्षों में विशेष सत्र बुलाये हैं, सरकार का कथन है कि उनमें एजेंडा नहीं दिया था।

यह सही है नोटिस जारी करने से पहले सरकार से वार्ता की आवश्यकता नहीं है। कुछ भी हो जब स्पेशल सत्र है तो Purpose भी उसी श्रेणी का होना चाहिये।

लोकसभा का स्पेशल सत्र पहले भी बुलाया गया था जब सरकार ने 50वीं वर्षगांठ मनाई थी और स्पेशल सेशन उस समय भी बुलाया गया था जब जीएसटी बिल्स पास कराने थे। सांसदों को इसका ज्ञान था, अतः एजेंडा की आवश्यकता नहीं थी।

सरकार से पूछने पर यह डिसक्लोज किया गया कि एजेंडा नोटिस के साथ भेजने की कोई परम्परा नहीं है।

कोई भी व्यक्ति यह कहने को तैयार नहीं है कि एजेंडा के अभाव में स्पेशल सेशन अवैध होगा।

इन दिनों भारत सरकार कई मुद्दों को निपटाना चाहते हैं। पहला मुद्दा है, एक देश-एक चुनाव। यह भी काफी चर्चा का विषय है कि देश के दो नाम नहीं हो सकते। संविधान अनुच्छेद (1) में कहता है कि India देश का नाम India, that is Bharat है। गुलामी से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद सभी देश उन नामों को व निशानों को समाप्त करना चाहते हैं जो गुलामी की याद को ताजा करने में सक्षम हैं। जी-20 की मीटिंग का निमंत्रण भारत के राष्ट्रपति की ओर से भेजा गया है, न कि Government of India की ओर से। इन दोनों मामलों में संविधान संशोधन होगा। ऐसा मालूम पड़ता है कि भारत सरकार देश को इण्डिया नाम नहीं रखना चाहती है और केवल भारत के नाम से देश को पुकारना चाहती है। भारत के 16 नाम समय समय पर रहे हैं। घ्ह्र्ं का नाम सबसे बाद का है, यह नाम कब और कैसे पड़ा इस बाबत Oxford Dictionary को देखना भी उचित होगा। इन दोनों ही मामलों में संविधान संशोधन होगा और ऐसा मालूम पडता है कि उपरोक्त विषय पर संसद में बिल लेकर आवेगी। दोनों ही मामलों विशिष्ट हैं उन्हें स्पेशल सेशन में पास कराया जावेगा। यों तो कई मामले हैं, जिन पर चर्चा होकर अधिनियम पास कराये जा सकते हैं। फौजदारी, दीवानी व साक्ष्य के नये कानून भी इस श्रेणी में आ सकते हैं।

यह सही है विशिष्ट (विशेष) सत्र की सूचना सांसदों को दी जा चुकी है। विशेष सत्र बुलाना सरकार का विशेष अधिकार है, इसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। विशेष सत्र बुलाया है, क्या यह सत्र विशेष है या नहीं, इस पर संसद में भी विचार हो सकता है या नहीं कहा नहीं जा सकता। यदि इसे सीक्रेट सत्र माना जावे तो फिर एजेंडा बताना उचित प्रतीत नहीं होता। विशेष सत्र बुलाने का रूल्स में प्रावधान नहीं है, किन्तु ऐसे सत्र पहले भी बुलाये जा चुके हैं। यह भी कहा जा सकता है कि विशिष्ट सत्र की सीक्रेट सत्र है।

प्रधानमंत्री मोदी के मन को पढ़ना आसान नहीं है, वे झटका देने व Surprise पैदा करने के हेतु प्रसिद्ध हैं। सत्र के प्रारम्भ होने से पहले उसी दिन एजेंडा सांसदों को बतलाया जा सकता है, जैसा पहले हो चुका है। ऐसा भी मालूत पड़ता है कि सरकार सभी दलों को चर्चा के लिये बुलाना चाहती है। एक समाचार के अनुसार एजेंडा भेज दिया जावेगा।

संसद के इतिहास में 18 सितम्बर 2023 का विशेष सत्र एक नया इतिहास लिखेगा। प्रतीक्षा करें, देश प्रगति व विकास की ओर बढ़ रहा है। जी-20 की सफलता पर देश को गर्व है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# भारत बनाम इंडिया : एक व्यंगात्मक नजरिया



महावीर सिंह

प्रातः भ्रमण के बाद, रामभज आज कुछ ज्यादा ही तेज गति से घर की तरफ लोटा। दरवाजे पर पहुंचते ही जोर से आवाज लगाई--"ओ भगवान जरा सुनो तो"।

घरवाली अंदर से आते ही बोली--'मंदिर गए थे या नहीं? भगवान को हाथ जोड़े की नहीं? क्यों इतनी जोर से भगवान को आवाज लगा रहे हो, बहरा नहीं है, उसे सब सुनता है, उसे सब दिखता है-सर्वत्र-सर्वव्यापी-सर्वकालिक है।'

'नही, नहीं, मैं तो आपको ही आवाज लगा रहा था।' घरवाली को भी तो कुछ ऐसे ही तो बोलते है!

श्रीमान जी, उसे बोलते है-भागवान अर्थात भाग्यशाली

रामभज नें अपनी बात पर आने की कोशीस की--ठीक है मैडम, वही सही---

घरवाली नें फिर टोका--पहले तय कर लो, बात हिंदी में करनी ही या अंग्रेजी में करनी है या मारवाड़ी-मेवाड़ी-ढूंढाड़ी-हरियाणवी शेखावाटी में? मुझे किसी में ही दिक्कत नहीं।

बात हिंदी में आगे बढ़ी--रामभज बोला, आजकल तो सुबह जिसे देखो वही इंडिया, भारत पर गर्मागर्म बहस कर रहे थे? तुम्हारा क्या विचार है, नाम कोन सा ठीक रहेगा?

पूछ तो ऐसे रहे हो जैसे कि मोदी जी/भाजपा/ भारत सरकार नें यह तय करने का जिम्मा तुम्हारे मरियल कंधों पर डाल दिया हो?

नहीं ऐसी बात नही किन्तु यह हम सब की सबसे बड़ी पहचान का मामला है तो चर्चा तो अपन भी कर ही सकते है?

घरवाली जोर देकर बोली--जब एक सर्वकालिक सर्वशक्तिशाली सरकार नें कुछ सरकारी कागजों में इंडिया की जगह भारत लिखा है तो सोच समझ कर ही लिखा होगा। क्यों फालतू में दिमाग पर जोर दे रहे हो। आप जैसे ठाले भुलों को तो, बस, बेमतलब की बहस करनी।

रामभज नें कहा, जरा दिमाग पर जोर लगाओ, नाम बदलने से आम आदमी की स्थिति ज्यादा अछी हो जाएगी क्या? मंहगाई घट जाएगी, रोजगार बढ़ जाएंगे, कम खर्चे में ज्यादा अच्छा इलाज हो जाएगा या बच्चों को ज्यादा अच्छी शिक्षा मिलने लग जाएगी, दवाइयों-खाने-पीने के समान बिना मिलावट मिलने लगेंगे, स्त्रियों-नाबालिग बच्चियों के विरुद्ध घृणित अपराध कम जो जाएंगे, मोब लॉन्चिंग रुक जाएगी, हिन्दू-मुसलमान-हिंदुस्तान-पाकिस्तान, समाज विभाजन रुक जाएगा?

श्रीमती रामभज नें कहा, देश का नाम बदलने का इन बातों से कोई लेना देना नहीं। सारी सरकारें देखी हैं, भ्रष्टाचार बढ़ता गया। मंहगाई, बेरोजगरी कम हुई नहीं। महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार बढ़ते ही गए।

प्रधान मंत्री जी नें, मंहगाई, अपराध, रिश्वतखोरी, आदि पर लगाम लगाने का काम देखने के लिए मंत्रियों, अफसरों की फोज लगा रखी है,वे क्या करेंगे? अब यह सरकार जो कर रही है, वह तो गुलामी की निशानीया मिटाने वाले काम है। पहली बार कोई सरकार ऐसा करने की हिम्मत दिखा रही है। 15 अगस्त वाली आजादी तो बस लीपापोती थी। अंग्रेजों ने अपनी जगह अपने आदमी बैठा दिए--और क्या हुआ उस आजादी से? इस सरकार नें सैंकड़ों अंग्रेजों के बनाए कानून खत्म कर दिए। जनता को पहली बार लगा है कि उन्हें वास्तव में अंग्रेजों से अब मुक्ति मिल रही है--धीरे-धीरे। रामभज यह बताने की हिम्मत नही जुटा पाया कि आज जो भारत हम देख रहे है, वह मात्र नो साल में थोड़े ही बना है। ईंट-पथर-रोड़ी-चुना-घास-फूस-पसीना सबको जीरो से इक्कठा कर, उन्हें मिलाकर यह इमारत खड़ी हुई है, जिसकी छत पर से, अब, लोग चिल्लाते हैं कि हमारे बाप-दादों नें कुछ नहीं किया????

रामभज के घरवाली बोली, संविधान बदल के कश्मीर का कानून खत्म कर दिया ना। तीन तलाक रोक दिया ना। ऐसे धमाकेदार काम होते है सरकार के। जो केवल और केवल यह महाबली सरकार ही कर सकती है। अब वो अंग्रेजो के बनाए, पुराने चोरी-चकरी-लड़ाई-झगड़ों आदि के कानूनों को बदलने वाली है। कुछ निट्ठल्ले, अपूर्ण देश भक्त लोगों की आदत पड़ गई यों ही चलते रस्ते अच्छे कामों में टांग अड़ाने की।

बात इतनी सी नहीं है--रामभज ने समझने का प्रयास किया कि इंडिया, भारत से अलग कोई ओर अच्छा नाम ध्यान आ जाए तो सुझाव भेज देंगे, क्या बुरा है?

घरवाली नें कहा सारा पुराण साहित्य एक से बढ़ कर एक, अच्छे नामों से भरा पड़ा है। आर्यवर्त रख लो, जंब्बू द्वीप रख लो, किसी भगवान या देवी के नाम रख लो, वैदिक देश, सनातनी/सनातन देश, हिन्दू धर्म देश, विश्व गुरु देश, संस्कृत देश, अखंड भारत, महा भारत, जैसे विशुद्ध राष्ट्रवादी नाम, रख लो ----कोई कमी है क्या?

वैसे भारत आया भरत से, भरत की पैदाइश हुई प्रेम विवाह से और भरत के खानदान में हुई महाभारत-- खैर छोड़ो लोगों का काम है मीन मेख निकालना-----

किन्तु जब बड़े-बड़े तुर्रम खान दिल्ली में बैठे है, उनसे कोई नहीं पूछ रहा, तो आप किस खेत की मूली है जो सुझाव भेजने का ख्वाब देखते है?

रामभज बोला, भागवान इतना सरल होता तो मैं चर्चा ही क्यों करता? अब जैसे आर्यवर्त रखने में दिक्कत है। सारे यूरोपियन, रसियन, अरब भी तो अपने आप को आर्य कहते है--वो सब एतराज करें तो? फिर भारत के अंदर भी तो विरोध करने वालों की कमी है क्या--द्रविड़, संथाल, मूलनिवासी ओर बहुत से एतराज करेंगे ही। ओर यह देश अकेले आर्यों का थोड़े ही है--यहां आर्य, कुषाण, हुण, सिथियन्स, पार्थियन्स, ग्रीक, मंगोल, उज्बेक, अरब, अफगान, यूरोपियन्स व दूसरे ओर कई लोग आकर बसते रहे है, सदियों से। ओर झगड़े देखो--सिंधु घाटी सभ्यता आर्यों की थी या द्रविड़ियन, आर्यन विदेशी आक्रमणकारी थे या नहीं, इस सभ्यता को आर्यों नें नष्ट किया या प्रकृतिं आपदा नें---इन सब बातों पर भी, हम लोगों से घण्टो, बिना निष्कर्ष वाली बहस करा लो। सबसे बड़ी बात तो यह है कि आर्यों के नाम पर, गर्व करने के सबसे बड़े ठेकेदार बनने वाला हिटलर बहुत बदनाम नाम है, कोई भी किसी भी रूप में, ख्वाब में भी उस नाम के साथ, दूर-दूर का जोड़ भी नही चाहता। इस लिए आर्य देश नाम तो भूल ही जाओ।

श्रीमती रामभज नें फिर टोका--चाहे इतने बड़े बहुमत की, 24 घण्टे काम करने वाली सरकार, कितना ही अच्छा फैसला करे, बस विरोध ही विरोध---

रामभज नें फिर कुछ बोलने का प्रयास किया----ओर पुराणों आदि में भी तो खींचतान कर आर्यदेश की सीमाएं नर्मदा के आगे नही जाती---सनातनी-सनातन क्या बला है, इस की तो परिभाषा पर ही, बड़े-बड़े राजनेताओं, धर्म गुरुओं में, दाल भात के मुसलचन्दों के बीच लठम-लठ हो रहा है---

घरवाली नें पीछा छुड़ाते हुए कहा, फालतू के मुद्दों पर टाइम वेस्ट करने का मेरे को कोई शोख नहीं। घर में ओर बहुत से कम हैं। करनी है तो साफ-सफाई में मदद कर दो। सरकार को कहते-कहते तक गई स्वछता स्वछता किन्तु हर कोई चारों तरफ गन्दगी फैलाने में लगा है--कैसे भला हो देश का--एक आदमी क्या कर सकता है, सिवाय भाषणबाजी के।

पड़ोस में काम करने वाला रामसहाय, निकलता दिखा, उसको आवाज लगाई। रामभज नें पूछा ,बोल भाई राम, देश का नाम क्या हो?

रामु बोला बाबू साहब, इन सब फालतू बातों से हमारा क्या सम्बन्ध? इस से दो वक्त की रोटी का जुगाड़ आसान थोडे ही हो जाएगा। फिर यह भी है कि यह सब सोचने-विचारने का काम धाए, खाते-पीते, खुराफाती राजनीति करने नाडों का है।

रामभज समझने लगा, राम सहाय, बहुत से सरकारी कागजों में बहुत बदलवाना पड़ेगा, बहुत से काम अटक जाएंगे या बहुत देरी ना हो जाएंगे, जैसे तेरी ओल्ड एज पेंशन।

रामु बिना कोई दिमाग पर लोड डाले बोला, जिसको वोट लेना होगा वह सारे कागजात तैयार करा देगा, सारी सुविधाएं भी देगा। क्या चिंता करनी, इन छोटी-मोटी बातों की।

सड़क पर, कॉलोनी के सबसे अधिक पढ़े-लिखे, पेशे से वकील, केवल जी जाते दिखे तो आवाज लगाकर चाय के लिए न्योता दे दिया। केवल जी के आने के साथ ही, बिना चाय की आवाज लगाए ही, चाय आगई---घर वाली कहने लगी, मुझे पता है आपको क्यों बुलाया है ? आधे, पौन घण्टे से, इन्होंने सब से माथा पच्ची कर ली----- देश का नाम क्या हो? अब आप समझा दो।

केवल जी नें कहा देखो, इंडियन प्रेसीडेंट/भारत के राष्ट्रपति, इंडियन रिजर्व बैंक/भारतीय रिजर्व बैंक/इंडियन इंसटीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी/भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान लिखो--सब एक ही है--भारत का सबसे बड़ा कानून इसकी इजाजत देता है। हाँ, लिखने पड़ेंगे दोनों वरना भाषा के नाम पर 60 के दशक जैसे उत्पात-आंदोलन होने लग जाएंगे।

वैसे संविधान बना तब बनाने वाले, देश के हर कोने से, धर्म-सम्प्रदाय से, बहुत ही समझदार-तपे-तपाए लोग थे, जिन्होंने भारत को अंग्रेजों-राजे-रजवाड़ों से लड़ कर लिया था और उन्होंने सोच-समझ कर ही दोनों नाम रखे थे।

हां, सरकार चाहे तो, दोनों सदनों में 2 तिहाई बहुमत से, संघ के आधे राज्यों की सहमति हो तो संविधान में संसोधन हो सकता है। संविधान की जिस जिस धारा इंडिया शब्द हो उसे भारत किया जा सकता है।

किन्तु इसका क्या विशेष लाभ होगा, देश को या लोगों को? जर्मनी में भी तो सर्वश्रेष्ठ होने का राष्ट्रवाद फैला था, क्या भला हुआ जर्मनी का?

उनकी चर्चा में कॉलोनी के इतिहास के प्रोफेसर हर सहाय ओर जुड़ गए। उनका कहना था कि कम से कम तीन, साढ़े तीन हजार साल पहले से पर्सियन साम्राज्य व ग्रीक लोग इंडिया के किसी न किसी अपभ्रंश के रूप में सिंधु नदी के पूर्व के भूभाग को जानते आए हैं।

उन्होंने आगे कहा हमारे यहां तो राष्ट्रवाद की लो जलाने के लिए, गुलामी के प्रतीक कह कर शहरों, एतिहासिक इमारतों, सड़कों, गलियों के नाम बदलने का फैशन चल पड़ा है। जिस किसी नेता के पास कुछ ठोस, बड़ा,सर्वहितकारी करने को कुछ नहीं होता है, वह यह नाम बदलने वाला शार्ट रुट लेकर झंडा बरदारी करने लगता है।

कुछ गम्भीर होकर प्रोफेसर साहब बोले, गुलामी का सबसे बड़ा प्रतीक तो अंग्रेजी भाषा है। है हिम्मत तो हटाओ!!

बहुत से विद्वानों का मानना है कि सबसे पुराने उपलब्ध ग्रन्थ ऋग्वेद में भरत शब्द है, भारत शब्द नहीं है यह उस भौगोलिक क्षेत्र को कहा जाता था जहां आर्यों की भरत जनजाति रहती थी। यह आज के भारत के सम्पूर्ण भौगोलिक क्षेत्र को इंगित करता हो, यह सुस्थापित नहीं। चर्चा लम्बी खिंचती देख और इस से पीछा छुटवाने के लिए श्रीमती रामभज आ गई और बोली यदि चाय पीकर फिर जोश के साथ चर्चा करनी हो तो, बताओ, अन्यथा तो मेरे पास में एक ऐसा नाम है जिससे पुराने समय में, विदेशों में इस क्षेत्र को जाना जाता था, सब को इस से गर्व होगा, शायद ही किसी को आपत्ति हो---

नाम रख लो--"“सोन चिड़िया देश"”

मीटिंग विसर्जन के बाद रामभज को समझाया गया कि यह फालतू की बहसें मॉर्निंग वॉक तक ठीक है,घर पर मत लाया करो। यहां ज्यादा जरूरी कामों की कमी है क्या, करना चाहो तो।

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# पेट्रोल पंपों की हड़ताल से रामदेवरा यात्री परेशान

**जोधपुर/पाली, (कासं)।** राजस्थान में पेट्रोल-डीजल पर वेट कम करने और डीलर्स का कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर पेट्रोल पंप संचालकों की सांकेतिक हड़ताल दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रही।

गुरुवार को दूसरे दिन भी सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक पेट्रोल पंप से पेट्रोल व डीजल की बिक्री नहीं हो रही है। लेकिन जोधपुर में कुछ पंप संचालक आपातकाल और रामदेवरा जाने वाले यात्रियों को पेट्रोल बिक्री कर रहे हैं। जोधपुर शहर के कई पेट्रोल पंप की थाह ली तो सामने आया कि कई पंप संचालक तो बिल्कुल हड़ताल के पक्ष में है और पंप के बाहर बेरी कटिंग लगाकर किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। जबकि दूसरी और मेडिकल कॉलेज चौराहा, संगरिया रोड और जलजोग चौराहे के पास स्थित पेट्रोल पंप पर बिक्री चालू थी। पेट्रोल पंप पर काम करने वाले कई लोगों ने बताया कि वैसे तो हड़ताल के पक्ष में है लेकिन आपातकाल के लिए बिक्री चालू की गई है।

पश्चिमी राजस्थान में इन दोनों सबसे ज्यादा रामदेवरा यात्रियों को परेशानी हो रही है। हजारों यात्री दुपहिया और चार पहिया वाहन लेकर सैकड़ों किलोमीटर का सफर कर जोधपुर पहुंच रहे हैं और इसके बाद आगे रामदेवरा जा रहे हैं। इनमें से अधिकांश यात्री जोधपुर आसपास के पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाते हैं जिससे आगे 200 किलोमीटर की यात्रा सुगम हो सके। लेकिन पेट्रोल पंप बंद होने से इन्हें परेशानी का सामना कर रहा पड़ रहा है। हालांकि कुछ पंप संचालकों ने रामदेवरा यात्रियों के लिए सेवार्थ पंप खोल दिए हैं। जोधपुर शहर के 74 पेट्रोल पंप के साथ पूरे जिले के 450 पंप गुरुवार को दूसरे दिन भी सांकेतिक हड़ताल पर रहे। सुबह दस बजते ही पेट्रोल पंप पर बैरिकेडिंग और रस्सी बांधकर बंद कर दिया। कुछ पर बिक्री चालू रही।पड़ोसी राज्यों से राजस्थान में पेट्रोल और डीजल पर ज्यादा वैट होने के कारण पाली जिले भर में पेट्रोल पम्प बुधवार सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बंद रहे। ऐसे में कई वाहन चालकों को खासी परेशानी आई। खास कर रामदेवरा जाने और वापस आने वाले जातरू गाड़ियों में पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए एक पेट्रोल पम्प से दूसरे तक भटकते रहे। ऐसे में बीच रास्ते गाड़ियां रुक जाने के डर से कई जातरू पेट्रोल पम्पों पर ही शाम छह बजने का इन्तजार करते नजर आए। उसके बाद पेट्रोल-डीजल भरवा आगे के सफर के लिए रवाना हुए। इधर शाम 5 बजे से ही शहर के कई पेट्रोल पम्पों पर वाहनों में पेट्रोल भरवाने के लिए वाहन चालकों की भीड़ नजर आई। पाली में हाइवे स्थित किसान केसरी पेट्रोल पम्प पर दोपहर करीब 2 बजे यात्रियों से खचाखच भरी गाड़ी लेकर पहुंचे भीलवाड़ा के मोनू ने बताया कि वे रामदेवरा दर्शन कर आ रहा है। दो-तीन पेट्रोल पम्पों पर गए लेकिन हड़ताल के चलते उनकी गाड़ी में डीजल नहीं भरा गया। ऐसे में परेशान है क्योंकि बच्चे और महिलाएं भी साथ आगे जा नहीं सकते क्योंकि गाड़ी में डीजल कम है। ऐसे में शाम 6 बजे तक यही पेट्रोल पम्प इन्तजार करेंगे।

> ■ **हालांकि कुछ पंप संचालकों ने रामदेवरा यात्रियों की सेवार्थ पंप खोले**

मारवाड़ जंक्शन क्षेत्र का पुखराज भी बाइक लेकर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रामदेवरा गया था। घर लौटने के लिए उसकी बाइक में पर्याप्त पेट्रोल नहीं था। उसने बताया कि दो-तीन पेट्रोल पम्प पेट्रोल भरवाने के लिए विनती की लेकिन पेट्रोल नहीं भरा। बीवी, बच्चे साथ है अब आगे कैसे जाऊ।

गुंदोज के टैक्सी ड्राइवर हरीश कुमार की भी कुछ ऐसी ही पीड़ा था। बोले कि गुंदोज से पाली टेम्पो में गैस भरवाने आया हूं लेकिन हड़ताल के चलते गैस भी नहीं भर रहे। अब घर कैसे जाऊ टैक्सी में घर लौटने तक का गैस नहीं बचा। हड़ताल तो पेट्रोल-डीजल की है, गैस भरना क्यों बंद कर रहे है।

# एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई

**गुड़ामालानी, (निसं)।** उपखंड के ग्राम पंचायत सिंधासवा हरियान के खेल मैदान में गुरुवार को दोपहर के समय करीब डेढ़ बजे रूटिन अभ्यास पर जा रहे एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की तकनीकी खराबी आ जाने से गुड़ामालानी के सिंधासवा गांव के खेल मैदान में इमरजेंसी लैडिंग करने पड़ी। हेलीकॉप्टर में पायलट सहित तीन एयरफोर्स के जवान मौजूद थे।

हेलीकॉप्टर देखकर आसपास के लोगों के लिए कोतूहल का विषय बन गया। सूचना मिलने पर गुड़ामालानी पुलिस मौके पर पहुंची। पायलट जवानों ने हेलीकॉप्टर की तकनीकी खराबी को ठीक करने लगे। करीब 15 मिनट एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर मैदान में खड़ा रहा। गुड़ामालानी थानाधिकारी सूरजाराम जाखड़ के मुताबिक एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर तकनीकी खराबी के चलते इमरजेंसी लैडिंग की। करीब 15 मिनट बाद तकनीकी खराबी सही करके वापस उडान भर दी। एयरफोर्स के पायलट लैडिंग करने के बाद करीब 15 मिनट में तकनीकी खराबी को ठीक कर दिया। इसके बाद पुलिस के जवानों ने ग्रामीणों की भीड़ को दूर किया। इसके बाद सावधानी से पायलट ने फिर से हेलीकॉप्टर की उडान भरी।

# बारिश होने से किसानों में खुशी

**जोधपुर, (कासं)।** लौट रहा मानसून लंबे समय बाद फिर प्रदेश में सक्रिय हो गया है। बंगाल की खाड़ी पर बने कम दबावी क्षेत्र से मानसून की मेहर फिर प्रदेश पर बनी है, जोकि आगामी चार-पांच दिनों तक बनी रहेगी। प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हो सकती है। इधर इस कम दबावी क्षेत्र का असर मारवाड़ पर देखने को मिला। जोधपुर शहर और आसपास गांवों में सुबह से ही घटाटोप छाया हुआ है। रूक रूक कर शहर और आस पास के गांवों में बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल गए।

गुरूवार को छाए बादलों और बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है। भीषण गर्मी और उमस की मार झेल रहे मारवाड़वासियों को आज काफी राहत महसूस की गई। हालांकि बुधवार का तापमान 35 डिग्री होने पर कुछ गर्मी और उमस से राहत मिली थी, फिलहाल आसमां पर बादल छाए होने के साथ मौसम खुशनुमा बना हुआ है। जिले के लूणी कस्बा क्षेत्र में सुबह अच्छी बारिश होने के साथ खेतों में पानी भी भर गया। एक बार फिर मानसून की सक्रियता बनने से किसानों के चेहरों पर रौनक ला दी है। हालांकि कई कृषकों ने खरीफ की कटाई करनी शुरू कर दी है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**राशिफल शुक्रवार 15 सितम्बर, 2023**

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र शनिवार प्रातः 7:36 तक, शुभ योग रात्रि 3:41 तक, नाग करण प्रातः 7:10 तक, चन्द्रमा आज दिन 11:36 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज बुध मार्गी रात्री 1:50 से होगा। आज देव कार्य अमावस्या, जीवंतिका पूजन और शहादते हसन (मु.) है। आज अमावस्या तिथि में वृद्धि हुई है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:47 तक, लाभ-अमृत 7:47 से 10:50 तक, शुभ 12:22 से 1:54 तक, चर 6:50 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:16, सूर्यास्त 6:29

**मेष**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कन्या**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनः स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में आज संतुलन बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**मकर**
कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

# राजधानी में झमाझम बारिश, पानी-ट्रेफिक जाम में फंसे लोग





राजधानी जयपुर में गुरूवार शाम करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश का दौर चला, इस दौरान एम.आई.रोड, परकोटा, सीकर रोड, मानसरोवर, झोटवाड़ा रोड समेत कई प्रमुख मार्गों की सड़कें दरिया बनकर बहती नजर आयी। मानसून से पहले नगर निगम प्रशासन ने नालों की सफाई के जो दावे किए थे, वो सिर्फ एक घंटे में ही फेल होते नजर आए। बारिश की तेज बौछारों से सड़कों पर देखते ही देखते पानी भर गया और राहगीरो और वाहनचालकों को आवाजाही में परेशानी होने लगी। हालांकि बारिश के कारण शहर में पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी और उमस से हल्की राहत मिली है, लेकिन लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना शाम को सड़कों पर लगे ट्रेफिक जाम के कारण हुई। नारायण सिंह सर्किल और जे.एल.एन. रोड स्थित त्रिमूर्ति सर्किल पर तो कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। हर तरफ दुपहिया और चौपहिया वाहन चालक थे, जो अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए जद्दोजहद करते दिखे। मौसम विभाग के मुताबिक जयपुर में शाम साढ़े 8 बजे तक एक इंच से ज्यादा ( 28.8 मि.मी. ) बारिश दर्ज की गई। फोटो-राष्ट्रदूत

# जल्द ही जयपुर से अंतरराष्ट्रीय फ्लाइटें बढ़ाई जाएंगी : बोहरा

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जयपुर सांसद रामचरण बोहरा की अध्यक्षता में हवाई अड्डा सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें यात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही सांसद बोहरा ने एयरपोर्ट पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। सांसद बोहरा ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में जयपुर एयरपोर्ट का बेहतरीन विकास हुआ है जहां 2014 में एयरपोर्ट से 28 फ्लाइट प्रतिदिन संचालित होती थी वही आज 74 फ्लाइट प्रतिदिन संचालित हो रही है। 61.82 करोड़ की लागत से एयरपोर्ट के टर्मिनल टी-1 के नवनिर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है जल्द ही यह टर्मिनल यात्रियों के लिए शुरू कर दिया जाएगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जल्द ही जयपुर से उड़ने वाली अंतरराष्ट्रीय फ्लाईटों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

सांसद बोहरा ने ज्वेलर्स को सामान आयात एवं निर्यात करने में आ रही समस्या के विषय में भी विस्तार से चर्चा की और जल्द ही इसका समाधान निकालने के निर्देश दिए। सांसद बोहरा ने एयरपोर्ट के अधिकारियों को एयरपोर्ट पर ग्रीनरी डेवलप करने के लिए भी कहा। इस दौरान जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विष्णु झा, राजस्थान चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष के.एल. जैन, श्री राजपूत सभा के प्रदेशाध्यक्ष रामसिंह चंदलाई, फोर्टी के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डीपी खंडेलवाल एयरपोर्ट के अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# 23 साल से वेतन के इंतजार में 1558 परिवार

- कर्मचारी नेताओं ने जयपुर मैटल्स की जमीनों की नीलामी कर उससे मिली आय को कर्मचारियों को दिए जाने की मांग भी की है

**जयपुर।** चेहरों पर उदासी और परिवार की दुर्दशा देखकर खून के आंसू रोते कार्मिक, वेतन के इंतजार में सैकडों लोग फाकाकशी में जीवन बिता रहे हैं तो सैंकडो परिवारों में बच्चों की शादी भी नहीं हो पा रही। इसके अलावा सैंकडो श्रमिक अब गंभीर बीमारियों से जुझ रहे है लेकिन उनका इलाज भी नहीं हो पा रहा है। कुछ ऐसे ही हाल है वर्ष 2000 में प्रबन्धन और सरकारी लापरवाही का शिकार हुए जयपुर मैटल्स के परिवारों के। जयपुर मैटल्स को बंद करने के बाद बिना कोई सेवा परिलाभ दिए घर भेजे गए 1558 परिवारों में सैंकडो लोग वेतन तथा सेवा परिलाभ के इंतजार में अपना जीवन त्याग चुके है तो दर्जनों लोग गरीबी और बेरोजगारी से तंग आकर मौत को गले लगा चुके है। इसके बाद भी अब तक इन परिवारों की सुध लेने के लिए राज्य सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाए गए है।

सरकार की बेरुखी के बाद भी अब तक वेतन तथा सेवा परिलाभ दिलाए जाने की मांग को लेकर ये श्रमिक आंदोलन का झंडा उठाए हुए हैं और आए दिन सरकार के समक्ष गुहार लगा रहे है।

इसको लेकर राजधानी में गुरूवार को प्रेसवार्ता कर जयपुर मैटल्स पीडित संघर्ष समिति के संयोजक दिलीप व्यास व राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र तांबी, सामाजिक चिंतक केबी शर्मा ने बताया कि यह मार्मिक पीडा और मानव समाज की वेदना है। इस आंदोलन को एक दर्जन से अधिक संगठनों ने समर्थन देने की घोषणा की है और अब ये कार्मिक अपने हक के लिए जयपुर से लेकर दिल्ली में राष्ट्रपति के समक्ष भी गुहार लगाएंगे।

# 'कैलाश मेघवाल ने राजनीति में एससी समाज के लोगों को आगे नहीं बढ़ने दिया'

## भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने पूर्व विधानसभाध्यक्ष द्वारा भाजपा नेताओं पर लगाये आरोपों का जवाब दिया

- 'अर्जुनराम मेघवाल की तारीफ तो पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने भी की, उनके ऊपर आरोप निंदनीय'

**जयपुर।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा से निलंबित वरिष्ठ विधायक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल द्वारा केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सहित सभी भाजपा नेताओं पर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल की निंदा की।

एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने कहा कि अर्जुनराम मेघवाल ने अपना पूरा जीवन जनहित में लगा दिया, और आज भी वे लोकसभा में गरीब, वंचित और किसानों की आवाज उठाते हैं। हम सभी ऐसे ईमानदार नेता को मार्गदर्शक मानकर उनकी प्रेरणा से भाजपा में काम करते हैं। कैलाश मेघवाल को भाजपा ने प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है, उनके द्वारा दिये गये सभी बयान कांग्रेस प्रायोजित हो सकते हैं। एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूर्व विधायक कैलाश मेघवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, गुलाबचंद कटारिया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं जो कि स्पष्ट रूप से किसी के बहकावे में आकर और पूर्वाग्रह से ग्रस्त मालूम पड़ते हैं। एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल का यह स्वभाव रहा है कि उन्होंने बार-बार पार्टी के नेताओं पर आरोप लगाए हैं इसलिए उनकी बात को कोई गंभीरता से नहीं लेता। यह उनकी आदत है और वे नहीं चाहते कि अनुसूचित जाति का कोई नेता आगे बढ़े। उन्होंने अपने पूरे जीवन काल में एससी के किसी भी नेता को आगे नहीं बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज अर्जुन राम मेघवाल की साफ छवि का वर्णन पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने भी किया है। देश के ईमानदार नेताओं की सूची में आज अर्जुन राम मेघवाल का नाम शुमार है। अर्जुन राम मेघवाल जब बाड़मेर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर के पद पर रहते हुए कार्य किया, और इस दौरान उन पर एक भी शिकायत दर्ज नहीं हुई। उनके आईएएस बनने पर भी वे सवाल उठा रहे हैं लेकिन कैलाश मेघवाल को यह जानकारी होनी चाहिए कि अर्जुनराम अपनी बुद्धिमत्ता व योग्यता से यूपीएससी जैसी संवैधानिक संस्थान से इस पद पर साक्षात्कार के माध्यम से चयनित हुए हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश के पहले कानून मंत्री थे, उनके बाद यह सौभाग्य अर्जुनराम मेघवाल को मिला हैं, जो कि पूरे एससी वर्ग के लिए गर्व की बात है। इसलिए हम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल की सभी बातों का खंडन करते हैं और कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

# सीएम के खिलाफ पेश पीआईएल खारिज

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि कोर्ट ऐसी कोई कमेटी गठित या गाइड लाइन जारी नहीं कर सकता, जिससे यह तय किया जा सके कि कौनसा कृत्य न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है। वहीं अदालत ने यह भी कहा कि वह किसी को माफीनामा पेश करने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। इसके साथ ही जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस प्रवीर भटनागर ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि समान बिंदु पर एक अन्य याचिका पहले से ही अदालत में लंबित चल रही है। जनहित याचिका मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से न्यायपालिका पर बयानबाजी को लेकर दायर की गई थी। कुणाल शर्मा की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा था कि सीएम गहलोत ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और वकीलों के लिए बयानबाजी कर न्यायपालिका की गरिमा को अपमानित किया है।

# 5600 गैंग का सदस्य बताकर क्यों रखा अवैध हिरासत में : हाईकोर्ट

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, एसीएस गृह, डीजीपी, एडीजी मानव तस्करी निरोधक यूनिट और करणी विहार थानाधिकारी को नोटिस जारी कर पूछा है कि याचिकाकर्ता को 5600 गैंग का सदस्य बताकर अवैध हिरासत में क्यों रखा गया। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश अक्षय चौधरी की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने मामले में इन अधिकारियों से पूछा है कि क्यों ना मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया जाए।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. मिथिलेश कुमार और योगेश कुमार ने अदालत को बताया कि गत 22 अगस्त को याचिकाकर्ता का महिपाल, देवा, सन्नी कुमार और खेम सिंह सहित आठ लोगों ने करणी विहार थाना इलाके से अपहरण कर लिया था। इस दौरान याचिकाकर्ता के पास पांच लाख रुपए की नकदी और सोने की चेन आदि भी थी। अपहरण के बाद राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी भी दी गई। जिसके जवाब में राजस्थान पुलिस ने जयपुर पुलिस को टैग करते हुए मामला देखने को कहा। याचिका में कहा गया कि बाद में उसे मिलीभगत कर करणी विहार थाना पुलिस को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस ने 24 अगस्त की सुबह उसे 5600 गैंग का सदस्य बताकर उसकी गिरफ्तारी डकैती डालने की योजना बनाने में दिखा दी। इसके बाद उसे अदालती समय में कोर्ट में पेश न कर देर रात मजिस्ट्रेट के घर पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया। वहीं अब याचिकाकर्ता न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है।

याचिका में कहा गया कि पुलिस ने उसे अवैध हिरासत में रखा और मिलीभगत कर 5600 गैंग का सदस्य बताकर फर्जी मुकदमे में फंसा दिया। मामले में अपहर्ताओं के खिलाफ निचली अदालत में परिवाद भी पेश किया गया है। याचिका में गुहार की गई है कि उसके खिलाफ दर्ज फर्जी एफआईआर को रद्द कर उसकी गिरफ्तारी को अवैध घोषित किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# पानी नहीं तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा : राजवी

**जयपुर।** विद्याधर नगर के विधायक नरपत सिंह राजवी ने उनके क्षेत्र में विभिन्न जल सम्बिन्धित समस्या के समाधान में जलदाय विभाग के अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही को लेकर जलदाय विभाग के मुख्य अभियंता को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पेयजल समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। राजवी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ गुरूवार को जलदाय विभाग के मुख्य अभियंता शहर के.डी. गुप्ता के कार्यालय का घेराव किया गया। राजवी ने आरोप लगाया कि बीसलपुर राइजिंग लाइन से 30 से 40 मकानों को अनाधिकृत कनेक्शन दे दिये गये।

# कांग्रेस प्रोटोकॉल समिति की बैठक

**जयपुर, (का.प्र.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा आगामी राज्य चुनाव के लिए गठित प्रोटोकॉल समिति की मीटिंग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वार रूम में अध्यक्ष प्रमोद जैन भाया की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में सदस्य टीकाराम जूली, मुमताज मसीह, रफीक खान, पुष्पेंद्र भारद्वाज, नसीम अख्तर इंसाफ, रघुवीर सिंह राठौड़ शामिल हुए।

# शिक्षकों को किया सम्मानित



हरियाणा के तहरकी के सरकारी स्कूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में नौ शिक्षकों को प्रमाण पत्र, फूलमालाएं व चादरें देकर पुरस्कृत किया।

**जयपुर, (का.सं.)।** इनर व्हील क्लब ऑफ दिल्ली नॉर्थ, जिला 301 की अध्यक्ष, मधु लता गुप्ता ने अपने क्लब की वरिष्ठ पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय इनरव्हील अध्यक्ष अनीता अग्रवाल और क्लब के अन्य सदस्यों के साथ गांव तेहरकी, पलवल सोहना रोड, जिला हरियाणा का दौरा किया और स्कूल राजकीय माध्यमिक विद्यालय तहरकी में शिक्षक दिवस मनाया।

शिक्षक दिवस के उपलक्ष में विद्यालय के 9 शिक्षकों को प्रमाण पत्र, फूल, चादरें प्रदान की। चूंकि शिक्षा एक शक्तिशाली उपकरण है जो गरीबी के चक्र को तोड़ सकती है और व्यक्तियों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए सशक्त बना सकती है इसिलिये अध्यक्ष मधु लता ने सातवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियो को 96 सेट स्टेशनरी के वितरित किये। बुनियादी शैक्षिक आपूर्ति प्रदान करके, हम इन बच्चों की बाधाओं को दूर करने, उनके सीखने के अनुभव को बढ़ाने और उनके समग्र कल्याण में सुधार करने के लिए सशक्त बनाते हैं। हमने बच्चों को 11 किलो बूंदी के लड्डू बांटे। प्रधान मधु लता गुप्ता ने गांव के ग्राम सभा सदस्यों को फूल और शर्ट देकर सम्मानित किया। साथ ही गांव तेहरकी, पलवल सोहना रोड के स्कूल में पर्यावरण सहायक और रसोई की देखभाल करने वालों को 10 छाते भी उपहार में दिए। इनर व्हील क्लब ऑफ दिल्ली नॉर्थ की अध्यक्ष मधु लता गुप्ता ने छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों को सशक्त बनाने के लिए वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करते हुए 45 अमरूद, 8 अनार, 25 मौसमी, 20 नींबू और 10 आम के 108 पौधे उनके परिवारों को दिए।

ये 1082 परिवार के सदस्य इन फलदार पौधों की देखभाल करेंगे और पेड़ों के फलों का लुत्फ उठाएंगे। बच्चों को वृक्षारोपण अभियान में शामिल करने से उनमें स्वामित्व और शक्ति की भावना आती है। इस गहन अनुभव के माध्यम से, वे इस बारे में और अधिक सीखते हैं कि पारिस्थितिक तंत्र कैसे काम करते हैं और दुनिया को स्वस्थ रखने के लिए पेड़ क्या करते। इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष मधु लता गुप्ता इस प्रकार की सामाजिक सेवा जारी रखेंगी।


## तीये की बैठक

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी पूजनीय माताजी

**श्रीमती पांचीदेवी**

धर्म पत्नी स्वर्गीय श्री मांगीलाल यादव (काकोडिया) का देवलोकगमन 13/09/2023 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक दिनाक 15/9/2023 शाम 4:00 से 5:00 बजे तक निवास स्थान अहिरो की ढाणी सिरसी कुंडा जयपुर पर रखी गई है।

**शोकाकुल**- हनुमानसहाय मंगलराम मोतीराम भेरूराम ( देवर) रामसहाय रामनिवास (पुत्र), सत्यनारायण गणेश दीनदयाल राजपाल (पौत्र) एवं समस्त काकोडिया परिवार



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय माताजी

**श्रीमती सोहन कंवर**

धर्मपत्नी स्व.श्री भैरू सिंह (भासू वाले हाल निवास अर्जुन नगर, जयपुर) का देवलोकन हो गया है जिनकी तीये की बैठक दिनांक 15/9/23 (शुक्रवार) को सायं 4.30 बजे से 5.30 कृष्णा विहार, सार्वजनिक पार्क में रखी गयी है।

**शोकाकुल**- नन्द सिंह, दुर्गा सिंह (पुत्र) बसंत सिंह (Advocate), सिद्धार्थ सिंह (SI), भरतसिंह (पौत्र), वीर प्रताप सिंह (प्रपौत्र), गोपाल सिंह, नन्द सिंह एवं समस्त चौहान परिवार।

9269628433, 8107436414



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी


**श्री धन्नालाल गुप्ता**

देवीपुरा वाले का स्वर्गवास 13-09-2023 को हो गया है। तीये की बैठक शुक्रवार 15-09-2023 को 4 बजे से 5 बजे तक, हीरा गार्डन, गोपीनगर, मानबाग, जयसिंहपुरा खोर, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल**- जगदीश प्रसाद अग्रवाल, अशोक कुमार गुप्ता, किशन लाल, विशाल अग्रवाल, नमन अग्रवाल एवम समस्त गोयल परिवार, देवीपुरा वाले, त्रिवेणी जनरल स्टोर, आमेर,

9001195784, 9602700247

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक:9615 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:14.09.2023

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवासीय भूखण्ड संख्या 113/22 (एरिया 210.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा पुत्र श्री रणजीत सिंह वर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2246 दिनांक 03.09.2003 को जारी किया गया। श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा की मृत्यु दिनांक 15.03.2023 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री मनीष चौधरी एवं श्री प्रशान्त चौधरी पुत्रान् श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा द्वारा उक्त आवासीय भूखण्ड को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है । अतः उक्त आवासीय भूखण्ड के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री मनीष चौधरी एवं श्री प्रशान्त चौधरी पुत्रान् श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
**भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर**

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक:9616 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:14.09.2023

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवासीय भूखण्ड संख्या 113/21 (एरिया 210.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती निर्मला चौधरी पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2245 दिनांक 03.09.2003 को जारी किया गया। श्रीमती निर्मला चौधरी की मृत्यु दिनांक 04.05.2020 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री मनीष चौधरी एवं श्री प्रशान्त चौधरी पुत्रान् श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा द्वारा उक्त आवासीय भूखण्ड को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री मनीष चौधरी एवं श्री प्रशान्त चौधरी पुत्रान् श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
**भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर**

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती मीना देवी पत्नी स्वर्गीय श्री बिहारी लाल शर्मा आयु 67 वर्ष स्थायी पता ग्राम पोस्ट कुहाडू, पंचायत समिति मंडावा, तहसील झुन्झुनू जिला झुन्झुनू हाल निवासी 56/49, रजत पथ, मानसरोवर, जयपुर द्वारा अपनी पुत्री मनीषा शर्मा पत्नी श्री दिलीप जोशी का विवाह दिनांक 20/05/2008 को कर दिया गया था। लेकिन विवाह के पश्चात फरवरी, 2021 को मनीषा शर्मा किसी अन्य व्यक्ति के साथ चली गयी है जिसके कारण समाज में मेरी अभिभाष्या व परिवार की मान प्रतिष्ठा भंग हो गयी है। इसलिये मेरी अभिभाष्या अपनी पुत्री मनीषा शर्मा को उसकी गलत संगत व पारिवारिक मतभेदों के कारण समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से तत्काल प्रभाव से बेदखल किया जाता है तथा आज दिनांक के पश्चात [illegible] की पुत्री [illegible] सूचित रहे। [illegible] एडवोकेट [illegible]36768701

**सूचना** [illegible] जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर [illegible]

| क्र. सं. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | क्षेत्रफल (व.ग.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 150 |
| 2 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 233 |
| 3 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 233 |
| 4 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 400 |
| 5 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 433 |
| 6 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 233 |
| 7 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 233 |
| 8 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 450 |
| 9 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 233 |
| 10 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 233 |
| 11 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 233 |

[illegible]

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक:9618 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:14.09.2023

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 160/46 (एरिया 131.25 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा पुत्र श्री रणजीत सिंह वर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 3886 दिनांक 27.12.2003 को जारी किया गया। श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा की मृत्यु दिनांक 15.03.2023 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री मनीष चौधरी एवं श्री प्रशान्त चौधरी पुत्रान् श्री राजेन्द्र सिंह [illegible]
**भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर**

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय** [illegible]
**जाहिर आम सूचना** [illegible] कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/ आवेदक श्री अखिलेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री सत्यनारायण शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है ।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 32/2023
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम सुर्य प्रताप सिंह राठौर पुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह जाति राजपुत
विवाद स्थान ए-125 मॉडल टाउन जगतपुरा रोड, मालवीय नगर जयपुर
मृतक श्रीमती भाग्यवती देवी व श्री चेतन प्रताप सिंह की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 18/10/23
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम भाग्यवती देवी, चेतन प्रताप सिंह पुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह जाति राजपुत निवासी ए-125 मॉडल टाउन जगतपुरा रोड, मालवीय नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रिेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 18 माह 10 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 18 माह 07 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
**आज्ञा से-शरिस्तेदार**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 10 जयपुर महानगर प्रथम जयपुर**

**आम-सूचना** सभी आम को सूचित किया जाता है की मेरे मुवकिलान गिर्राज प्रसाद एवं उनकी पत्नी निर्मला देवी पता P.N.217 ग्रीन पार्क ।। बैनाड़ रोड जयपुर के पुत्र अनील कुमार उनकी पत्नी काजल उर्फ सुनिता एवं पुत्र सुनील कुमार व उसकी पत्नी अंजली (लक्ष्मी) मेरे मुवकिल्लान को प्रताड़ित कर झूठे प्रकरण में फँसाने की धमकी देते है, इनके व्यवहार से मेरे मुवककीलान दुखीः है इसलिये मेरे मुवक्कीलान ने अपने उक्त दोनो पुत्रो व इनकी पत्नीयों को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, कोई भी व्यक्ति इनसे कोई सव्यवहार करेगा तो इसके लिये मेरे मुवक्किलान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
शमी अली, एडवोकेट, मो.9828075086

**राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी**
क्रमांक-1249 दिनांक-13.9.2023
**आवश्यक सूचना**
मूलतः फ्लेट संख्या 4J/F/08 अरावली विहार योजना, भिवाडी श्री जगदीश सिंह शेखावत को आवंटन पत्रांक 2520 दिनांक 4.12.2009 के द्वारा आवंटित किया गया था इनके द्वारा उक्त फ्लेट को बेचान उपरान्त मण्डल द्वारा श्रीमती कुमुद लता पत्नी स्व. श्री अजय कुमार के पक्ष में लीज स्थानान्तरण आदेश क्रमांक 279 दिनांक 30.5.2019 को जारी किया जा चुका है।श्रीमती कुमुद लता की मृत्यु दिनांक 17.4.2020 को हो चुकी है।
श्री अखिल कुमार ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र एवं श्रीमती कुमुद लता की मृत्यु के प्रमाण पत्र एवं पंजीकृत वसीयत प्रस्तुत कर निवेदन किया है, कि इनकी माताजी का स्वर्गवास दिनांक17.4.2020 को हो जाने के कारण उपरोक्त फ्लेट संख्या 4J/F/08 अरावली विहार भिवाडी का मृत्यु उपरान्त प्रतिस्थापन हस्तांतरण उनके नाम किया जाये।
अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त फ्लेट संख्या 4J/F/08 अरावली विहार भिवाडी के संबन्ध में पिता, पुत्र, पुत्रियाँ, भाई व अन्य किसी रिश्तेदार को किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विषेश या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज होतो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री अखिल कुमार पुत्र स्व. श्री अजय कुमार के पक्ष में उपरोक्त फ्लेट संख्या 4J/F/08 अरावली विहार भिवाडी जिला अलवर का मृत्यु उपरान्त प्रतिस्थापन हस्तांतरण किये जोन की कार्यवाही की जावेगी।
आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी

## खोया पाया

मेरा प्लॉट नं.29, स्कीम संत सुंदरदास नगर चौमूं जिला जयपुर का जवाहरपुरी भवन गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा जारी ओरिजनल सोसाइटी का साईट प्लान थाना मोड चौमूं पर कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें। हितेश कानूनगो 9784110033

प्लाट नं.-सी-1, झालाना फेज-।।। के आवंटन पत्र कब्जा पत्र, एवं साईट प्लान कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। गीता देवी 7615077468

श्री महाराज गोपालपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना प्रेम नगर के भूखण्ड संख्या 151 का साइट प्लान कहीं गुम हो गया है मिलने पर सम्पर्क करें। बीना राजपाल 8003229590

सहकारी मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति विष्णुपुरी कॉलोनी जगतपुरा का भूखंड संख्या 69 की सोसायटी की मूल रसीद गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें अनुराधा खुराना 7791881422

## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम हनुमान लाल से बदलकर हनुमान हरजी सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम हनुमान हरजी सिंह पुत्र श्री हरजी के नाम से जाना पहचाना जावे। निवासी-प्लाट नं.99, मानसागर विस्तार, प्रभुदयाल मार्ग, एयरपोर्ट रोड, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान

मैं सुमन देवी पत्नी JC453679L रैंक N/SUB नाम रावत सिंह निवासी गांव गागरवास, पोस्ट सूरतपुरा, तहसील राजगढ जिला चूरू राजस्थान घोषणा करती हूं कि मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम सुमन देवी गलत दर्ज है। सभी उद्देश्य के लिए सही नाम सुमन है दर्ज करें।

मैं अपना नाम सुमन देवी सोनी से बदलकर सुमन सोनी कर रही हूं भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। Address - Flat No F-2, Nemisagar Enclave, Plot No.191, 192, Nemisagar Colony, Vaishali Nagar Jaipur

मैं अपना नाम महेंद्र कुमार सोनी से बदलकर महेंद्र सोनी कर रहा हूं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। Address - Flat No F-2, Nemisagar Enclave, Plot No.191, 192, Nemisagar Colony, Vaishali Nagar Jaipur

मैं योगेंद्र सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी डी-160 प्रेम नगर झोटवाडा जयपुर हूं कि मेरे पुत्र कृष सिंह Krish Singh की जन्म तिथि 4/9/2008 स्कूल में दर्ज गलत है जबकि सही 4/9/2009 है।

I have changed my name from Anil Kumar Hasija to Anil Hasija S/o Kishan Chand Hasija for all purpose R/o- 2 Gha 11, Near Saraswati School, Jawahar Nagar, Jaipur.

I, Ranveer Singh R/o 113, Uttam Nagar Kalwar Road, Govindpura, Jaipur have changed my son name from Bhupender Singh to Bhupendra Singh. In future will be known as Bhupendra Singh.

I have changed my name from Jitendra Kumar Agarwal to Jitendra Agarwal for all purposes R/o- 779 Khuteton ka rasta Ramchandra sharma ki gali Kishanpole bazar Jaipur

# हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर गोलियां चलाई, एक की मौत

## एक गंभीर रूप से घायल, हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर के लिए रेफर किया

**कामां, (निसं)।** बुधवार को दिनदहाड़े जुरहरा थाना क्षेत्र के गांव बांदीपुर में कार में सवार होकर आधा दर्जन बदमाशों ने मामा के घर आए दो युवकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी जिसमें एक युवक की मौत हो गई और दूसरा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। गांव में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद अफरा-तफरी माहौल हो गया। कामां थाना पुलिस ने सतवास गांव से एक आरोपी को गाड़ी सहित पकड़ने में सफलता हासिल की है जिसे जुरहरा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

- **कामां थाना पुलिस ने सतवास गांव से एक आरोपी को गाड़ी सहित पकड़ा**
- **बदमाशों ने मामा के घर आए दो युवकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी**

जानकारी के अनुसार जुरहरा थाना क्षेत्र के गांव बांदीपुर में दिनदहाड़े स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर आधा दर्जन के करीब हथियारों से लैस बदमाश पहुंचे। अमर सिंह पुत्र कमल के मकान में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। मकान के अंदर मौजूद कुलदीप एवं सागर दोनों भाइयों पर फायरिंग की। फायरिंग से दोनों लहूलुहान हालत में छोड़कर सतवास गांव की तरफ कर में सवार होकर भाग गये। दोनों घायलों को कामां के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें चिकित्सकों ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया गया तथा सागर की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

फायरिंग की सूचना के बाद गांव में मची अफरातफरी के बाद सतवास गांव के ग्रामीणों ने कार को रोक लिया और उसमें से एक बदमाश को पकड़ कर जमकर ठुकाई लगा दी। कामां थाना पुलिस ने सतवास गांव पहुंचकर बदमाश को हिरासत में लेकर कामां थाने ले आए और जुरहरा पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। फायरिंग की घटना की सूचना मिलते ही मेवात के पुलिस अधिकारी भी हरकत में आ गए और थोड़ी ही देर में पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया।

# छेड़छाड़ के आरोपी को पांच वर्ष का कठोर कारावास

**धौलपुर, (निसं)।** विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट धौलपुर ने जिले के सरमथुरा पुलिस थाना पर दर्ज हुए 11 वर्षीय नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और उसके परिजनों के साथ मारपीट के मामले में एक मुल्जिम को दोषी करार देते हुए उसे पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 51 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया है।

विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक संतोष मिश्रा ने बताया कि धौलपुर जिले के सरमथुरा पुलिस थाना पर एक परिवादी ने 18 नवम्बर 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि उसकी 11 वर्षीय नाबालिग पुत्री 13 नवंबर 2019 को शाम के वक्त बाजार से अपने घर आ रही थी तो रास्ते में तीन लडकों ने उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत की। नाबालिग लडकों के चंगुल से छूट कर अपने घर में घुसने लगी तो एक लडके ने नाबालिग का हाथ पकड़ कर उसे खींच लिया। नाबालिग के चिल्लाने पर घर में मौजूद उसकी मां और भाई उसे बचाने के लिए बाहर आये तो तीनो लडकों ने मां और भाई की बेरहमी से मारपीट कर दी।

हमले में मां और भाई गंभीर घायल हो गए। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसन्धान के दौरान दो लड़कों को बाल अपचारी मान कर उन्हें निरुद्ध कर प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट धौलपुर के समक्ष पेश किया। जबकि मुल्जिम कल्ला उर्फ़ कल्याण को पुलिस ने गिरफ्तार कर पॉक्सो न्यायालय में पेश किया जो न्यायालय से जमानत पर चल रहा है। मामले में लोक अभियोजक मिश्रा ने कोर्ट में 22 गवाह पेश किये। प्रकरण में न्यायाधीश जमीर हुसैन ने दोनों पक्षों की बहस और लोक अभियोजक की दलील सुनने के बाद गुरूवार को मुल्जिम कल्ला उर्फ़ कल्याण को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** शहर की एक कॉलोनी में आठ वर्षीय बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक धर्मेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना की जांच कर रहे डीएसपी (अजा/जजा) संजीव चौहान ने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र यादव को हिरासत में ले लिया गया। उसे गुरुवार अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड मांगा जाएगा। पीड़ित बालिका अब भी जिला अस्पताल में उपचाराधीन है।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिवारजनों तथा आसपास के लोगों से घटना की जानकारी जुटाई। जांच अधिकारी के अनुसार धर्मेंद्र यादव मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी है, जो थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहता है। उसने इस कॉलोनी में एक नोहरा दूध डेयरी चलाने के लिए किराए पर ले रखा है। इस नोहरे में उसने तीन-चार गाय पाल रखी हैं। इसी नोहरे के एक कमरे में पीड़ित बालिका का परिवार रहता है। बालिका का पिता मजदूरी और मां घरों में साफ-सफाई का काम करती है। दुष्कर्म की घटना 9 सितंबर की है।

## महिला के साथ दुष्कर्म

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के एक गांव की रहने वाली महिला ने महिला थाना धौलपुर में नामजद आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें आरोपी पर कट्टे की नोंक पर दुष्कर्म करने और 20 हजार रुपए तथा मंगलसूत्र ले जाने का आरोप लगाया है। दर्ज कराए गए मामले में बताया गया है कि 11 सितंबर की रात को महिला अपने तीन बच्चों के साथ घर में सो रही थी। इसी दौरान रात करीब 12 बजे सोनू जाटव नाम का आरोपी उसके कमरे में घुस आया। जहां उसने महिला के सीने पर कट्टा रखकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। साथ ही आरोपी घर में रखे 20 हजार रुपए और महिला का मंगलसूत्र छीन कर ले गया। पीड़ित महिला के अनुसार घटना के समय उसका पति मजदूरी करने के लिए घर के बाहर गया हुआ था। जिस वजह से वह अपने बच्चों के साथ कमरे में अकेली सो रही थी। पति के लौटने के बाद उसने थाने में नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# खनन विभाग की टीम पर हमला, पकड़ा हुआ ट्रैक्टर छुड़ा ले गए खनन माफिया

## 10 से ज्यादा लोगों ने खनिज विभाग के सहायक अभियंता और होमगार्ड से धक्का-मुक्की की

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिले में खनन माफिया के हौंसले बुलंद हैं। सदर थाना क्षेत्र स्थित गांव जटियाना में अवैध खनन की सूचना पर पहुंची खनिज विभाग की टीम पर रात में माफिया ने पथराव कर दिया।

बहरोड़ मार्ग पर बोलेरो और बाइक पर सवार होकर आए 10 से ज्यादा लोगों ने खनिज विभाग के सहायक अभियंता और होमगार्ड से धक्का-मुक्की की और ट्रैक्टर ट्राली छुड़ाकर फरार हो गए। इस पर सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने सदर थाने में राज्य कार्य बाधा का मामला दर्ज कराया है। खनन विभाग ने 34 लोगों के खिलाफ पथराव व राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कराया है। जिनमें हाकमदीन, काला, मौसम,

- **खनन विभाग ने 34 लोगों के खिलाफ पथराव व राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कराया**

समयदीन, जलम, साहुन, अहमद, असम , अहमद, इसराइल, नायब, रुकमुदीन, मुस्ताक, विक्रम, अजक, रजाक, तायुब, शोकिन, मुस्ताक व 15 अन्य लोगों के खिलाफ सदर थाने में मामला दर्ज कराया है।

खनन विभाग की टीम मंगलवार रात करीब 11 बजे जटियाना गांव में पहुंची थी। वहां पहाड़ पर कई ट्रैक्टर अवैध खनन करते मिले। खनन व पुलिस की टीम को देख अवैध खनन करने वाले भागने लगे। कुछ लोग ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर फरार भी हो गए। लेकिन खनन विभाग की टीम ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ भी लिया। दोबारा लोगों ने विभाग की टीम को घेर लिया और कुछ ने पथराव कर दिया और जबरदस्ती ट्रैक्टर छीन ली। इसके बाद टीम वहां से बच कर निकल आई। अगले दिन थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया।

# हिंदी साहित्य की चार विभूतियां सम्मानित

**चूरू।** हिंदी साहित्य संसद की और से गुरुवार को लोक संस्कृति शोध संस्थान नगरश्री, चूरू के सभागार में आयोजित एक समारोह में प्रदेश के चार ख्यातनाम पत्रकार, साहित्यकार और समाजसेवियों को साहित्य साधना के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार और लेखक बाल मुकुंद ओझा चूरू को जन कवि प्रदीप शर्मा समृति साहित्य सम्मान से, डॉ गोपाल गर्ग अजमेर को रामा देवी भगीरथ प्रसाद साहित्य सम्मान से, हनुमान कोठारी चूरू और राजेंद्र शर्मा अलवर को अमृत उत्सव विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित साहित्यकारों को अतिथियों ने शाल ओढ़ाकर, सम्मान पत्र, नकद राशि, श्रीफल, पदक आदि प्रदान कर अलंकृत किया गया।

- **वरिष्ठ पत्रकार और लेखक बाल मुकुंद ओझा चूरू को जन कवि प्रदीप शर्मा समृति साहित्य सम्मान से सम्मानित किया**




**समारोह में वरिष्ठ पत्रकार और लेखक बाल मुकुंद ओझा, डॉ. गोपाल गर्ग, हनुमान कोठारी और राजेंद्र शर्मा को सम्मानित किया।**

समारोह में वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद ओझा ने कहा कि जन कवि प्रदीप शर्मा कवि, लेखक, पत्रकार के साथ जनता के नुमाईंदे भी थे। प्रदीप शर्मा के साथ अपने संस्मरणों को सुनाते हुए ओझा ने कहा उन्होंने पत्रकारिता और लेखन के जरिये उनमें छिपी प्रतिभा को प्रतिभा को तराशकर न केवल उकेरा अपितु इस पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। ओझा ने बताया प्रदीप शर्मा द्वारा 75 वर्ष पूर्व स्थापित हिंदी साहित्य संसद ने विभिन्न पुरुस्कारों के जरिये देश और प्रदेश के साहित्यकारों को प्रोत्साहित-सम्मानित कर उनका मान सम्मान बढ़ाया है जो आज के समय में एक दुर्लभतम उदहारण है। यह कार्य हिंदी साहित्य में मील का पत्थर है। समारोह में हिंदी साहित्य संसद के अध्यक्ष बनवारी खामोश, सचिव विजय कांत शर्मा ,वरिष्ठ समीक्षक चंद्र प्रकाश ढंढ, समाज सेवी गोपीराम हारित, राजू सिंघी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के संयोजक प्रो कमल कोठरी ने सम्मानित विद्वत जनों का परिचय दिया।

# बिरला हाथ खड़े कर दें तो हम बना देंगे एयरपोर्ट : सी.एम. गहलोत

**कोटा, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुरुवार को कोटा दौरे पर थे। इस दौरान वह प्रस्तावित कोटा एयरपोर्ट की भूमि का निरीक्षण करने गए। जहां पर उन्होंने भूमि का अवलोकन किया। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला पर हमला बोल दिया। साथ ही कहा कि कोटा में एयरपोर्ट काफी जरूरी है। यह टूरिस्ट हब बनने जा रहा है। यहां पर आने वाले समय में बड़ी संख्या में टूरिस्ट आएंगे। उन्होंने कहा कि स्पीकर बिरला अपने हाथ खड़े कर दें। इसके बाद हम आगे बढ़ाएंगे और एयरपोर्ट का निर्माण करवा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिरला मना कर दें, मैं नहीं कर पाऊंगा। मेरे हाथ में कुछ भी नहीं है। हम अपने हाथ में ले लेंगे। मुझे बहुत दुख होता है कोटा जैसी जगह में सब कुछ होने के बाद भी एयरपोर्ट नहीं है। अगर ओम बिरला टाइम बाउंड महीने दो महीने में इसको अप्रूव्ड करवा दें तमाम अड़चनें सामप्त करा दें। अगर नियमों में परिवर्तन करना पड़े तो उनके हाथ में है। वे स्पीकर है, उनकी बात को कौन मंत्री मना करेगा।



**सीएम ने प्रस्तावित कोटा एयरपोर्ट की भूमि का निरीक्षण किया।**

उन्होंने स्पीकर ओम बिरला पर निशाना चाहते हुए कहा कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के पेट में दर्द हो रहा है उन्हें यह डर सता रहा है कि कांग्रेस सरकार को एयरपोर्ट का श्रेय नहीं मिल जाए। इसलिए लगातार अड़चन पैदा कर रहे हैं जबकि वे चाहेंगे तो चंद दिनों में ही एयरपोर्ट की फाइल को आगे बढ़ा दिया जाएगा। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है इसलिए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को लग रहा है कि इसका श्रेय कांग्रेस या राहुल गांधी को क्यों मिले। राहुल गांधी ने कोटा में वादा किया था कि हमारी सरकार यहां आएगी तो एयरपोर्ट लेकर आएंगे। इसलिऐं उनके पेट में दर्द हो रहा है। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि ओम बिरला से मैंने बात भी की है। वह कहते हैं कि कुछ करोड़ रुपए स्टेट गवर्नमेंट दे देगी तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन मेरा कहना है कि भारत सरकार समुद्र है। उनके लिए बहुत आसान काम है।

कोटा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान को भाजपा विधायकों ने झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके व्यक्ति को इस तरह की अनर्गल बयानबाजी करना शोभा नहीं देता। हकीकत तो यह है कि ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के लिए भार रहित जमीन देने से राज्य सरकार ने हाथ खड़े कर दिए हैं। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि एयरपोर्ट का निर्माण केंद्र सरकार करती है। लेकिल उसके लिए भार रहित भूमि उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है। चिन्हित भूमि पर जो भी बाधाएं होती हैं, उसको राज्य सरकार ही दूर करवाती है। किशनगढ़ और झालावाड़ इसके उदाहरण हैं।

लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के लिए हाथ खड़े करने की बात कह रहे हैं। सही मायनों में आज सीएम अशोक गहलोत ने कोटा एयरपोर्ट के लिए घुटने टेक दिए हैं। मुख्यमंत्री जानते हैं कि वे सिर्फ 106 करोड़ रूपए जमा करवा देंगे तो कोटा एयरपोर्ट का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा।

# 'मैं भाजपा में होता तो बाहर फेंक दिया जाता'

## विधायक भरत सिंह ने कहा कि मेरा चेहरा ही अब विरोध करेगा

**कोटा, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कोटा में गुरुवार को विधायक भरत सिंह से मिलने पहुंचे। विधायक भरत सिंह बीते दिनों नाराज थे और लगातार मुख्यमंत्री और अधिकारियों के खिलाफ बयानबाजी भी कर रहे थे।

हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज भरत सिंह से मिलने पहुंचे। इस मौके पर भरत सिंह ने कहा कि मेरा चेहरा ही अब विरोध करेगा। इन मुद्दों को लेकर मैं बात कर रहा हूं। मैं अपने मुंह से कोई बात नहीं बोलूंगा। वह अपने आप ही महसूस करेंगे कि मुझे किन बात को लेकर तकलीफ है। किसी ने नंगे पैर जिला बनाने को लेकर मांग की थी जब जिला बन गया तो यह प्रतीकात्मक विरोध किया था। उसी तरह से मैं भी प्रतीकात्मक विरोध करता रहूंगा। यह मुद्दा मेरे लिए अब महत्वपूर्ण भी नहीं रखता है। विधायक भरत सिंह ने कहा कि मैं बच्चों की तरह जिद नहीं कर सकता मैंने अपनी बात कह दी है लेकिन सर पर बाल नहीं रखकर विरोध जारी रहेगा।

जानकारी के अनुसार लगातार खान की झोपड़ियां गांव को बारां जिले से कोटा में शामिल करने और सीमलिया थाने में कांग्रेस नेताओं पर दर्ज मुकदमे के मामले में जल्द कार्रवाई की मांग उठा रहे थे। विधायक भरत सिंह ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस में यही अंतर है। भीलवाड़ा के शाहपुरा से विधायक कैलाश मेघवाल काफी वरिष्ठ हैं और

- **'मैं लगातार पार्टी के नेताओं के खिलाफ मुद्दे उठाता था और बोलता था, इसके बावजूद भी मेरा सम्मान किया जाता है'**

लगातार भाजपा से विधायक भी रहे हैं। इसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया है क्योंकि उन्होंने पार्टी के नेताओं के खिलाफ बयानबाजी की थी। वहीं हमारी पार्टी में लोकतंत्र और संविधान है मैं लगातार पार्टी के नेताओं के खिलाफ मुद्दे उठाता था और बोलता था। इसके बावजूद भी मेरा सम्मान किया जाता है। मुझे पार्टी से बाहर नहीं निकाला गया। साथ ही कोई नोटिस भी नहीं दिया गया अगर मैं भाजपा में होता तो बाहर फेंक दिया जाता।

विधायक भरत सिंह ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखता रहा हूं क्योंकि मैं पत्र लिखता हूं, उनको मैं सार्वजनिक भी कर देता हूं। ताकि लोगों को पता चल जाए मैं क्या बोल रहा हूं। विधायक भरत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री से मेरे संबंध हमेशा मधुर रहे हैं। लेकिन जिन मुद्दों पर मैं सहमत नहीं हूं उन पर नाराजगी प्रकट करनी होती है। मैं मेरे पिता से भी बोलता रहता था। यह मेरा स्वभाव है जो गलत लगता है उस पर बोलता हूं।

# 90 लाख की धोखाधड़ी का लगाया आरोप

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** कृषि मार्केटिंग कंपनी पर किसान से फार्मिंग कॉन्ट्रेक्ट कर लगभग 90 लाख की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार ई ब्लॉक निवासी सुशील बोरड़ तथा उसके भाई विजय बोरड़ के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में बाजसिंह सिद्धू मैनेजिंग डायरेक्टर कृषि मार्केटिंग कंपनी जयपुर, भगवान सेवट, कुलदीप, महावीर प्रसाद सहित तीन-चार अन्य पर धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। सुशील बोरड़ ने मुकदमा दर्ज करवाया है। बोरड़ ने वर्ष 2019 से 2022 तक उसकी कृषि भूमि में पीली अंजीर के उत्पादित हुए फलों तथा इसकी खरीद राशि और कंपनी की ओर से किए गए भुगतान की जानकारी दी है। इसके अनुसार 2019 से 2022 तक कंपनी द्वारा सुशील बोरड़ तथा विजय बोरड़ से खरीदे गए अंजीर फलों का पूरा भुगतान नहीं किया गया। कंपनी ने 90 लाख 21 हजार रुपए 250 का भुगतान रोक लिया। परिवादी का आरोप है कि बार-बार कहने पर भी कंपनी इस राशि का भुगतान नहीं कर रही।

# सी.आई.एस.एफ. जवान ने लगाया फंदा

**सूरतगढ़, (निसं)।** थर्मल पावर प्लांट सब क्रिटिकल पावर प्लांट में सीआईएसएफ के जवान ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

जानकारी के अनुसार 1500 मेगावाट सूरतगढ़ सब क्रिटिकल परियोजना की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षाबल यूनिट में धोबी के पद पर तैनात टोंक जिला निवासी

- **खेजड़ी के पेड़ से लटका मिला शव**
- **कुछ ही दिन पहले छुट्टी से लौटा था**

दुर्गालाल गुरुवार सुबह से ही लापता था। जिस पर सीआईएसएफ के जवानों ने तलाश शुरू की, तो जवान का शव परियोजना में खाली पड़े जंगलनुमा इलाके में झाड़ियों में खेजड़ी के पेड़ से लटका मिला। जिस पर परियोजना व सीआईएसएफ के अधिकारियों ने राजियासर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची राजियासर पुलिस ने जवान के शव को राजियासर के राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है।

गौरतलब है कि जवान अभी पिछले दिनों ही छुट्टी काट कर वापस आया था। राजियासर थानाधिकारी सत्यनारायण गोदारा ने बताया कि जवान के परिजनों को सूचना कर दी गई है। गुरुवार को परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। अभी आत्महत्या के कारणों को पता नही चला है। राजियासर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चुनाव से पूर्व कांग्रेसियों में नहीं है एकजुटता ?

## टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र में दो धड़ों में बंटे कांग्रेसी, दो जगह बैठक आयोजित हुई

**टोडाभीम, (निसं)।** कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड पर स्थित विधायक कार्यालय एवं बालाजी रोड़ पर स्थित भीम पैलेस में गुरुवार को एआईसीसी की करौली-धौलपुर लोकसभा ऑब्जर्वर शकुंतला खटक के द्वारा विधानसभा के टोडाभीम व नादौती ब्लॉक के कार्यकर्ताओं व कांग्रेस से टिकिट मांगने वाले दावेदारों से चर्चा की गई। लेकिन विधानसभा चुनावों से पूर्व ही टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस दो धड़ों बंटी नजर आई।

विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रायसुमारी करने आई एआईसीसी की करौली-धौलपुर लोकसभा ऑब्जर्वर शकुंतला खटक के आने से पूर्व ही टिकिटार्थियों व समर्थकों के दो गुट हो गए और एक गुट की बैठक विधायक कार्यालय व दूसरे गुट की बैठक बालाजी रोड भीम पैलेस में आयोजित की गई। उन्होंने सबसे पहले टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र के टोडाभीम व नादौती ब्लॉक की संयुक्त बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवराज मीणा और ब्लॉक अध्यक्ष मोहनलाल मीना के साथ ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया।



**एआईसीसी की करौली-धौलपुर लोकसभा ऑब्जर्वर शकुंतला खटक ने टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा की।**

बैठक में शकुंतला खटक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में विधानसभा और उसके बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। कार्यकर्ता अपनी पूरी लगन और मेहनत से पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के हाथ मजबूत करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से चुनाव में टिकट मांगने वाले कार्यकर्ता हैं। पार्टी का टिकट जिसे मिले सभी को मिलकर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताएं।

उन्होंने कहा कि पार्टी का टिकट मांगना सभी का अधिकार है, लेकिन टिकट मिलने के बाद सभी को एकजुट होकर जिले की चारों सीट एक बार फिर कांग्रेस को दिलानी है। इस में शकुंतला खटक ने कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं और कांग्रेस विधानसभा चुनाव में टिकट के दावेदारों से वार्ता की। ऑब्जर्वर ने सभी से कांग्रेस पार्टी की रीति और नीति के हिसाब से काम करने की सलाह दी। साथ ही कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाए और जानकारी दें। जिले में सभी विधानसभाओं में से किसी को भी कांग्रेस का टिकट मिले, हर कार्यकर्ता को कंधे से कंधे लगाकर उसे चुनाव जीताना है। करौली की चारों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस जीती तो राजस्थान में करौली जिले के साथ टोडाभीम का भी नाम होगा।

- **कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की जीत के लिए किया आश्वस्त**

बैठक में विधायक पृथ्वीराज मीना ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव लड़ने व टिकिट मांगने का सबको अधिकार हैं और जिसे पार्टी टिकिट दे उसके साथ ईमानदारी से एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाये। विधायक मीना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की एक बहुत बड़ी पार्टी है। जिसमें हर एक कार्यकर्ता अपनी पूरी लगन और मेहनत से पार्टी के लिए कार्य करता है।

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी टोडाभीम से विधानसभा सीट इस बार भी जीतेगी। इस मौके पर पीसीसी सदस्य अनिता मीना, प्रधान कल्पना मीना, राजबाई मीना, पालिकाउपाध्यक्ष मोहम्मद इसहाक, उप जिलाप्रमुख प्रतिनिधि प्रेमराज महस्वा, रामस्वरुप ठेकेदार, पीसीसी सदस्य मुरारी रायसना उपस्थित रहे। वहीं भीम पैलेस में आयोजित बैठक में पूर्व विधायक घनश्याम महर, दुल्हेराम, खिलाड़ीराम सोप, पालिकाध्यक्ष अमृता सियाराम, पूर्व मंत्री रामस्वरुप मीना, पीसीसी सदस्य बच्चलाल मीना, पूर्व प्रधान सुरेशी मीना, मौजूद थे।

# ''डोल का बाढ़'' में पेड़ काटकर फिनटेक पार्क बनाने पर अड़ा हुआ है रीको प्रशासन


## रीको प्रशासन का कहना है कि यह वन भूमि नहीं, इसका अधिकार रीको के पास है, इसे उद्योग स्थापित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से दो केसों में जीता गया था

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। ''डोल का बाढ़'' में करीब 166 बीघा जमीन पर उगे 2500 से ज्यादा हरे-भरे पेड़ों को काटकर रीको प्रशासन फिनटेक पार्क बनाने पर अड़ा हुआ है। दरअसल इन पेड़ों को बचाने के लिए पिछले करीब 2 वर्ष से वनप्रेमियों का आंदोलन चल रहा है, इसके बावजूद अधिकारी तानाशाही रवैया अपनाते हुए जमीन खोदकर औद्योगिक निर्माण कार्य करने में जुटे हुए है। जहां अधिकारी इस जमीन को रीको की भूमि बताकर औद्योगिकीकरण की आड़ में पेड़ों को काटने की जिम्मेदारी से बचना चाह रहे हैं, वहीं आंदोलन की अगुवाई कर रहे वन्यप्रेमी 2500 पेड़ों की कटाई और यहां रहने वाले कई प्रजातियों के पक्षियों को लेकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। इनका कहना है कि फिनटेक पार्क में 85 प्रतिशत जगह सीमेंट-कंक्रीट के जाल से ढक दी जायेगी। सीवरेज, पानी व बिजली की लाइनों के पाइप और 47 मीटर तक की इमारतें और सड़कें बनेंगे, जो कि इन पेड़ों को नष्ट कर देंगी।

''सेव डोल का बाढ़'' आंदोलन से जुड़ी मिताली देसाई, शीना चौधरी, अभिषेक, विजेन्द्र शेखावत और कविता श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन (रीको) प्रशासन यहां औद्योगिक पार्क बनाने के लिए अलग-अलग तरह के तर्क दे रहा है। रीको के अधिकारी कह रहे हैं कि ''डोल का बाढ़'' वन भूमि नहीं है, बल्कि इसका मालिकाना हक रीको प्रशासन के पास है। यहां पर उद्योग स्थापित करने के लिए विभाग ने सुप्रीम कोर्ट से यह भूमि दो केसों में जीती थी। इसके अलावा रीको प्रशासन का कहना है कि ''डोल का बाढ'' में विशेष प्रजाति के पक्षी और जानवर नहीं है और मौजूदा पेड़ों को भी पुनः लगाया जायेगा, हालांकि ये अधिकांश मौसमी पेड़ हैं, जो जमीन के इस्तेमाल नहीं होने के कारण उग गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2011 के मास्टर प्लान में डोल का बाढ़ की भूमि आवासीय उपयोग के लिए की गई थी, बाद में वर्ष 2017 में इसे बदलकर जयपुर विकास प्राधिकरण ने औद्योगिक कर दिया। रीको प्रशासन कह रहा है कि फिनटेक पार्क बजट घोषणा थी, जो कि लाभकारी प्रोजेक्ट है।

बताया जा रहा है कि ''सेव डोल का बाढ़'' आंदोलन की शुरूआत जून-2021 में ही हो गई थी, जब 300 निवासियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, लेकिन कभी भी जमीन के स्वामित्व का विवाद नहीं किया। वर्ष 1979 में जब अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी की गई थी और वर्ष 1984 में जब भूमि अवाप्ति हुई, उस समय से पिछले 44 सालों में डीजीडीसी (जिसे वर्ष 1988 में यह भूमि दी गई थी) ने एमओयू के मुताबिक रत्न और जेम स्टोन औद्योगिक पार्क के रूम में विकसित नहीं किया। उसके बाद रीको ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में करीब 17 वर्ष केस लड़ा और वर्ष 2013 में जब रीको ने भूमि वापस नहीं लिया। उसके बाद 8 वर्ष और लगे कि इस भूमि के साथ क्या करना है। इस अवधि मे 44 वर्ष के लिए कुछ भी घटित नहीं होने के कारण 166 बीघा यह जमीन नैसर्गिक वन बन गया। ''सेव डोल का बाढ़'' आंदोलन से जुड़ी मिताली देसाई, शीना चौधरी, अभिषेक, विजेन्द्र शेखावत और कविता श्रीवास्तव ने बताया कि यहां पर उगे हुए 2500 पेड़ों की जब वन विशेषज्ञों ने जांच की तो पता लगा कि यहां 30 से ज्यादा प्रजातियो के पेड़ हैं, जिनमें नीम, रोहिडा, खेजड़ी जैसे 60 प्रकार की जड़ी बूटियां भी शामिल है। इसी तरह पक्षी विज्ञानियों ने भी स्वीकारा कि 13 दुर्लभ और प्रवासी पक्षी हैं, जो खतरे में हैं। इनमें अलेक्जंड्राइन पैरोकीट, गुलाबी गौरा मिना, कम बैली गला, स्काईज वार्बलर, ट्री पिपिट, ब्लैक रेड स्टार्ट, कॉमन चिफ चिफ, सेसी स्टारलिंग, रेड ब्रेस्टेड फ्लाई कैचर और जैबोबिल कुकू शामिल है।




डोल का बाढ़ में फिनटेक पार्क बनाने के लिए रीको प्रशासन द्वारा जमीन में खुदाई कर सीमेंट के बड़े-बड़े ब्लॉक लगाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। यहां उगे हुए 2500 पेड़ों को बचाने के लिए वन्य प्रेमियों ने इन सीमेंटेड ब्लॉक्स पर भी 'सेव ट्री' जैसे संदेश लिखकर और विरोध प्रदर्शन करने में जुटे हुए है।

- ''डोल का बाढ़'' में विशेष प्रजाति के पक्षी और जड़ी-बूटियों के पेड़-पौधे होने की बात से भी मुकरे अधिकारी
- वन्यप्रेमियों का कहना है कि फिनटेक पार्क में 85 प्रतिशत जगह सीमेंट-कंक्रीट से ढक दी जायेगी। सीवरेज, पानी व बिजली की लाइनों के पाइप और 47 मीटर तक की इमारतें और सड़कें बनेंगे, जो कि इन पेड़ों को नष्ट कर देंगी।

# सिद्धार्थ नगर में बदमाशों ने की कारों में तोड़फोड़

**जयपुर**। राजधानी के जवाहर सर्किल इलाके के सिद्धार्थ नगर में बुधवार रात 15 से 20 बदमाशों ने लाठी और डंडों से घर के बाहर खड़ी एक दर्जन से अधिक कारों के शीशे तोड़ दिए। बदमाशों ने कॉलोनी में खड़ी एक बस में भी तोड़फोड़ की। इसके बाद उन्होंने घरों पर पत्थर फेंके, जिससे कई लोगों की खिड़की के कांच टूट गए। इससे पहले गली में बिजली के पोल पर लगी लाइटें तोड़ डाली। वारदात के बाद आरोपी वहां से भाग गए। कॉलोनी के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रुम पर दी। इसके एक घंटे बाद मौके पर पुलिस पहुंची। कॉलोनी और घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाश गाड़ियों में तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में राजेश गुप्ता, मुनीम सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, विजय देव व रामगोपाल बैरवा सहित अन्य ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि बुधवार रात करीब सवा बारह बजे सिद्धार्थ नगर डी ब्लॉक कॉलोनी में 15 से 20 बदमाश पैदल घुसे और घर के बाहर खड़े 12 वाहनों और बस में तोड़फोड़ कर दी। बदमाशों ने कुछ घरों पर पत्थर भी फेंके जिससे खिड़की के कांच टूट गए। इसके साथ ही बदमाशों ने कॉलोनी में लगी बिजली के पोल की लाइटें भी तोड़ दी।

कॉलोनी के लोगों का कहना है कि कार का कांच तोड़ने की आवाज हुई तो लोग घरों से बाहर निकल आए। बदमाशों ने करीब 12 से 14 गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि पुलिस कंट्रोल रुम फोन किया, लेकिन वह बिजी बताता रहा। काफी कोशिशों के बाद फोन लगा तो पूरी बात बताई तो उन्होंने कहा कि पुलिस आ रही है अभी। हैरानी की बात यह है कि एक घंटा निकल जाने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंच पाई थी। महज कुछ मिनटों की दूरी तय करने में पुलिस को एक घंटे से भी ज्यादा समय लग गया।

## सार-समाचार

### कैरम चैंपियनशिप में हुए डबल्स मैच



**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर ओपन कैरम चैंपियनशिप के डबल्स मैचो में सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल के मैच आज खेले गए। फ़ज़ल और साबिर की जोड़ी सेमीफाइनल में दूसरे क्वार्टर फाइनल में बॉबी और बिलाल की जोड़ी ने शोएब और शाहिद को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में हसीन और दानिश की जोड़ी ने अकबर और काशिफ की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फोर्थ क्वार्टर फाइनल में शाहरुख एवं रेहान की जोड़ी ने शोएब और हसीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चारों क्वार्टर फाइनल बहुत ही शानदार तरीके से खेले गए। सभी क्वार्टर फाइनल मैच चीफ रेफरी जितेंद्र कुमार भार्गव की देख रेख में खेले गए।

### विवाहिता ने की आत्महत्या

**जयपुर** (कासं)। दहेज टॉर्चर से परेशान विवाहिता ने सुसाइड कर लिया। ससुराल में तारपीन का तेल डालकर खुद को आग लगा दी। गंभीर झुलसी हालत में इलाज के दौरान सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में उसकी मौत हो गई। मरने से पहले हॉस्पिटल में परिजनों को बोली- ससुरालवालों ने मार डाला। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के भाई की शिकायत पर ससुरालवालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि गेटोर रोड ब्रह्मपुरी निवासी सरस्वती देवी (28) ने सुसाइड किया है। मृतका के भाई जगदीश ने ससुरालवालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जगदीश का कहना है कि करीब 3 साल पहले रामगंज निवासी राजेन्द्र महावर से उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष कम दहेज लाने की बात को लेकर टॉर्चर करता था। दहेज टॉर्चर से परेशान होने पर उसने अपने घर पर भी बताया था। परेशान होकर करीब 2 महीने पहले सरस्वती अपनी बड़ी बहन के पास चली गई थी। इसके बाद ससुरालवालों के खिलाफ महिला थाना (नॉर्थ) में शिकायत भी की थी। समझाइस के बाद ससुरालवाले उसे अपने साथ घर ले गए थे। घर ले जाने के बाद उसके बाद दोबारा ससुरालवाले टॉर्चर करने लगे। पुलिस का कहना है कि 12 सितम्बर को सुबह सरस्वती अपने घर पर थी। कमरे में तारपीन का तेल उड़ेलकर उसने खुद को आग लगा ली। आग की लपटों में घिरी सरस्वती दौड़ते हुए घर से बाहर निकली। आस-पड़ोसियों ने उसे बचाने के लिए आग बुझाई। गंभीर झुलसी हालत में सरस्वती को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान सरस्वती ने दम तोड़ दिया।

### युवती से देहशोषण व ब्लैकमेलिंग

**जयपुर**। ब्रह्मपुरी इलाके में एक युवती से देहशोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी युवती ने रिपोर्ट दी है कि अर्जुन लाल मौर्य काफी सालों से देहशोषण करता आ रहा है। अब वह ब्लैकमेल और मारपीट करता है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### सट्टा खेलते हुए 9 बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। खोह नागोरियान, ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने पर्ची सट्टा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 35 हजार की राशि बरामद की है। डीसीपी (ईस्ट) ज्ञानचंद यादव ने बताया कि पर्ची सट्टा लगाने वाले शाहिद खान निवासी ट्रांसपोर्ट नगर, किशन लाल, इन्द्रजीत, रोहित बैरवा, मनोज, यश, मुकेश, हरफूल और आकाश कुमार को गिरफ्तार कर उनके पास से 35 हजार रूपए की नकदी बरामद की है।

### शातिर नकबजन पुलिस के हत्थे चढ़े


**जयपुर**। मालपुरा गेट पुलिस ने शातिर और अव्वल दर्जे के नकबजन को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चार लाख रूपए कीमत के 1 लैपटॉप और 11 मोबाइल बरामद किए है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में दो दर्जन से अधिक नकबजनी की वारदात का खुलासा किया गया है। डीसीपी (ईस्ट) ज्ञानचंद यादव ने बताया शातिर नकबजन राहुल कारीया उर्फ राहुल गुप्ता निवासी आगरा यूपी हाल मालपुरा गेट को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### बोलेरो चोर गिरोह का पर्दाफाश

**जयपुर**। रामनगरिया थाना पुलिस ने बोलेरो चोर गिरोह का खुलासा करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी की बोलेरो भी जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ जयपुर शहर सहित अन्य जिलों में पूर्व में वाहन चोरी के दर्जनों मामले दर्ज है। आरोपित चोरी की बोलेरो से चोरी की वारदात करने के आदतन अपराधी है। डीसीपी (ईस्ट) ज्ञानचंद यादव ने बताया गिरोह के शातिर बदमाश कुलदीप उर्फ संजू (35) निवासी महावीर जी जिला करौली, लेखराज उर्फ भूरा (37) निवासी सलेमपुर जिला दौसा और रवि कुमार गुर्जर (28) निवासी बयाना जिला भरतपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की एक बोलेरो बरामद की है।

### पुलिस ने बचाई युवक की जान

**जयपुर**। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने सूझबूझ व आधुनिकीकरण पुलिसिंग का प्रयोग करते हुए रेलवे ट्रैक पर सुसाइड करने पहुंचे एक युवक की जान बचा ली। डीसीपी (ईस्ट) ज्ञानचन्द यादव ने बताया पुलिस कन्ट्रोल रूम पर सूचना मिली की एक युवक खुद का वीडियो वायरल कर मरने जा रहा है। वह कंट्रोल रूम पर बार-बार वीडियो और लोकेशन भेज रहा था। पुलिस जब लोकेशन पर पहुंचती तो वह जगह बदल देता। इस पर तुरंत युवक निकेश मालावत निवासी ग्राम मेहंदवास जिला टोंक हाल वाटिका मंडी सांगानेर की पहचान कर उसके मोबाइल नंबर प्राप्त कर लोकेशन ली गई, जोकि रेल्वे स्टेशन के आस पास एक्टिव होना पाया गया। पुलिस ने लगातार पीछा कर रेल्वे ट्रैक के पास नाले में कूदने जा रहे युवक को दस्तयाब कर लिया।



भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने 1831.09 करोड़ रुपये के लाभांश का चैक केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा। ज्ञात रहे कि 22 अगस्त 2023 को आयोजित वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा भारत सरकार के लाभांश के हिस्से के रूप में यह रकम मंजूर की गई थी। इस मौके पर केन्द्रीय वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग के अतिरिक्त सचिव डॉ. एम. पी. तंगिरला, भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक एम. जगन्नाथ, तबलेश पांडे, सतपाल भानु, दोराईस्वामी और जे.पी.एस.बजाज मौजूद थे।

# युवती की हत्या कर शव नाहरगढ़ की पहाड़ी पर फेंकने वाले दबोचे

- आरोपियों ने तकिए से मुंह दबाकर हत्या की, शव बैग में डालकर ले गए
- नाहरगढ़ पहाड़ी पर पत्थरों के बीच लाश छिपाकर आये थे आरोपी
- आरोपी कोलकत्ता, नेपाल, दिल्ली आदि स्थानों से लड़कियां लाकर जयपुर में अनैतिक कार्य करवाते थे

**जयपुर**। चित्रकूट नगर थाना ने कार्रवाई करते हुए एक युवती का तकिए से मुंह बंद कर हत्या कर शव फेंकने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी में सामने आया है कि गिरफ्तार हत्यारों ने शव को बैग में डालकर नाहरगढ़ की पहाडी में पत्थरों के नीचे दबा दिया गया। फिलहाल आरोपितो से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी बलवीर सिंह ने बताया कि लक्ष्मी नामक नेपाली युवती का तकिए से मुंह बंद कर हत्या कर साक्ष्य मिटाने और शव को बैग में डाल नाहरगढ़ की पहाड़ी में पत्थरों के नीचे दबाने वाले हत्यारे स्वपन मंडल उर्फ तरूण निवासी पश्चिमी बंगाल और उसका साथी सुमन विश्वास उर्फ राम निवासी पश्चिमी बंगाल को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित कोलकत्ता, नेपाल, दिल्ली आदि स्थानों से लड़कियां लाकर जयपुर में अनैतिक कार्य करवाते है,जो थाना इलाके में स्थित विनोबा भावे नगर के अपार्टमेंट में किराए से रहते है।

गौरतलब है कि जिला स्पेशल टीम पश्चिम जयपुर के सर्किल पुलिस निरीक्षक गणेश कुमार सैनी ने थाने में हत्या का मामला दर्ज करवाया था कि पिछले दिनों रानाघाट नदिया (पश्चिम बंगाल) की रहने वाले स्वपन मंडल उर्फ तरूण ने अपने साथी सुमन के साथ मिलकर एक युवती की हत्या कर शव को बैग में डालकर नाहरगढ़ की पहाड़ी में पत्थरों के नीचे दबा दिया। जिसने कुछ समय पहले नेपाल की रहने वाली लड़की को गलत काम करवाने के लिए जयपुर लाया था। शुरुआत में लड़की को जयपुर रेलवे स्टेशन के पास स्थित होटल में ठहराया था। और उसके बाद लड़की को अपने अपार्टमेंट पर ले गया था।

जहां 10-12 दिन पहले किसी बात को लेकर स्वपन मंडल की लड़की से कहासुनी हो गई। गुस्से में स्वपन मंडल ने नौकर सुमन विश्वास उर्फ राम और साथियों के साथ मिलकर लड़की की हत्या कर दी। सबूत मिटाने के लिए लाश को एक बड़े बैग में भरकर रखा और रात के अंधेरे में गाड़ी में बैग को डालकर नाहरगढ़ की पहाड़ियों में लाश को ठिकाने लगाने की योजना बनाई गई। जहां आरोपितों ने नाहरगढ़-जयगढ़ जाने वाले रास्ते पर गाड़ी रोककर बैग को निकाल कर जंगल की पहाड़ियों में 100 मीटर नीचे बैग को घसीट कर ले गए। बैग को पत्थरों के नीचे दबाने के बाद हत्यारे फरार हो गए। सूचना पुलिस ने जांच पडताल करते हुए संदिग्ध हत्यारों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद युवती की हत्या कर नाहरगढ़ की पहाड़ियों में शव फेंकना सामने आया। जिस पर शव बरामद करने के लिए पुलिस टीम नाहरगढ़ की पहाडी पहुंची,जहां पुलिस को पहाड़ियों में पत्थरों के नीचे एक बड़ा बैग दबा मिला। पत्थर हटाकर देखने पर बैग के अंदर लड़की की लाश मिली।

# जालौर जेल से फरार बदमाश रिमांड पर

**जयपुर**। वर्ष 2011 में जालोर जेल तोड़कर खुद के साथ 13 बंदियों को भगाकर ले जाने वाले कमल सिंह उर्फ कमल राणा को जयपुर की विश्वकर्मा थाना पुलिस ने मध्यप्रदेश से प्रॉडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।

वांटेड मंदसौर में हत्या के मामले में पकड़ा गया था और राजस्थान में जयपुर, उदयपुर व प्रतापगढ़ में वांटेड चल रहा था। आरोपी जयपुर में विश्वकर्मा व सदर थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करी के लिए गोदाम बना रखे थे। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि दो वर्ष पहले गोदाम पर दबिश देकर भारी मात्रा में मादक पदार्थ डोडा पोस्त पकडा था। तब वांटेड कमल राणा के साथी झुंझुनूं के जसरापुर खेतड़ी निवासी तौफिक अली, मण्डावा स्थित नूंआ निवासी इमरान अहमद को गिरफ्तार किया था।

## प्रदर्शनी के दौरान यातायात व्यवस्था में बदलाव

**जयपुर**। राजधानी के जलमहल झील पर 15 से 17 सितम्बर तक आयोजित प्रदर्शनी को लेकर यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है।

प्रस्तावित कार्यक्रम में लगभग 20 से 25 हजार आमजन के रोजाना आने की संभावना है। इसे देखते हुए इस अवधि में रामगढ़ मोड से जलमहल के सामने से आमेर की तरफ आने व जाने वाली सीटी व मिनी बसों का संचालन निषेध रहेगा। वहीं आमेर तिराहा दिल्ली रोड से आमेर की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को डायवर्ट कर दिल्ली रोड पर संचालित किया जायेगा। आमेर कस्बे से मावठा होकर जलमहल की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को गांधी चौक से आमेर तिराहा दिल्ली रोड की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। नाहरगढ़ फोर्ट से जलमहल की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को जयगढ टी. पाईन्ट से आमेर कस्बे की तरफ डायवर्ट किया जायेगा। रामगढ मोड से जलमहल होकर आमेर की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को अत्यधिक दबाव होने की स्थिति में रामगढ मोड से धोबीघाट दिल्ली रोड की तरफ डायवर्ट किया जायेगा। रामगढ मोड से कनक घाटी तक मुख्य मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनो की पार्किंग निषेध रहेगी।

# बांधों की सुरक्षा राष्ट्र की समृद्धि सुनिश्चित करती है : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

## बांध सुरक्षा में प्रभावी भूमिका निभाएगा भारत : केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

**जयपुर**, (का.सं.)। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज जयपुर में बांध सुरक्षा पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि बांधों की सुरक्षा राष्ट्र की समृद्धि को सुनिश्चित करती है।

जी-20 की थीम- एक पृथ्वी, एक परिवार एक भविष्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जी-20 के सफल आयोजन ने पूरी दुनिया को हमारी महान सांस्कृतिक विरासत, सदियों पुरानी समृद्ध परंपरा और भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों से परिचित कराया। आज पूरी दुनिया हमारा लोहा मान रही है।

उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में आगे कहा कि बांध ऐतिहासिक रूप से पूरी दुनिया में सामाजिक और आर्थिक समृद्धि का केंद्र बिन्दु रहे है। बांध मानवता के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं, बांध समाज के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं, जिससे सिंचाई होती है, अनाज उगता है और पूरी मानवता का पेट भरता है। धनखड़ ने खुद को कृषक पुत्र बताते हुए और ग्रामीण परिवेश का होने का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे पानी का महत्व पता है कि किसान के लिए पानी की कीमत क्या होती है, ये मैं भलीभाँति जानता हूँ, उन्होंने कहा बांध हमें न सिर्फ बाढ़ जैसी विभीषिका से बचाते हैं बल्कि लाखों लोगों के जीवन के साथ-साथ देश की अमूल्य संपत्ति की भी रक्षा करते हैं। भारत की सभ्यता दुनिया की सबसे प्रचीन और समृद्ध सभ्यता है, हमारी सभ्यता पाँच हजार सालों से भी अधिक प्राचीन है, हमारी सभ्यता नदियों के किनारे ही फली-भूली है। नदियों ने अपने जल से सभ्यता को सींचा है। आगे जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत में जल प्रबंधन की जड़े सदियों पुरानी हैं, भारती की सभ्याता में जल प्रबंधन के बेजोड़ उदाहरण उपलब्ध हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान जगदीप धनखड़, ने जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल मिशन का संदेश प्रदान करने के उद्देश्य से कामाख्या एक्सप्रेस के विनायल रैपिंग किए गए रेक को वाराणसी स्टेशन पर जयपुर से वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि हजारों वर्षों से मानव सभ्यता के विकास में बांधों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बांध न केवल पीने के पानी, सिंचाई, जलविद्युत आदि की बढ़ती मांगों को पूरा करने में योगदान दे रहे हैं, बल्कि विनाशकारी बाढ़ के प्रबंधन में भी उपयोगी भूमिका निभाते हैं। भारत में बांध निर्माण का गौरवशाली इतिहास रहा है। भारत में करीब दो हजार वर्ष पहले चोल वंश के राजा करिकलन ने कल्लनई (ग्रैंड एनीकट) के रूप में कावेरी नदी पर पहला बांध बनवाया था। यह बांध आज भी काम कर रहा है और दस लाख एकड़ भूमि की सिंचाई में मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले अमेरिका के नॉक्सविले में टेनेसीवैली अथॉरिटी का दौरा किया। उनके द्वारा बांध सुरक्षा के लिए अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी प्राप्त हुई। बकौल केंद्रीय मंत्री पीएम के नेतृत्व में भारत ने विगत दस सालों में इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। बांध सुरक्षा के क्षेत्र में विषय विशेषज्ञों का समूह बनाने के मकसद से आईआईटी रूड़की और आईआईएससी बेंगलुरू में बांध सुरक्षा और बांध इंजीनियरिंग पर मास्टर्स कार्यक्रम भी शुरू किया गया है।




उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जयपुर में बांध सुरक्षा पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल मिशन का संदेश प्रदान करने के उद्देश्य से कामाख्या एक्सप्रेस के विनायल रैपिंग किए गए रेक को जयपुर से वाराणसी स्टेशन पर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


## Greenpeace Day

Greenpeace is a campaign organization for ecological issues that has become an internationally renowned entity over the past few decades. Over the years, Greenpeace has achieved an abundance of victories in fighting against eco-crimes, as well as making an enormous contribution to raising awareness for a myriad of environmental issues across the globe. The organization constantly strives to implement their vision of a society which recognises Earth as an essential life support system-with full awareness that the planet's resources are not infinite and must be protected and cared for.

#PSYCHOLOGY

# A Fluid Sense of Self

The more you define yourself by any one activity, the more fragile you become.



If you want to learn something about change there is no better place to look than evolution. Nothing represents a continuous and unrelenting cycle of order, disorder, and reorder on a grander scale. For long periods of time, Earth is relatively stable. Sweeping changes—warming, cooling, or an asteroid falling from space, for example—occur. These inflection points are followed by periods of disruption and chaos. Eventually, Earth, and everything on it, regains stability, but that stability is somewhere new.

During this cycle, some species get selected out. Others survive and thrive. Species in the latter group tend to have high degrees of what evolutionary biologists call "complexity." Complexity is comprised of two elements: differentiation and integration. Differentiation is the degree to which a species is composed of parts that are distinct in structure or function from one another. Integration is the degree to which those distinct parts communicate and enhance each other's goals to create a cohesive whole.

Consider Homo sapiens (you and me), by far the most abundant and widespread species of primate. we have large frames, four limbs, opposable thumbs, body temperature that is somewhat resistant to external conditions, good vision and hearing, digestive tracts that can accommodate a variety of nutrients, and the capacity for language and understanding. In other words, we are a highly differentiated species. But we also have enormous brains and advanced nervous systems that integrate all of these parts into a cohesive whole. The combination of these qualities—widespread



differentiation and strong integration—makes us a decidedly complex species. Our complexity is how we got here today and why, hopefully, we'll stick around for at least a bit longer.

If we want to survive and thrive during ongoing cycles of change and disorder, then we, too, can benefit from developing our own versions of complexity.

As a matter of fact, there is a psychological construct called self-complexity. Essentially, it says that the key to a strong and enduring identity—one that is equal parts rugged and flexible, that can navigate the inevitable changes we all face—is to diversify your sense of self.

The more you define yourself by any one activity, the more fragile you become. If that activity doesn't go well or something changes unexpectedly, you lose a sense of who you are. But with self-complexity, you have develop multiple components to your identity.


What you want to do is challenge yourself to integrate the various elements of your identity into a cohesive whole. This allows you to emphasize and deemphasize certain parts of your identity at different periods of time. The result is a fluid sense of self.

Unlike other types of matter, fluid contains both mass and volume but not shape. This allows it to flow over and around obstacles, changing form while retaining substance, neither getting stuck nor fracturing when unforeseen impediments manifest on its path. Cultivating a fluid sense of self allows you to do the same. By developing and nurturing multiple parts of your identity, you can more easily navigate change.






Salil Chowdhury was a self-taught musician and the beauty of his compositions lies in the beautiful blend of folk, Indian classical and western classical music. Everyday, his backdrop was filled with the mystique sounds of nature - the sounds of the forests, the chirping of the birds, the melody of the flute and the folk songs of the region. He became an excellent self-taught flute player and his favourite composer was Mozart. His compositions often used folk melodies and melodies based on Indian classical ragas



(1923-1995







# SALIL CHOWDHURY

# THE GRAND DAD OF FUSION

#CENTENARY TRIBUTE



Dr. Shoma A. Chatterji
*Film scholar journalist & author*

This writer's introduction to the music of Salil Chowdhury was through his three immortal compositions of three Bengali songs. All three songs were sung by Hemant Kumar, known in Bengal as Hemanta Mukhopadhyay. The lyrics were clearly underscored with a Leftist slant as the writers and Choudhury himself were known Leftists.

The story goes that when Salil Chowdhury came to Calcutta for his graduate studies in 1944, he was attracted by the political ethos of the day and became a communist. He started writing songs and setting tunes for IPTA, the cultural wing of the communist party. Bicharpati, Runner, Abak protibhi were songs of hope and awakening in Bengali culture. Gaayer bodhu, which he composed at the age of 20, created a new wave in Bengali music. His experiments in composition and orchestration were unique. His first Bengali film "Paribortan" was released in 1949. "Mahabharati" in 1994 was the last of his 41 Bengali films.

The year of his birth is open to debate as some insist that he was born in 1925 but there is no one to verify this record. I met Salil Chowdhury over my growing years when he had just made a name for himself with the music of Do Bigha Zamin directed and produced by Bimal Roy on whose insistence, Choudhury had migrated to Bombay. He lived with his wife Jyoti who later gave him three lovely daughters. They lived in a rented flat in Malad, a Bombay suburb, close to where Bimal Roy lived with his family. But their door remained open to many strugglers from Kolkata who had come to Bombay to find a footing in the field of music in films. In fact, one did not know whether they were members of the family or were house-guests. Jyoti was a trained painter but had given up everything to remain beside her husband and take care of the family. Some years later, with a bit of affluence, the family shifted to their own apartment in Bandra. But no guest to leave the house without a square meal.

His songs for "Biraj Bahu", "Naukri", "Amaanat", "Taangewaali", "Awaaz", "Parivaar", "Jaagte Raho", "Apradhi Kaun" and "Ek Gaon Ki Kahaani" are still popular. Then came "Madhumati" in 1958. Its 12 songs, including Ajaa re pardesi, Suhana safar and Dil tadap, continue to be wildly popular. The songs of "Parakh", "Usne Kaha Tha", "Chhaya", "Maya", "Kabuliwala", "Anand", "Mere Apne", "Rajnigandha", "Choti si baat", "Jeevan jyothi", "Mrigaya", "Annadata", "Anand Mahal" followed but with an intolerable gap between each. "Swami Vivekananada" in 1994 was his last Hindi film.



Salil Chowdhury family.

Salil-da was born on November 19, 1925, in Chingripotha in 24 Parganas district of West Bengal. His childhood was spent in the tea gardens of Assam and he was greatly influenced by the songs of the tea garden workers and Assamese folk songs. His father had a great collection of Bach, Beethoven, Mozart and Chopin. Salil da's love for western classical music taught him the potential of various musical Instruments and the importance of harmony in music.

He was a self-taught musician and the beauty of his compositions lies in the beautiful blend of folk, Indian classical and western classical music. Every day, his backdrop was filled with the mystique sounds of nature – the sounds of the forests, the chirping of the birds, the melody of the flute and the folk songs of the region. As a logical extension, he played the flute beautifully and during his revolutionary phase in the freedom struggle, he always carried his flute with him and would begin to play it spontaneously. He became an excellent self-taught flute player and his favourite composer was Mozart. His compositions often used folk melodies and melodies based on Indian classical ragas but the orchestration was very much western in its construction. He developed a unique style one could identify with easily and get to love at the same time.

Living through the Second World War, the Bengal famine and the desperate political situation in the 1940s, he joined IPTA (Indian Peoples Theater Association) and became a member of the communist party. During this period he wrote numerous songs and with IPTA took his songs to the masses. They travelled through the villages and cities in Bengal and his songs became the voice of the masses. They were powerful and stimulating songs of protest, which made people aware of the rampant social injustice that surrounded them. Salil-da's music and lyrics, during his post-Independence, commercial phase in Mumbai, was soaked in and reflected his concern for social injustice.

Salil Chowdhury's versatility as a music composer unique in

> He lived with his wife Jyoti who later gave him three lovely daughters. They lived in a rented flat in Malad, a Bombay suburb, close to where Bimal Roy lived with his family. But their door remained open to many strugglers from Kolkata who had come to Bombay to find a footing in the field of music in films. In fact, one did not know whether they were members of the family or were house-guests. Jyoti was a trained painter but had given up everything to remain beside her husband and take care of the family.

style, creativity and expression flourished during his stint with Bimal Roy Films. In Do Bigha Zamin, there is a beautiful lullaby by Lata Mangeshkar, aajaa re aaja neendiya aaja re aaja lip-synched by Meena Kumari in a guest appearance. Juxtaposed against this are the two peasant songs, hariyala saawan dhol bajata aaya and dharti kahe pukar ke, one of which is taken from the Russian Red March, in keeping with the Leftist spirit of the film. Both these songs were in chorus led by the robust baritone of Manna De. The background score uses Western music. Do Bigha Zamin remains the best example of Salil-da's mass songs written and composed for the IPTA back in Bengal.

Readers may recall that Salil-da took the Malayalam film music world by storm when he first composed the music for Chemeen which won the National Award for the Best Film the following year. The CD was later brought out by Saregama HMV. After Chemeen, he scored music for 23 films in Malayalam. Some films never saw light of day in the theatres and some were big box office flops. But all are referred to just for the songs.

The late Bhanu Gupta, one of the best-known harmonica players in the country who later learnt the guitar all by himself, was a close associate of Salil-da for more than three decades. He narrated an interesting anecdote about a meeting of all music directors in the Mumbai film industry called by the then-Information and Broadcasting Minister V.N. Gadgil who was concerned about music directors trying to bring in music from other cultures and traditions into Hindi film music. "We must stick to Indian culture and tradition" he went on in a refrain during his speech. At one point, Salil-da stood up to ask him a question. "How did you make your journey from Delhi to Mumbai, Sir?" he asked. The Minister, a bit surprised, said, "Why, I flew down of course!" Salil-da's prompt response was, "if you are so concerned about Indian tradition and culture, then why did you not travel in a bullock cart?" The minister had no answer.

Another anecdote is drawn from a long interview Salil Choudhury gave to Doordarshan when it was Black-and-White. Elaborating on the significance of music in cinema, he cited an important example from Eisenstein's Battleship Potemkin (1925). He said that there was no trouble the first time when the film was released with a silent sound track minus music. The film presents a dramatization of the mutiny that occurred in 1905 when the crew of the Russian battleship Potemkin rebelled against its officers. Later, when the film was released with a sound and music track, it was banned by the then-Soviet authorities! Such is the power of music in films.

Raj Kapoor once described him as a genius who could play everything from tabla to sarod and piano to piccolo. Salil da showed Indian popular music the way to use quaint western instruments. He has used instruments as varied as the oboe, French horn, mandolin and saxophone in his arrangements. He was accused of Westernising Bengali music. His reply was that the harmonium, the common idiom of Indian music, was itself a western instrument. "Music has to at all times, dissolve and evolve, ever renewing it into new forms to suit the tastes of the time. Otherwise it will become fossilised. But in my quest for moving forth, I should not forget my tradition". These were Salilda's words about his music.

Ages ago, before A.R. Rahman appeared on the musical map of Indian cinema, before the word 'fusion' entered into the vocabulary of Indian music, before Bangla bands turned fusion into a fashion statement within the world of music, these musical genres were already imbibed into, created, merged, and made immortal by the magic wand of one man. His name is Salil Chowdhury. His death in Kolkata on September 05, 1995, ended the life of one of the greatest creative poets, lyricists, writers and music composers of all time.

rajeshsharma1049@gmail.com



Kishore Kumar with Salil Chowdhury.



Lata Mangeshkar and Salil Chowdhury.

#LIVING THE FUTURE

# 4 ChatGPT Prompts To Find Your Inner Confidence

## How To Find Your Inner Confidence With ChatGPT





If you're feeling unconfident, it's because something is out of kilter deep inside. Everything you need for unwavering confidence is stored there too.

You might be just a few tweaks away from feeling incredible. One or two changes from regaining your powers and believing you can take on the world.

Here's where you can use ChatGPT as your personal AI confidence coach, to help you get back on track in no time. Use these four prompts in order, and keep the same chat window open so it carries the information through. Implement the responses and assess how you feel after using every prompt.

Create Personalized Journal Questions

For every answer there is a question that retrieves it. Use ChatGPT to find the question. Tell it about how you feel right now and see its suggestions for routes to explore, for some necessary reflection that will regain your balance. The answers are within you, it's just a case of enticing them out.



"At the moment I'm feeling [describe how you feel right now.] Create a set of questions that I can journal on, that will help me regain my inner confidence and feel more motivated to begin my day and do my work."

Get A Personal Diagnosis

Any number of things could have happened in your life or work to send your confidence levels plummeting when, in reality, everything is fine. Being surrounded by media, hype and current affairs, not to mention everyone else's worries, concerns and dramas, is enough to send the most stable entrepreneur into unhelpful thinking loops. Get ChatGPT's diagnosis for why you have no need to question yourself with this simple prompt.

"In the last few months, these events have happened: [explain the main events of the last few months]. Can you explain why I might be feeling less confident than normal right now, and explain why I should in fact be feeling more confident."

Find A Mantra That Resonates

The concept of a mantra has origins in Hinduism and Buddhism, as a word or sound that's repeated to aid concentration in meditation. More recently, it's come to mean a statement or slogan repeated frequently. Athletes say mantras before they compete. Business leaders say them before an important presentation. If you need a short, sharp burst of confidence, a mantra could help. Don't find just any old mantra, get one that truly resonates with your world.

"I'm looking for a mantra that will remind me that I have everything I need within myself, for confidence and to show up without fear. My favourite artists, authors and thought-leaders are [name your favourites]. Suggest some mantras that might resonate with me, that I can repeat daily."


Create A Confidence Meditation


Fake it until you make it. When you act confidently, your entire being levels up to match. Physically walking taller with your gaze up can have a domino effect on your self-esteem. But you might not feel like you can magic confidence out of nowhere in your head, the way it's possible in your body. Bring your mind up to speed with a confidence meditation, compiled by ChatGPT, that helps you chill out, find your inner calm and feel ready to take on the day. Use a text-to-speech tool so it plays aloud while you close your eyes.

"Can you create a script for a personalized confidence meditation, for me, [your name]. This should use the information explained so far to produce a 60 second script for a meditation. This script should put my mind at ease, remind me of my inner confidence, and include a breathing or visualization exercise to help me stress and worry less. I should leave the meditation feeling ready to face the day."


Let's assume that every reason to be confident is already within you, it's just a case of ignoring that inner critic and mental demons that creep in to run the show. Fear and anxiety have no place in your world. Take control of your mind and strengthen your ability to be confident using these four powerful prompts.

Create journal questions for reflection, get a personal diagnosis, find a mantra perfect for you and get an extended meditation you can repeat every morning. Use the tools right in front of you and feel yourself again.



THE WALL





BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# राशन गबन करने के मामले में फरार चल रहा डीलर गिरफ्तार

## दस महीने पहले खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा कंचनपुर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड की कंचनपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सरकार द्वारा गरीबों के लिए दिए जाने वाले राशन की कालाबाजारी करने और राशन का गबन करने के आरोप में फरार राशन डीलर को गिरफ्तार किया है। राशन डीलर के खिलाफ करीब 10 महीने पहले खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा कंचनपुर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसका मामला पेंडिंग चल रहा था।

- **राशन के करीब 250 कट्टों को खुर्द-बुर्द कर पॉश मशीन में गड़बड़ी करने का है आरोप**

थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने जब फाइल को पेंडिंग देखा तो एक्शन लेते हुए आरोपी डीलर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम के सहयोग से गिरफ्तार किया है। जिससे मामले में पूछताछ की जा रही है। कंचनपुर थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष खाद्य एवं रसद विभाग की परिवर्तक निरीक्षक समीक्षा दिनकर ने कंचनपुर थाने पर राशन सामग्री के गबन करने के आरोप में एक मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें कुंजी का नगला निवासी राशन डीलर दिनेश कुमार पुत्र शिवराम जाटव उम्र 45 वर्ष पर राशन के करीब ढाई सौ कट्टों को खुर्द-बुर्द कर पॉश मशीन में गड़बड़ी कर राशन के गबन करने का आरोप लगाया गया था। उक्त मामले में 10 महीने से फाइल पेंडिंग चल रही थी। जैसे ही फाइल को देखा तो तुरंत एक्शन लेते हुए मुखबिर तंत्र के सहयोग से कांस्टेबल विश्वेंद्र, रामनिवास, अर्जुन और राजेश कुमार के सहयोग से थाना क्षेत्र के मठ खिराना मोड़ से आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी डीलर से अब राशन के गबन को लेकर पूछताछ की जा रही है।



कंचनपुर थाना पुलिस ने फरार राशन डीलर को गिरफ्तार किया।

### ठगी के मामले में तीन पकड़े

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के रामसीन पुलिस ने गुरुवार को फर्जी शादी करवाकर रूपये हडपने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जालोर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस ने फर्जी शादी करवाकर अठारह लाख रुपये हडपने के संबंध में दर्ज मुकदमे में गहन अनुसंधान किया जाकर प्रकरण में फर्जी शादी करके रूपये एवं गहने हडपने वाले गिरोह के सदस्य व आरोपी कृष्ण पुरोहित उर्फ कृष्णराम पुत्र भूपाजी पुरोहित निवासी धानोल, आसु खां पुत्र गाजी खां निवासी दहीपुर पुलिस थाना रानीवाडा जिला सांचौर व रज्जाक खान पुत्र कालु खान निवासी सेरणा को गिरफ्तार किया। आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर प्रकरण में हड़प की गई राशि एवं फर्जी दुल्हन के बारे में आरोपियों से अग्रिम अनुसंधान जारी है।




**बीकानेर।** सजे-धजे ऊंट के साथ रोबिलो ने गुरुवार को शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र तथा पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान दोनों विभागों के अधिकारियों ने मतदान के महत्व के बारे में बताया। पूर्व मिस्टर बिकानेर अशोक बोहरा ने पारंपरिक वेशभूषा में कार्यक्रम में भागीदारी निभाई और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के साथ मतदान के लिए प्रेरित किया। स्वीप प्रकोष्ठ के कॉर्डिनेटर डॉ. वाई. बी. माथुर ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर यह पहल की गई है। इसके तहत रेगिस्तान के जहाज कहे जाने वाले ऊंट का नखसिख श्रंगार करते हुए मतदान प्रक्रिया में भागीदारी का आव्हान किया गया है। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र राठी ने विभिन्न मोबाइल ऐप और मतदाता सूची में पंजीकरण, संशोधन और स्थानांतरण से जुड़ी प्रक्रिया के बारे में बताया।

### करंट से युवक की मौत

**दूदू, (निसं)।** दूदू जिला मुख्यालय के मुख्य चौराहे पर फल के ठेले पर युवक की करंट आने से मौत हो गई। कल दूदू में भारी बारिश हुई जिसके कारण ठेले पर लाइट जुड़ी हुई होने के कारण करंट दौड़ने लगा व युवक (जावेद) पंचायत के गेट के बाहर लगे पानी के प्याउ पर पानी पीने गया था। फल के ठेले पर हाथ लगने पर करंट लगने लगा। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

## नशे के आदी व्यक्ति की मौत

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** नशे के आदी एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब पचास साल है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। उसे एक व्यक्ति ने हॉस्पिटल के पीछे की तरफ नशे की हालत में पड़े देखा था।

गांव बाहर एफ बड़ा के लाभसिंह पुत्र हरगोविंद सिंह ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति नशे की हालत में सरकारी हॉस्पिटल के पीछे की तरफ पड़ा मिला। इस पर उसे सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। देर शाम करीब साढ़े सात बजे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने उसके परिजनों की तलाश शुरू की है। आस-पास के इलाके में पिछले कुछ दिन में लापता हुए लोगों के बारे में पता करवाया जा रहा है। श्रीगंगानगर के साथ ही पास के पंजाब के थानों को भी सूचना दी गई है। मृतक के नशे की हालत में हॉस्पिटल के पीछे की तरफ मिलने के कारण शुरुआती तौर पर उसकी मौत नशे का ज्यादा सेवन करने से होने का अनुमान है।

### जांच टीमें गठित

**सूरतगढ़, (निसं)।** यहां सूरतगढ़-भोजेवाला सड़क मार्ग के किनारे महिला के संदिग्धावस्था में जली हुई अवस्था में मिले शव को लेकर पुलिस ने टीमें गठित कर जांच शुरू कर दी है। संभावना है कि पुलिस जल्द महिला की हत्या की गुत्थी सुलझा लेगी। सीआई कृष्ण कुमार ने बताया कि मंगलवार को सूरतगढ़-भोजेवाला सड़क मार्ग पर गैस गोदाम के निकट एक विवाहिता का जला हुआ शव बरामद हुआ था। जिसकी पहचान निर्मला (30) पत्नी वकील कुम्हार निवासी वार्ड नंबर 16 के रूप में हुई थी।

# लवली एनकाउंटर मामले की सीबीआई जांच की मांग तेज

**जोधपुर, (कासं)।** लवली कण्डारा एनकाउंटर की सीबीआई से जांच करवाने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों व समाज के लोगों का आंदोलन तेज हो गया है। समाज द्वारा जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना जहां गुरुवार को भी जारी रहा। वहीं मृतक की मां व अन्य परिजन नागौरी गेट सर्किल पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के पास भूख हड़ताल पर बैठ गए।

- **मृतक के परिजन भूख हड़ताल पर बैठे**

सफाई मजदूर नेता नरेश कण्डारा ने बताया कि सीबीआई से जांच के लिए सरकार की ओर से अनुशंषा और दोषी पुलिसकर्मियों को निलम्बित करने की मांग को लेकर वाल्मिकी समाज की ओर से जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना दिया जा रहा है। जो आज दसवें दिन भी जारी रहा। विरोध प्रदर्शन के तहत आज लवली कंडारा की मां व अन्य परिजन भूख हड़ताल पर बैठे। उन्होंने नागौरी गेट सर्किल पर बाबा साहेब की प्रतिमा के पास यह भूख हड़ताल शुरू की है।

### मरणोपरान्त शरीर दान की घोषणा

**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम मलपुरा निवासी रामजीलाल गुर्जर ने जयपुर के राजकीय एसएमएस अस्पताल के मेडीकल कॉलेज को चिकित्सकीय शोध कार्य हेतु अपना शरीर मरणोपरान्त दान किया है। रामजीलाल गुर्जर ने बताया कि मेरी व मैरे मित्र रामप्रताप रावत की सोच रही है कि मेरा शरीर मरने के बाद मेडिकल छात्रों के शोध हेतु काम आ सके।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भट्ट ने तनोट माता के दर्शन किए

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** केंद्रीय रक्षा राज्य व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने गुरूवार को सरहद स्थित तनोटराय माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश में अमन चैन की प्रार्थना की। उन्होंने लोंगेवाला बोर्डर पर सैनिक बैठक को सम्बोधित किया। भट्ट ने शहर की पटुवा हवेली को निहारा हवेली के अग्रभाग में पीत पासन पर उकेरे हुए पक्षियों के चित्रों को देख कर बताया कि ऐसी बहुतायत में चित्रकारी जीवन में पहली बार देखने का अवसर मिला। सोनार दुर्ग, दीवान नथमल की हवेली दीवान सालमसिंह की हवेली देख भट्ट अभिभूत हुए।

- **अजय भट्ट ने लोंगेवाला बोर्डर पर बैठक ली**

गौरतलब है कि ज्यों-ज्यों राजस्थान के विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे है, वैसे-वैसे केंद्रीय मंत्रियों के दौरों की झड़ी लगनी शुरू हो गई है। सरहदी तनोटराय माता के दर्शन कर सीमा सुरक्षा बल के गेस्ट हाउस में रुक कर एकांत में भाजपाइयों से सलाह मशविरा कर यहां की ताजा स्थिति को आलकमान तक पहुंचाने का कार्य इन दिनों जोरों पर चल रहा है। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता ने नाम नहीं लिखने की शर्त पर बताया कि आगामी विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री का चेहरा किसे बनाया जाये इसका मंथन किया जा रहा है।

केंद्र से जैसलमेर पोकरण रामदेवरा तनोटराय यात्रा पर आने वाले केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथसिंह, जल शक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र चौधरी, सांसद पीपी चौधरी, देवजी पटेल, विजया राहटकर, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट सहित अनेक वरिष्ठ भाजपाई यहां से जिताऊ विधायक चेहरे की जानकारी आलाकमान को देने का कार्य भी कर रहे हैं।

# विद्यालय भूमि पर कब्जा करने वाले सरकारी अध्यापक के खिलाफ मामला दर्ज

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की लालपुर ग्राम पंचायत की राजकीय विद्यालय की सरकारी भूमि पर प्रभावशाली सरकारी अध्यापक मनरूप मीणा द्वारा किए गए कब्जे को लेकर लालसोट थाने में अध्यापक के खिलाफ नामजद मामला दर्ज हुआ है।


यह अतिक्रमण का कृत्य करने वाला और कोई नहीं सवाई माधोपुर जिले के बौली ब्लॉक में सरकारी विद्यालय में पढ़ाने वाला शिक्षक ही है। ग्राम पंचायत लालपुरा में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूमि पर काबिज अतिक्रमणकारी के खिलाफ प्रधानाचार्य समेत ग्रामीणों ने थाने में पहुंचकर थानाधिकारी नाथूलाल मीना को प्राथमिकी देते हुए मामला दर्ज करवाया गया। प्राथमिकी में ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय की पट्टाशुदा भूमि पर मनरुप मीणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बौंली व्याख्याता निवासी पुनेता बौंली एवं दीपक शर्मा पुत्र महादेव शर्मा निवासी लालपुरा ने मिलकर अतिक्रमण कर लिया।

जिसका मौका मुआयना कर विद्यालय की पट्टाशुदा भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करवाने की मांग की। इस दौरान रमेश चंद्र शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, नवल किशोर शर्मा, जगदीश पटेल, मुकेश शर्मा, विनोद शर्मा, मोनू जांगिड़, विकास शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, बाबूलाल बिहारीपुरा, बृजमोहन वार्ड पंच, रामकेश बिहारीपुरा, राजेश बिहारीपुरा, रघुनाथ शर्मा, मदन लाल शर्मा, रामशरण शर्मा, शंभू लाल शर्मा, रमेश चंद्र बैरवा, जन्मराज बैरवा, धारा सिंह मीणा, मुकेश मीणा सुख चैनपुरा चौथमल मीणा प्रधानाचार्य, दिनेश कुमार शर्मा वाइस प्रिंसिपल रामफूल बैरवा अध्यापक सहित अन्य जन मौजूद रहे।



राजकीय विद्यालय भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ मामला दर्ज करने लालसोट थाने पहुंचे ग्रामीण।

- **अतिक्रमण का कृत्य करने वाला बौली ब्लॉक में सरकारी विद्यालय में पढ़ाने वाला शिक्षक ही है**



सादुलपुर में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित सभा में बरसात शुरु हो जाने से उमड़ी हुई भीड़ ने अपने आपको कुर्सियों से ढककर बचाया।

# बसपा प्रत्याशी के चुनाव मैदान में आने से भाजपा और कांग्रेस भ्रम में

## बहुजन समाज पार्टी ने एडवोकेट रविंद्र मीणा को करौली विधानसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा है

**करौली, (निसं)।** करौली विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी ने एडवोकेट रविंद्र मीणा को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारने से भाजपा और कांग्रेस को अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरने के लिए भ्रम जाल में फंसा दिया है।

दिसंबर 2023 में राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं जिसके लिए करौली विधानसभा से भाजपा और कांग्रेस से चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांगने वालों की लंबी कतार लगी हुई है। टिकट की लाइन में लगे भाजपा और कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता संभावित प्रत्याशियों से बायोडाटा भी ले रहे हैं और अपने स्तर पर दोनों पार्टियों के नेता जनता से फीडबैक भी ले चुके हैं और अभी ले रहे हैं। लेकिन भाजपा और कांग्रेस से पूर्व यहां करौली विधानसभा के चुनाव के लिए बसपा से रविंद्र मीणा के चुनाव मैदान में उतरने से देश की दोनों राष्ट्रीय पार्टियों को अपने-अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारने के लिए भ्रम जाल में फंसा दिया है।

- **क्योंकि यहां करौली विधानसभा क्षेत्र का चुनाव जातिगत समीकरणों के आधार पर होता है**

क्योंकि यहां करौली विधानसभा क्षेत्र का चुनाव जातिगत समीकरणों के आधार पर होता है और पूर्व में भी जातिगत आधार पर ही चुनाव हुए हैं। यहां मतदाता पार्टी के अनुसार अपना मत का प्रयोग नहीं करता है। बल्कि एक जातिगत समीकरण के आधार पर मतदान करता चला आ रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि यहा कांग्रेस पार्टी से वैसे तो टिकट के लिए लंबी कतार है। लेकिन खास तौर से वर्तमान विधायक लाखन सिंह मीणा और पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को माना जा रहा है। इसके अलावा कांग्रेस से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव भूपेंद्र भारद्वाज भी प्रमुख रूप से टिकट की लाइन में है इनके अलावा उद्योगपति हाजी रूखसार अहमद, अनीता मीणा, कैप्टन कमल मीणा कसारा, पूर्व सरपंच कमलेश मीणा, प्रेम सिंह माली भी टिकट की लाइन में लगे हुए है।

राजस्थान में हाल में कांग्रेस की सरकार भी है किसको यहां अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारती है यहां राजनैतिक हल्को और लोगों में चर्चा कुछ और ही सुनने को मिल रही है कि करौली विधानसभा से कांग्रेस पार्टी अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारने के लिए चौंकाने वाला निर्णय लेने कि लोगों में चर्चा है कांग्रेस के अलावा भाजपा के टिकट के लिए भी टिकटार्थियो की लंबी कतार है जिसमें प्रमुख रूप से नगर परिषद के पूर्व सभापति राजाराम गुर्जर, पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी, राजकुमारी गुर्जर, सतबीर चंदीला, अशोक सिंह धाबाई, गोपाल सिंह गुर्जर, डॉ. रूपसिंह गुर्जर, डॉ. शिवजी प्रसाद, अशोक पाठक, ओपी सैनी टिकट की लाइन में लगे हुए हैं। वैसे इस बार बसपा के प्रत्याशी को पहले चुनाव मैदान में उतारने से त्रिकोणीय चुनाव होने की संभावना बनती देखी जा रही है।

# डाबला रोड पर भारी वाहनों की नो-एन्ट्री की मांग, आमरण अनशन शुरू

## विभिन्न मुद्दों को लेकर 27 जुलाई से लगातार धरना दिया जा रहा है

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के मुख्य चौराहा से ग्राम नारेहड़ा हनुमानजी मंदिर तक भारी व ओवरलोड वाहनों की नो एन्ट्री की मांग को लेकर डाबला रोड धरने पर गुरूवार से आमरण अनशन शुरू किया गया। इस दौरान धरना संयोजक राधेश्याम शुक्लावास, रंगलाल महाराज, आप पार्टी के जिला संयुक्त सचिव रामस्वरूप छेपट अनशन पर बैठे।

धरना संयोजक राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि डाबला रोड़ भारी वाहनों की नो-एन्ट्री लागू करने, नारेहडा में सड़क पर गहरे गड्ढों पर डामरीकरण (पेचवर्क) करने, बुचारा बांध में आरएसी के जवानों की तैनाती के बावजूद अवैध खनन होने, वन क्षेत्र व चारागाह में अवैध खनन रुकवाने, ओवरलोडिंग पर कार्यवाही सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विगत 27 जुलाई से लगातार धरना दिया जा रहा है। इस बाबत कई बार प्रशासन को ज्ञापन भी दिये जा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके कारण मजबूरन आमरण अनशन शुरू करना पड़ा।




कोटपूतली में मांगों को लेकर डाबला रोड धरने पर गुरूवार से आमरण अनशन शुरू किया गया।

धरना संयोजक राधेश्याम शुक्लावास ने आमरण अनशन शुरू करने से पहले प्रशासन को लिखित में ज्ञापन सौंपा था कि धरना स्थल पर मेडिकल टीम, पुलिस जाप्ता आदि की व्यवस्था करवाई जाये। लेकिन कोई भी अधिकारी आमरण अनशन पर बैठे धरणार्थियों की सुध लेने नहीं पहुंचा। इस दौरान एड. अशोक कुमार सैनी, इंद्राज कसाना, मुकेश गुर्जर, रिछपाल वर्मा, नन्दाराम यादव, पूर्व पार्षद रामचंद्र सैनी, पूर्व पार्षद बंटी सैनी, सैनी विकास संस्था संगठन के अध्यक्ष बबलू बबेरवाल, सुभाष यादव, राजेन्द्र सिंह चौधरी, पप्पू बायलान, पूरण जांगिड़ व रामरतन सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### अमावस्या बैठक आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम नावलाई नंद घर पर अमावस्या की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें माता-पिता को बच्चों के पोषण स्तर के बारे में एवं उनके शारीरिक और मानसिक स्तर के बारे में जानकारी दी गई। कार्यकर्ता सुमन जांगिड़ ने बताया कि बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से शिक्षा दी जाती है यह भी उनको बताया गया वहीं बच्चों को खान पीन रायसेन के बारे में विस्तार से बताया गया इस मौके पर वेदांता फाउंडेशन से क्लस्टर सुपरवाइजर अंकित कुमावत सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### आज 3 घंटे बिजली बंद रहेगी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कनिष्ट अभियंता संदीप द्विवेदी ने बताया कि आज शुक्रवार सुबह 7 बजे से 10 बजे तक 33 केवी लाइन बागरियावास के अधिन आने वाले जीएसएस मऊ व बागरियावास में आने वाले सभी फीडर बंद रहेंगे व श्रीमाधोपुर शहर मे तीजावाला जोहड़ा जीएसएस सै चोपड़ फीडर में चोपड़ बाजार,सीकर बाजार,खंण्डेला बाजार,बस स्टेंड, तीजावाला जोहड़ा, सुखसागर कॉलोनी कि विधुत सप्लाई लाइन कार्य करने के लिए तीन घंटे बंद रहेगी।

# सफाई कर्मियों ने ठेकेदारों व कंपनी पर शोषण का आरोप लगाया

**पावटा, (निसं)।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा जिला कोटपुतली बहरोड में ठेकेदारों के अधीन कार्यरत सफाई कर्मचारियों के कथित शोषण व सुविधाएं दिलाने की मांग को लेकर अखिल राजस्थान सफाई मजदूर कांग्रेस शाखा पावटा प्रागपुरा के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी व ई ओ मनीषा यादव से मिले और ज्ञापन सौंपा।

सफाई मजदूर संघ की ओर से सौंपे ज्ञापन में कहा है कि नगरपालिका पावटा प्रागपुरा जिला कोटपुतली बहरोड में ठेकेदारों के अधीन कार्यरत सफाई कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है।

■ एस.डी.एम. व ई.ओ. को ज्ञापन सौंपा


सफाई कर्मचारियों ने पावटा नगर पालिका ई.ओ. मनीषा यादव ( बाएं से दूसरे ) को ज्ञापन सौंपा।

नगरपालिका गठन के समय पावटा मे 9, प्रागपुरा मे 2, कूनेड मे 1 सफाई कर्मचारी ग्राम पंचायत के अधीन कार्यरत थे। जिनका मान देय अपनी अपनी ग्राम पंचायतों व पंचायत समिति पावटा जिला परिषद के मद से प्राप्त होता था। अब ठेकेदारो द्वारा खातो मे डाला जाता है। जबकि पावटा प्रागपुरा नगर पालिका द्वारा एक वर्ष तक संविदा कर्मचारी के रूप मे कार्य करवाया गया है। वर्तमान सफाई ठेकेदार मेसर्स ओम प्रकाश खण्डेलवाल को पावटा प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा 100 सफाई कर्मचारियों का ठेका दिया हुआ है। लेकिन ठेकेदार कंपनी द्वारा 40 से 50 सफाई कर्मचारियों से तीन बीट मे कार्य करवाकर उनका शोषण किया जा रहा है। बाकी सफाई कर्मियों के पारिश्रमिक का गबन कर राजकोष को हानि पहुंचाई जा रही है। वहीं सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड करते हुए सुविधा भी नहीं दी जा रही है। वहीं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए भविष्य निधि राशि भी जमा नहीं करवाई जा रही हि है। जिसकी जांच की मांग की गई। सफाई कर्मचारियों ने मांग की है कि जब तक सरकार द्वारा स्थाई कर्मचारियों की स्वीकृति नहीं मिल जाती है तब तक सभी सफाई कर्मचारियों को नगरपालिका द्वारा संविदा मस्टरोल पर रख कर कार्य करवाया जाए व ठेकेदारी प्रथा बंद की जाये। वही सफाई कर्मचारियों ने अधिकारियों से अपना वास्तविक हक दिलाने व शोषण से मुक्ति दिलाने की मांग की। इस मौके पर निरंजन कुमार, सुंदरलाल, नरसीराम, कमलेश, अर्जुनलाल, ओमप्रकाश, संतरा देवी, मीरा देवी, मैना देवी, बीना देवी, सन्नी सारवाण सहित सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### महाविद्यालयों में हिन्दी दिवस मनया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य कुलदीप सिंह ने हिन्दी भाषा के बारे में बताया कि हिन्दी भाषा आज विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।

इसी क्रम में द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल मावलिया ने प्रसिद्ध कविता लहरो से डर कर नौका पार नही होती सुना कर छात्राओ को कठिन परिश्रम के लिए प्रेरित किया। डॉ. सुरेश कुमार जाट ने बताया कि उत्तर भारत में सर्वाधिक प्रचलित हिंदी भाषा को अपने व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ रामजी लाल मीणा, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय, डॉ. आर. के बुनकर, दीपक वर्मा व स्थानीय महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे ।

इसी तरह श्रीमाधोपुर कस्बे के जीडीएमएल पटवारी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ सुमित्रा गुप्ता एवं छात्रा निशा सोनी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर कविता पाठ, नाटक, हिन्दी भाषा की उत्पत्ति, विकास, राजभाषा एवं हिंदी जगत के महान् कवियों , लेखकों को याद करते हुए व्याख्याता सुमन चौधरी, पूनम जागिड़, पवन सैनी, रंजना शर्मा ने उद्बोधन दिया। घनश्याम डोरवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ श्रीमाधोपुर मुख्यालय पर चल रहा राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। शिविर संचालक मधुसूदन शर्मा ने बताया कि 9 सितंबर से चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान ट्रेनिंग काउंसलर द्वारका प्रसाद शर्मा, रामनारायण शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, डॉ. सुमित्रा अग्रवाल सहित ट्रेनिंग टीम के सदस्यों ने बसावट आंदोलन का ज्ञान प्रथम द्वितीय सोपान के गांठे द्वितीय तृतीय सोपान स्काउट प्राथमिक सहायता शिष्टाचार लेसिंग्स मैपिंग अनुमान लगाना सिगनैलिंग आपदा प्रबंधन बैज लॉग बुक सेवा लॉग बुक का ज्ञान व बैजेज का पाठ्यक्रम, टेसल फ्लैग ,पोल पट्टी व झोल ध्वजारोहण दूरी गहराई व ऊंचाई का अनुमान लगाना , खोज के चिन्ह , किम गेम वाइड गेम, नाइट गेम ,कैंप फायर ,पंजीकरण प्रक्रिया हेतु आवेदन पत्र भरना व यूआईडी तैयार करना ,रात्रि गीत , केम्पफ़ायर गीत की जानकारी, समस्या समाधान, ध्वज अवतरण के साथ शिविर के समापन की घोषणा की गई। स्थानीय संघ के सचिव अशोक तिवाड़ी मऊ ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर एवं नरेश शर्मा ए एल टी ने शिविर का निरीक्षण कर संभागियों को स्काउट के बारे में विभिन्न जानकारी प्रदान की। शिविर में 54 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

### नशा नहीं करने के लिए जागरूक किया

**किशनगढ़बास, (निसं)।** तालुका विधिक सेवा समिति किशनगढ़बास द्वारा कस्बे में नशा मुक्ति को लेकर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर मंजू यादव ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर आमजन से सहयोग की अपील की। इस दौरान युवाओं को नशे से दूर रहने व नशा नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव राजकुमार जैमन ने बताया कि तालुका विधिक सेवा समिति किशनगढ़बास अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 01 के जज प्रशांत चौधरी के निर्देशानुसार किशनगढ़बास के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शिविर लगाकर पीएलवी पवन कुमार व पीएलवी हेमसिंह परमार द्वारा छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को विधिक जानकारी प्रदान की गई।

### जांगिड़ समाज की बैठक आज

**पीपलू, (निसं)।** श्री विश्वकर्मा मंदिर मे जांगिड समाज की बैठक श्री विश्वकर्मा मंदिर पीपलू में शुक्रवार को दोपहर 2 बजे तहसील सभा अध्यक्ष एडवोकेट हनुमानप्रसाद जांगिड रानोली व सम्मेलन समिति अध्यक्ष शंकरलाल जांगिड बनवाडा की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

# कलेक्टर व एसपी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

**अलवर, (निसं)।** विधानसभा आम चुनाव 2023 की तैयरियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुखराज सेन व पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने जिले के सघन दौरे पर रहकर अलवर ग्रामीण, रामगढ़ एवं लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्थान-हरियाणा सीमा के पास स्थित मतदान केंद्रो का निरीक्षण कर केंद्र एवं सीमावर्ती क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने आमजन से बातचीत के दौरान कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष,भय मुक्त व शांतिपूर्वक चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में जिला प्रशासन व पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के दबाव, प्रलोभन आदि की चुनाव से जुड़ी सूचना को स्थानीय व जिला प्रशासन व पुलिस को साझा करें। संबंधित व्यक्ति की सूचना गोपनीय रखी जावेगी तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मतदान केंद्रों पर बीएलओ को निर्देश दिए की कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे इसलिए सभी पात्रा व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जोड़े। मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता के साथ सम्पादित करे। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रो पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लेंवे। मतदान जागरूकता गतिविधियां व्यापक रूप से करावे जिसमें आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने अवगत कराया कि योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने देसूला, ढाढोली, बहाला, बगडमेव, बीजवा, नौगांवा, हाजीपुर, बरवाडा, सिरमौर, मौलिया, गंडूरा, बडौदामेव व लक्ष्मणगढ कस्बे के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीले चावल बांटे

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा विधानसभा में 16 सितंबर को परिवर्तन संकल्प यात्रा शाहपुरा पहुंचेगी। भाजपा शाहपुरा विधानसभा मीडिया प्रभारी एवं मीडिया संयोजक मनोज कुमार टांक ने बताया कि परिवर्तन संकल्प यात्रा के तहत एनएचएआई ऑफिस के पास, मंडी तिराहा शाहपुरा में दोपहर 2 बजे विशाल आम जनसभा का आयोजन राजस्थान पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में किया जाएगा। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के भाजपा पदाधिकारी एवम वरिष्ठ कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इसके तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने शाहपुरा विधानसभा के शाहपुरा नगर मंडल, शाहपुरा देहात मंडल, खेजरोली मंडल, अमरसर मंडल, मनोहरपुर मंडल में घर-घर जाकर परिवर्तन संकल्प यात्रा को सफल बनाने तथा विशाल आम जनसभा में पहुंचने के लिए लोगों को पीले चावल एवं पंपलेट बांटी।

# महात्मा गांधी सेवा प्रेरक भर्ती के साक्षात्कार लिए

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** राजस्थान सरकार के शांति एवं अहिंसा विभाग द्वारा द्वारा जारी महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की भर्ती के चयन को लेकर नगर पालिका किशनगढ़ बास पर आवेदकों के साक्षात्कार प्रारम्भ हुए जिसमें तहसीलदार भंवर सिंह की अध्यक्षता में चयन समिति के सदस्यों द्वारा साक्षात्कार लिया गया जिसमें नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से 13 तक के साक्षात्कार लिए गये।

■ 96 जनों ने आवेदन किया

नगर पालिका किशनगढ़ बास के कुल 13 वार्डों से 96 आवेदकों द्वारा महात्मा गांधी सेवा प्रेरक की भर्ती के लिए आवेदन किया गया। महात्मा गांधी सेवा प्रेरक की भर्ती साक्षात्कार में तहसीलदार किशनगढ़ बास भंवर सिंह की अध्यक्षता में साक्षात्कार कमेटी में टीना शर्मा , महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के ब्लॉक संयोजक नूरमोहम्मद,महात्मा गांधी जीवन दर्शन विशेषज्ञ सूरजभान कछवाहा, सहसंयोजक फकीरचंद मौजूद रहे।


किशनगढ़ बास नगर पालिका में तहसीलदार भंवर सिंह ( बीच में ) की अध्यक्षता में कमेटी के सदस्यों ने साक्षात्कार लिए।

### 47 यूनिट रक्त एकत्रित

**श्रीमाधोपुर,** कस्बे के रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज एवं गोपाल कृष्ण सेवा समिति की ओर से गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। क्लब के पूर्व सह प्रांतपाल डॉ. माधव सिंह व गिरिराज कयाल ने बताया कि कैंप चौधरी नाथूराम भामू रोटरी क्लब भवन में आयोजित किया गया जिसमें 47 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया । शिविर मे मित्तल ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण किया ।क्लब की ओर से रक्तदाताओं को सम्मानित किया वहीं समिति के सचिव ईश्वर मेहरचंदानी को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर दिलीप सिंह शेखावत, सुरेश चोटिया, सागरमल शर्मा आदि मौजूद रहे।


1480
14.9.23

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) **वाद सं. 236/23**

**विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।**

प्रार्थी-नाम दीपक नेभनानी पुत्र हीरालाल नेभनानी जाति सिन्धी
निवास स्थान- R/o 165 गुरूनानक देव मार्ग, कँवर नगर, जयपुर राज.
मृतक रमेश नेभनानी की सम्पत्ति के विषय में।

**पेशी दिनांक - 20.10.2023**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम रमेश नेभनानी पुत्र स्व. कोडोमल नेभनानी जाति सिन्धी निवासी 165, कँवर नगर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे ।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 20 माह 10 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 12 माह 09 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थी ने मृतक रमेश नेभनानी के नाम प्रार्थना पत्र में वर्णित शेयर्स बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।

आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
(मुहर) जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर द्वितीय


# मृतकों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के 2 करोड़ 37 लाख रुपये मिलेंगे

**सांभरझील, (निसं)।** दुर्घटना में मृत्यु कारित होने पर मृतकों के आश्रितों की ओर से मोटर वाहन अधिनियम के तहत न्यायालय में पेश की गई क्षतिपूर्ति प्रार्थना पत्र वास्ते दिलवाले जाने क्षतिपूर्ति राशि के वाद का निपटारा करते हुए अपर जिला न्यायाधीश नीरज भामू ने दुर्घटना में मारे गए तीन मृतकों के आश्रितों के पक्ष में अलग-अलग राशि का निर्धारण कर ब्याज सहित करीब 2 करोड़ 37 लाख क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने के अधिकारी मानते हुए अवार्ड पारित किया है।

उक्त क्षतिपूर्ति राशि संयुक्तत: है एवं पृथकत: प्रार्थीगण कालूराम पुत्र कोलाराम, निवासी काजीपुरा तहसील सांभर (वाहन ट्रैक्टर चालक), सुभान पुत्र खाजू, निवासी इस्लामपुर नरायना (जयपुर) एवं युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड जरिए प्रबंधक, कार्यालय दिगंबर जैन धर्मशाला एमआई रोड जयपुर से प्राप्त करने के अधिकारी हैं, तथा राशि पर क्षितपूर्ति प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने की तारीख से वसूली तक ब्याज के अनुसार 6 साधारण वार्षिक दर से ब्याज भी प्राप्त करने की अधिकारी होंगे। मृतक सुनील कुमार सोनी की तरफ से पत्नी सुनीता सोनी उर्फ सुनीता देवी, मृतक का पुत्र हर्षित सोनी, पुत्री वंशिका व माता शांति देवी निवासी चौबदारों का मौहल्ला सांभरलेक, मृतक सुमित्रा की तरफ से उसके पति प्रदीप कुमार व अन्य निवासी प्लॉट नंबर 14, समेजा कोठी रायसिंह नगर, श्रीगंगानगर हाल निवासी कृषि विहार ग्राम बदरवास मानसरोवर, मेट्रो स्टेशन के पास, तहसील सांगानेर जिला जयपुर व प्रदीप कश्यप की तरफ से उसकी धर्मपत्नी मीनू व अन्य निवासी कश्यप भवन, रेलवे स्टेशन के पास, सांभरलेक, जिला जयपुर की ओर से अधिवक्ता रामधन सारण के जरिए न्यायालय में क्षितपूर्ति क्लेम पेश किया था। प्रार्थीगण के अधिवक्ता रामधन सारण ने बताया कि 25 सितंबर 2018 को प्रदीप सिंह उर्फ दीपक करीब 2 बजे अपने परिचितों सुनील कुमार, सुमित्रा, सुनीता देवी, महक व अन्य के साथ सांभर से टेंपो गाड़ी से फुलेरा की ओर जा रहे थे। उक्त टेंपो को प्रदीप सिंह चला रहा था, ये सभी ईरोलाव गांव के पास पहुंचे तो सामने से एक बिना नंबर ट्रैक्टर के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर साइड में चल रहे उक्त टेंपो के कच्चे रास्ते में उतार देने के बावजूद रॉंग साइड में आकर जोरदार टक्कर मारी जिससे प्रदीप व साथ बैठे सुनील, सुमित्रा, सुनीता, महक अन्य के गंभीर चोटें आई थी, जिसमें प्रदीप सिंह सुनीता एवं सुनील की उक्त एक्सीडेंट में आई चोटों के कारण मृत्यु हो गई थी। इस मामले में न्यायालय में सुनीता व अन्य की याचिका स्वीकार करते हुए 82 लाख 24 हजार 120 रुपए, प्रदीप व अन्य के पक्ष में 91 लाख 10 हजार 980 रुपए का अवार्ड पारित किया है।

# परिवर्तन संकल्प यात्रा में पहुंचने की अपील

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** पूर्व विधायक रामहेत यादव ने किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के 25 गांवों का दौरा कर गांव की चौपाल पर कांग्रेस की सरकार को नकारा करार देते हुए कहा 5 साल पूरे होने पर भी सरकार वादों को पूरा करने में विफल रही है वहीं इन 5 सालों में अपराधों में राजस्थान पहले नंबर पर पहुंच चुका है। इस लिए आने वाली 21 व 22 तारीख किशनगढ़ बास व बीबीरानी पहुंच रही परिवर्तन संकल्प यात्रा के स्वागत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रामहेत सिंह यादव को और भाजपा को मजबूत बनाएं।

परिवर्तन यात्रा को लेकर गांव-गांव की चौपाल पर पहुंच रहे पूर्व विधायक रामहेत यादव के साथ चल रहा काफिला गुरुवार को किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के गांव नरवास बिलाहेडी खेडी बिलियावास रामपुर गुजरीवास बघाना जखौपुर कासिमपुर बड़सरा मेवली खानपुर डागरान झापरी खैराल तिगांवा खैडा अहीर बासना पाटन अहीर गुणसार खोहरा ठाकरान सहित 25 गांवों की चौपाल पर पहुंचा।

इस दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव ने चौपाल पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा 10 साल लगातार आप लोगों ने आशीर्वाद देकर मुझे विधायक बनाया पिछली बार के चुनाव में थोड़े से वोटो के अंतर से चुनाव हार गए लेकिन मुझे आप लोगों की ताकत ने कमजोर नहीं होने दिया और मैं लगातार आप लोगों के बीच संपर्क में रहा और पूरे 5 साल कांग्रेस सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लडाई लडी है।


**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म Shri Ganesh Colonizer पता-राज बाजार, फुलेरा, जिला-जयपुर-303338 पंजीयन संख्या 13(R)169/2014 में दिनांक 01.04.2023 से भागीदार श्री राजेश निठारवाल रिटायर हो गये है। सूचित रहे। यदि किसी को आपत्ति हो तो 07 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर (शहर) में आपत्ति दर्ज करावें।

For-Shri Ganesh Colonizer
Shambhu Dayal Khandelwal, Advocate
Suresh Kumar Khandelwal, Advocate
Phone No.-2619547



D No 2731
14.9.2023

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) **वाद सं. 4416/2023**

**विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।**

प्रार्थी-नाम प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र श्री रामविलास जाति महाजन
निवास स्थान- R/o 39 लेन नं.1, गोपालबाडी, अजमेर रोड, जयपुर
मृतक इन्द्रा गुप्ता की सम्पत्ति के विषय में।

**पेशी दिनांक - 31.10.2023**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम इन्द्रा गुप्ता पत्नि प्रमोद कुमार गुप्ता जाति महाजन निवासी 39 लेन नं.1, गोपालबाडी, अजमेर रोड, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 31 माह 10 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 14 माह 09 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थी ने मृतक इन्द्रा गुप्ता के नाम प्रार्थना पत्र में वर्णित शेयर्स बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।

आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम
(मुहर) जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई -निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-द्वितीय, उत्तर पश्चिम रेलवे, उदयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु ऐसी एजेंसियों से, जो निर्धारित अर्हकता पूरी करते हों, उनसे "दो पैकेट सिस्टम" के अंतर्गत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा सूचना संख्या: NDT-DOHM-GC-T-3R. दिनांक: 13.09.2023. कार्य का नाम स्थान सहित:** Dismantling of existing metre gauge track including turnouts, dismantling of old bridges and building structures, construction of major and minor bridges, earthwork in cutting and filling, blanketing, construction of new station buildings, other service buildings, platforms. PF shelters, circulating areas, staff quarters, underground and overhead RCC water tanks, Road Over Bridge, Road Under Bridges, level crossing, supply of track ballast, laying and linking of new BG and MG track including turnouts, SEJs, transportation of P-way material and carrying out all other ancillary civil works, track works and Electrical (General) works from Chainage 51000 to 90000 between Devgarh Madariya (including) and Lawa Sardargarh (excluding) and at Marwar Jn in connection with Nathdwara - Devgarh Madariya Gauge Conversion Project. **कार्य की अनुमानित लागत:** रू. 279,42,94,750.21. **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रू. 1,00,00,000.00. **ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 10.10.2023 को 15:00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है:** www.ireps.gov.in **कार्यालय ई-मेल का पता:** dyce02udz@gmail.com

984-AK/23

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


### मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई

**पावटा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरुवार दोपहर को पावटा कस्बे में घंटाघर के पास भाजपा कार्यालय पर हरियाणा होडल भाजपा विधायक जगदीश नायर द्वारा व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विधायक जगदीश नायर ने कहा कि केंद्र सरकार का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा हुआ है। केंद्र सरकार ने भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाया है। पहले केंद्र में कांग्रेसी सरकार के समय भारत में चाइनीज कंपनियों का बोलबाला था। परन्तु 2014 से केंद्र में सत्ता संभालने के बाद भारत रक्षा, व्यापार, शिक्षा, कृषि, औद्योगिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की ओर अग्रसर है। कोरोनाकाल में भी 20 लाख करोड रुपए के आर्थिक पैकेज की घोषणा कर भारत के उद्योग और व्यापार जगत को उभारा गया। पीएम मोदी ने मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। एक तरफ केंद्र सरकार की उपलब्धियां हैं तो दूसरी तरफ राजस्थान में भ्रष्ट और धोखेबाज अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार है, जिन्होंने व्यापारियों, किसानों, युवा, महिलाओं और हर वर्ग के साथ धोखा देकर वोट लिया। केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन के सामने रखने के लिए व्यापारियों के साथ इस बैठक का आयोजन कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को व्यापारियों के साथ सांझा किया गया।

# लालसोट में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की निर्झरना तहसील मुख्यालय पर राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित 67 वीं जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता छात्र-छात्रा 14 साल आयु वर्ग का समापन समारोह गुरुवार को विधिवत किया गया।

इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा रहे। इस समापन समारोह को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी नरेंद्र ने कहा कि खेलकूद के दौरान होने वाले शारीरिक व्यायाम से मस्तिष्क स्वस्थ रहने के साथ मन में सकारात्मक का संचार होता है जो हमारे विकास का घोतक होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच प्रद्युमन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट प्रकाश शर्मा व जगदीश, बिहारी लाल वर्मा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, प्रहलाद मंडावत, गिर्राज भाटाला, हीरालाल मीणा, सरपंच प्रीतम सिंह, कन्हैया लाल शर्मा प्रधानाध्यापक की उपस्थिति में समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन समारोह में एसडीएम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीते हुए छात्र आगे की तैयारी करें एवं हारे हुए प्रतिभागी वापसी तैयारी में जुटे और बताया कि खेलों से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए खेल जरूरी है। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं में विजेता रहे खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया एवं प्रोत्साहित किया गया। समापन समारोह के कार्यक्रम में अतिथि एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन गिर्राज पारीक द्वारा किया गया। इस अवसर पर रितु रिपु सुदन गौतम, सुमित शर्मा,दिनेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, जयप्रकाश, योगेश शारीरिक शिक्षक एवं कमलेश गौतम, विमलेश शर्मा, कैलाश नापित,मुकेश पुरोहित, अविनाश शर्मा, नाथूलाल मीणा, दिनेश सैनी, मंजू खंडेलवाल अध्यापक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

■ खेलकूद से सकारात्मक का संचार होता है : एसडीएम


लालसोट के निर्झरना तहसील मुख्यालय पर खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर एसडीएम नरेंद्र कुमार मीणा ( बाएं से दूसरे ) ने विजेता टीमों को सम्मानित किया।

### जूडो व बॉक्सिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के एस बी एन सीनियर सैकेंडरी स्कूल श्रीमाधोपुर के खेल मैदान पर आयोजित जूडो व बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें नीमकाथाना जिले के प्राथमिक स्तर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह में सचिव इंजीनियर प्रदीप धायल, निदेशक डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल, प्रधानाचार्य सागरमल चौधरी व कॉर्डिनेटर मुकेश पुरी गोस्वामी ने अध्यक्षता की। खेल आयोजन सचिव बनवारी लाल जितरवाल ने बताया कि जूडो छात्र वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माणकसास ने चैंपियनशिप पर कब्जा किया तथा एस बी एन स्कूल श्रीमाधोपुर उपविजेता रहा।जुड़ो छात्रा वर्ग में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खनीपुरा श्रीमाधोपुर विजेता व एस बी एन स्कूल श्रीमाधोपुर उपविजेता रहा। बॉक्सिंग में एस बी एन स्कूल श्रीमाधोपुर विजेता व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खनीपुरा उपविजेता रहा ।इस प्रतियोगिता में एस बी एन स्कूल श्रीमाधोपुर ने 5 स्वर्ण पदक 9 रजत और 11 कांस्य पदक सहित कुल 25 पदक अपने कब्जे में किये। प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक सतवीर सिंह, संयोजक महेन्द्र सिंह खंडेला व निर्णायक सुखदेव रॉयल ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नीमकाथाना जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन हुआ है ।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** **केटरिंग ठेकों के ई-ऑक्शन सूचना**

**संख्या: सी-45/1/केटरिंग/ई-ऑक्शन/2022 दिनांक: 14.09.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | जयपुर मण्डल के विभिन्न श्रेणी के रेलवे स्टेशनों पर पार्किंग, एसएलआर लीजिंग, विज्ञापन, पे एंड यूज, एटीएम, केटरिंग स्टॉलों के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन। |
| 2. | कार्य की अवधि | 1. पार्किंग-03 वर्ष 2. एसएलआर लीजींग-02 वर्ष 3. विज्ञापन-03 वर्ष 4. पे एंड यूज-03 वर्ष 5. केटरिंग स्टॉल-05 वर्ष 6. एटीएम-05 वर्ष। |
| 3. | लॉट के ई-ऑक्शन प्रारम्भ की तिथि एवं समय | 1. PKG 23 दिनांक 22.09.2023 को 11:00 बजे। 2. CATG 21 दिनांक 22.09.2023 को 10:00 बजे। 3. ADVT 29 दिनांक 22.09.2023 को 11:00 बजे। 4. SLR 33 दिनांक 22.09.2023 को 11:00 बजे। 5. PnU 18 दिनांक 22.09.2023 को 11:00 बजे। 6. ATM 06 दिनांक 22.09.2023 को 11:00 बजे। |

**वेबसाइट जहां से लॉट वाइज ई-ऑक्शन के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** www.ireps.gov.in

985-AK/23 हमें /NWRailways पर फॉलो करें

## संक्षिप्त

### प्रेरकों का चयन आज

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** शांति एवं अहिंसा विभाग राजस्थान के शासन सचिव जयपुर के आदेश अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों का चयन करने हेतु उपखंड स्तरीय समिति का गठन करते 15 सितंबर 2023 को शहरी व नगर पालिका क्षेत्र बर्डोद के प्रत्येक वार्ड हेतु महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों का चयन किया जाएगा। वहीं साक्षात्कार प्रक्रिया में शाम 2:00 बजे से 6:00 तक कार्यालय नगर पालिका बर्डोद के सभागार में साक्षात्कार प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन के लिए सत्यापन गठित समिति जिसमें अधिशासी अधिकारी, कनिष्ठ सहायक नगर पालिका बर्डोद एवं कनिष्ठ तकनीकी सहायक नगर पालिका बर्डोद सत्यापन समिति द्वारा किया जाएगा।

### विधायक मंजीत का जन्मदिन मनाया

**बहरोड़/ मुंडावर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के मुंडावर विधायक मंजीत धर्मपाल चौधरी का जन्मदिन पर मंगलवार को नीमराणा के गरवान सिद्ध बाबा मंदिर पर माला पहनाकर गुलदस्ता भेंट कर मनाया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक अनिल शर्मा, मुंडावर विधानसभा संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ बजरंग शर्मा उर्फ गोरखा एवं योगेश वशिष्ठ, निरंजन बारी, महिपाल चौहान, राहुल वशिष्ठ, निरंजन सेन, चेतन चौहान, चंदन भारद्वाज, अमन प्रजापत, सक्षम सेन, सौरभ सिंह उर्फ लाला आदि सहित अनेक कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई खिलाते फूल मालाओं से स्वागत करते गुलदस्ता भेंट किया।

### चाय की थड़ी हटाने की मांग

**टोंक, (निसं)।** इकबाल मेहमूद पुत्र हफीजुल्ला खा निवासी बडा कुआं शार्गिद पेशा टोंक ने जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर अवैध रूप से चाय की थडी द्वारा सरकार राजमार्ग को अवरूद्ध करने के कारण उसे हटाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में बताया कि बडा कुआं सब्जी मंण्डी रोड, चौराहे सुनारो के मन्दिर के सामने के बाहर गिर्राज गोयल ने अतिक्रमण कर चाय की थडी लगाकर आमजन को परेशान किया जा रहा है। जिस हेतु नगर परिषद टोंक को पूर्व में पत्र दिया था परन्तु कोई कार्यवाही नही की गई, जिससे आमजन परेशान हो रहे है।

# 'भाजपा की सरकार आते ही मालपुरा में फिर से परम्परागत मार्ग से जुलूस निकलेगा'

- जनता की अदालत में मतदाता कांग्रेस के पेपर लीक व महिला हत्याचार जैसे अपराधों का फैसला सुनायेगा : पूनिया
- मालपुरा पहुंची परिवर्तन संकल्प यात्रा के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब, छोटा पड़ा सभास्थल

**मालपुरा, (निसं)।** राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार प्रदेश में चल रही परिवर्तन की लहर से भाजपा की सरकार भी बनेगी और मालपुरा में फिर से परम्परागत मार्ग से ही भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा, दशहरा का जूलूस व स्टेट हाईवे से ही शिव कावड यात्रा निकलेगी।

यह उद्‌गार पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने मालपुरा में आयोजित परिवर्तन यात्रा की जनसभा में उमड़े अपार जनसमुह को सम्बोधित करते हुए कहे। भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा गुरूवार को मालपुरा पहुंची।

परिवर्तन यात्रा के भगवा रथ के साथ चल रहे डेढ सौ अधिक वाहनों के काफिले का सभास्थल पहुंचने पर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर, धीरज गुर्जर, अजीत मेहता, मंडल अध्यक्ष त्रिलोक जैन, नरेन्द्र जैन, संत कुमार जैन, पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, प्रधान सकराम चौपडा व राधा देवी सहित भाजपाईयों ने आतिशबाजी कर पुष्पवर्षा से स्वागत



मालपुरा पहुंची भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति व सतीश पूनिया ने संबोधित किया।

किया। मंचाशीन केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कांग्रेस सरकार को जमकर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गहलोत सरकार के कार्यकाल में 17 बलात्कार व 5 हत्याएं प्रतिदिन होने के साथ-साथ किसानों के कर्ज माफी के झूठे वादों से तंग किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं। लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश ने विकास कार्य के साथ-साथ युवा व किसान सहित आमजन की समस्याओं को नजर अंदाज कर अपनी कुर्सी बचाने के लिए दिल्ली से जयपुर के बीच फेरे लगाने में ही 5 साल बिता दिये।

इस दौरान पूनिया ने कहा कि, कांग्रेस सरकार में बार-बार हुए पेपर लीक व बढ़ रहे महिला हत्याचार जैसे अपराधों का जनता की अदालत में इस बार मतदाता अपने मतदान से फैसला सुना गहलोत सरकार को आईना दिखाते हुए राजस्थान से कांग्रेस की विदाई कर एक नया इतिहास रचेगा। विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि, मुख्यमंत्री गहलोत ने मालपुरा के साथ सोतेला व्यवहार कर 30 साल से हो रही कांग्रेस की करारी हार का बदला लेने के लिए मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा नही की। यहां तक की टोडारायसिंह को दो भागों में बांट टोंक व केकडी में शामिल कर दिया।

डिग्गी में संत सियाराम बाबा की हुई निर्मम हत्या के षडयंत्र के तार कांग्रेस के लोगों से जुड़े होने के चलते कांग्रेस सरकार के ईशारे पर ही हत्यारों की गिरफ्तारियां नहीं हो रही।

टोंक जिले के तीन दिवसीय दौरे के अन्तिम दिन मालपुरा विधानसभा के टोडारायसिंह व मालपुरा के संजय मार्केट सहित टोरडी व पचेवर में हुई स्वागत सभाओं में उमडे 8 से 10 हजार लोगों की भीड ने परिवर्तन यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया। साध्वी ने तीर्थ स्थल डिग्गी में कल्याणधणी के दर्शन कर प्रदेश में भाजपा की सरकार व देश में मोदी सरकार के साथ-साथ सनातन धर्म पर अमर्यादित टिप्पणी करने वालों को सजा की कामना की।

## कार रैली का स्वागत किया

**कोटपूतली, (निसं)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 द्वारा डायबिटीज व कैंसर अवेयरनेस कार रैली का कोटपूतली में लायंस क्लब कोटपूतली सिटी द्वारा स्वागत किया गया। पूर्व पीएमओ डॉ. आर. आर. यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में 100 से अधिक कारों के काफिले से ऐतिहासिक रैली निकाली गई। कार रैली पूतली कट के सामने से प्रारम्भ होकर डायबिटीज व बच्चों के कैंसर के प्रति जागरूकता के संदेश के साथ निकाली गई। जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। रैली में रीजन कार रैली कॉर्डिनेटर अरुण गर्ग, जोन चेयरपर्सन व क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ. अरविंद मित्तल, कार रैली संयोजक अशोक गोयल व कमल किशोर गुप्ता, घनश्याम अथोनिया, डॉ. दीपक मित्तल, डॉ. महेंद्र पलसानियां, ज्योति प्रकाश मोदी, मनोज गर्ग, लायंस क्लब पावटा, नीमकाथाना, खैरथल की टीम, प्रदीप अग्रवाल, शशि मित्तल, बालकृष्ण सैनी, पूर्व चेयरमैन महेन्द्र सैनी, जितेंद्र शेखावत, पूरण कसाना व अनुराग जैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## वाहन चोर गिरफ्तार

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा पुलिस ने गुरूवार को एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सतीश अटल निवासी राजपुरा शाहपुरा का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने सामोद से भी मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए जयपुर ग्रामीण एसपी डॉ राजीव पचार के निर्देशन में शाहपुरा डीएसपी उमेश निठारवाल के नेतृत्व में एसएचओ सुरेंद्र कुमार ने कार्रवाई की।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता दूनी टीम का भव्य स्वागत

**टोंक, (निसं)।** दूनी तहसील मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तर पर अंडर-19 फुटबॉल टूर्नामेंट में विजय टीम का भव्य स्वागत किया गया।

प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार ने वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक शिवजी लाल जाट सहित विजेता खिलाड़ियों को साफा एवं मैडल पहनकर सम्मानित किया। विजेता टीम के कप्तान सावन कंजर ने बताया कि देवली में आयोजित 67वीं अंडर-19 फुटबॉल टूर्नामेंट में स्थानीय विद्यालय की टीम में उनियारा हायर सेकंडरी स्कूल की टीम को 2-0 से क्लीन स्वीप करते हुए विजय हासिल की । उप कप्तान श्रीराम गुर्जर ने बताया कि इससे पूर्व सेमीफाइनल में भी आर एन स्कूल थली को 2-0 से क्लीन स्वीप कर हराया था । शिक्षक सुरेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि स्थानीय



प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार ( बाएं ) ने विजेता खिलाड़ियों को साफा एवं मैडल पहनाकर सम्मान किया।

विद्यालय की टीम में से सलेक्शन कमेटी द्वारा पांच छात्रों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है इन छात्रों में रोहित दायमा,अयान खान, सुनील कुमावत, सावन कंजर, सुमित तेजस्वी तथा आरक्षित खिलाड़ी के रूप में रौनक कुम्हार का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट हनुमानगढ़ में भाग लेने हेतु 18 सितंबर को जाएंगे। जिला स्तर पर विजेता बनने पर विद्यालय के स्टाफ एवं गणमान्य नागरिकों ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

## हिन्दी को जीवन में आत्मसात करने का आव्हान

- हिन्दी दिवस पर पत्र लेखन प्रतियोगिता हुई

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित राजेश पायलट राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार एनएसएस व हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लुप्त होती पत्र लेखन विधा को प्रोत्साहित करने हेतु पाती अपनो के नाम पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पाती पिता को, पाती मां को, पाती मित्र को, पाती गुरु को, पाती प्रकृति को आदि विषयों को लेकर पत्र लिखे। प्रतियोगिता में खुशी शर्मा स्नातक तृतीय वर्ष ने प्रथम, मोहित शर्मा स्नातक तृतीय वर्ष ने द्वितीय एवं राजेंद्र धोबी स्नातक द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कर्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ के एल मीना ने बताया कि हिंदी राष्ट्रीय एकता और अखंडता की धुरी है तथा आत्म सम्मान की भाषा है। हमें हिंदी को अपनाना चाहिए और दैनिक जीवन में अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप मे अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंकर लाल मीना प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक शाखा लालसोट रहे , अध्यक्षता प्राचार्य डॉ के एल मीना ने की। एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी लोकेश कुमार मीना ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

वक्ताओ ने हिंदी के प्रचार प्रसार को बढ़ाने पर जोर दिया और प्राथमिक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हिंदी को रखने पर जोर दिया। प्रो पी एम मीना ने अपने सम्बोधन में हिंदी के विकास के लिए सरकार और आमजन की सम्मिलित जिम्मेदारी पर बल दिया।

इसी प्रकार प्रो प्रिया भारती शर्मा, प्रिया कुमारी मीना तथा छात्रा आंचु बैरवा, हर्ष शर्मा, कृष्ण कुमार योगी, नंदिनी औदीच्य, ज्योति बैरवा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कर्यक्रम अधिकारी कान्ता मीना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राधा अष्टमी धूमधाम से मनाने का निर्णय

**चाकसू, (निसं)।** मनोहरा तालाब स्थित श्री गोपीनाथ मन्दिर में. श्री गोपीनाथ मंदिर सेवा समिति की बैठक कैलाश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई

समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि बैठक में आगामी 23 सितंबर शनिवार को राधा अष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। जिसमें प्रातः अभिषेक, नवीन पोशाक धारण, फूल बंगला झांकी, एवं गुब्बारों और बंदरवालों से मंदिर की आकर्षक सजावट की जाएगी।

उछाल एवं बधाई गान जयपुर के कलाकारों द्वारा होगा। वहीं तीतरिया गांव निवासी कैलाश शर्मा का डिप्टी डायरेक्टर पद पर पदोन्नित होने पर समिति की ओर से स्वागत सम्मान किया जाएगा।

## हिन्दी दिवस मनाया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के पुराना फुलेरा तेजाजी चौक स्थित सामुदायिक भवन में गुरुवार को सांय 6 बजे हिन्दी दिवस प्राइवेट टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया।

संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और हिन्दी विषय के प्रखण्ड ज्ञाता क्षेत्र में गुरुजी के नाम से मशहूर परमेश्वर गांधी के नेतृत्व में हिन्दी भाषा की महत्ता के विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं, महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि हम हिन्द देश के निवासी है और हिन्दी हमारी पहचान है। अगर हम सब मिलकर संयुक्त रूप से प्रयास करें तो हिन्दी एक दिन विश्वभाषा जरूर बनेगी। संरक्षक लेखराज सैनी ने कहा कि भारतीय संविधान में हिन्दी को आधिकारिक भाषा के तौर पर दर्जा दिया गया है। इसके चलते आज बदलते वैश्विकरण के दौर में अंग्रेजी के बढ़ते प्रचलन के साथ हमे हिन्दी भाषा को नहीं भूलना चाहिए। इसी क्रम में कार्यक्रम को किशोर खारडिया, परमेश्वर गांधी, महेश तारवान ने संबोधित करते हुए हिंदी भाषा की श्रेष्ठता और महता पर प्रकाश डाला। इसके बाद निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में अव्वल रहने वालघ सुनीता सैनी, कोमल गवारिया, तनिष्क दोराया, कीर्ति कौर, मुस्कान कुमावत को स्मृति चिह्न देकर और समस्त प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन शिक्षक रमेश नागा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था सचिव किशोर खारडिया, उपाध्यक्ष महेश तारवान, संस्थापक योगेन्द्र गहलोत सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## हिन्दी दिवस पर कई आयोजन हुए

**कोटपूतली, (निसं)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद इकाई कोटपुतली द्वारा कस्बे के डाबला रोड़ स्थित ओ.एन.एस स्कूल के सभागार में भव्य विचार व काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत अध्यक्ष ओम प्रकाश भार्गव, अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष धूडा राम पदम, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद सुभाष चंद शर्मा एवम संतराम कश्यप थे।

मुख्य वक्ता ओमप्रकाश भार्गव ने हिंदी को लगाव व मिठास वाली भाषा बताते हुए आपसी संबंधों के विस्तार वाली भाषा बताया। अध्यक्षता करते हुए धूडा राम पदम ने हिन्दी युक्त हिंदुस्तान की बात रखी। शिक्षाविद सुभाष चंद शर्मा व संतराम कश्यप ने हिंदी को भारत की संस्कृति का वाहक बताया।

इसके पश्चात कवि पुरुषोत्तम शर्मा, सुभाष कुलदीप, डालचंद,ओम प्रकाश नमन, जयप्रकाश कोटिया, गुरुदयाल भारती, सुनील रावत, चिराग, रामसिंह जिद्दी, प्रमोद गुप्ता, रणवीर सिंह, दुर्गाप्रशाद मिश्रा एवं कवियत्री नेहा शर्मा, बीना सोनी, अनीता मिश्रा, कृष्णा यादव ने अपनी कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा का विराट स्वरूप प्रस्तुत कर तालिया बटोरी। संस्था निदेशक रामस्वरूप सैनी ने आभार व्यक्त किया।

## उपराष्ट्रपति धनकड़ ने केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान का दौरा किया

- वैज्ञानिकों व 8 राज्यों से आये उन्नत किसानों से संवाद किया

**मालपुरा, (निसं)।** वर्ष 1962 में अविकानगर संस्थान की हुई स्थापना के बाद पहली बार देश के सर्वोच्च पद व संवैधानिक पद पर आसीन देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने गुरूवार को केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में पहुंच संस्थान के वैज्ञानिकों व देश के 8 राज्यों से आये उन्नत किसानों से संवाद कर अविकानगर संस्थान में किये जा रहे नवीन तकनिकों के शोध कार्यों का जागरूक रहकर लाभ पहुंचाने की बात कही।

उपराष्ट्रपति के हैलीपेड पर उतरने पर अविकानगर संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर सहित सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने भेड की ऊन से बना गुलदस्ता व शॉल भेंट कर स्वागत व अगवानी की। कड़े सुरक्षा इंतेजामात के साथ डिग्गी हैलीपेड से अविकानगर



उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ( बाएं ) ने केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर का निरीक्षण किया।

पहुंचे उपराष्ट्रपति ने अविकानगर संस्थान के सेक्टर 12 में लगाई गई प्रदर्शनी में संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा नवीन तकनिकों से शोध कर एक साथ चार मेमने देने वाली अविशान भेड व सिरोही नस्ल की बकरी की प्रदर्शनी को देख निदेशक तोमर व वैज्ञानिकों की पीठ थप-थपाते हुए कहा कि देश के विकास में किसानों व खेती से जुड़ी संस्थाओं का सबसे बड़ा योगदान है। भारत देश आज विश्व में किसान व वैज्ञानिक की बदोलत ही महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से देश में जरूरतमंदों को फ्री चावल, गैंहू के साथ-साथ 60 रूपये किलो के दाम में दाल मिल रही है तो कृषि के क्षेत्र में भी भारत में कीर्तिमान स्थापित किया है।

अविकानगर संस्थान के विभिन्न सेक्टरों का दौरा कर निरीक्षण करने के साथ ही उपराष्ट्रपति ने संस्थान परिसर में बरगद का पौधा लगा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों व स्काऊट गाईड द्वारा किये स्वागत व बैण्ड-वादन से अभिभूत हुए उपराष्ट्रपति ने स्वयं 5 मिनट तक बच्चों के साथ ढोल बजा बैण्ड वादन करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान पूर्व विधायक जीतराम चौधरी,गोपाल गुर्जर,छोगालाल गुर्जर,प्रधान सकराम चौपडा,पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी,वरिष्ठ अधिवक्ता परशुराम चौधरी,बार अध्यक्ष प्रेमचन्द सैनी,आदि मौजूद रहे।

## डिडवाना में महंगाई राहत शिविर आज

**रामगढ़ पचवारा लालसोट, (निसं)।** उपखंड के डिडवाना ग्राम में शुक्रवार को युवा कांग्रेस दौसा इकाई का महंगाई राहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक पटेल ने बताया का युवा कांग्रेस राज्य भर में हर जिले में महंगाई राहत शिविर का आयोजन कर राजस्थान की जन जन की सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए युवाओं को प्रेरित कर रही है। इसी आयोजन के क्रम में दौसा युवा कांग्रेस इकाई जिले की लालसोट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डिडवाना में शुक्रवार को महंगाई राहत कैंप आयोजित कर रही है।

महंगाई राहत कैंप में चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सुधिन्धर मुड प्रदेश सह प्रभारी रिशेन्द्र महर प्रधान नाथू लाल मीना ,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक पटेल, सहित युवा कांग्रेस इकाई दौसा के समस्त पदाधिकारी शामिल होंगे। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक पटेल ने जिले के समस्त युवाओं को शिविर में शामिल होकर जन कल्याणकारी योजनाओं का आम जन में प्रचार प्रसार करने का आव्हान किया है।

## सार-समाचार

### हिंदी दिवस पर हुए अनेक कार्यक्रम

**राजगढ़, (निसं)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर प्राचार्य डॉक्टर राव सज्जन सिंह की अध्यक्षता मैं अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्य ने हिंदी भाषा को भारत वर्ष की प्राचीन भाषा बताते हुए भारत के लिए हिंदी को गौरव का विषय बताया। हिंदी भाषा तकनीक एवं रोजगार विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ शिव शरण कौशिक ने बताया कि विषय प्रवर्तन डॉक्टर देशराज वर्मा ने करते हुए कहां की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी का विस्तार हो रहा है इसमें रोजगार की विपुल संभावनाएं हैं। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ शिव शरण कौशिक ने बताया कि हिंदी भारत के राष्ट्रीय एकीकरण की भाषा है। खड़ी बोली एवं क्षेत्रीय भाषाओं के मध्य हिंदी सेतु का कार्य करती है। कृषि महाविद्यालय के प्रोफेसर बी एस शर्मा एवं पीएम मीणा ने हिंदी के अधिक से अधिक प्रयोग करने की बात कही। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाषा एवं काव्य पाठ प्रस्तुत किया। डॉ रतिराम जाटव, अशोक काकोडिया, प्रोफेसर शिव शर्मा, अशोक मीणा, डॉ रजनी मीणा, भगत सिंह, प्रोफेसर रचना जैन, डॉ अंशु महलावत एवं अन्य प्रवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आंचल मीणा ने किया।

### किशोरी मेले का आयोजन

**निवाई, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किशोरी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन राउमावि के प्राचार्य देवेंद्रपाल सिंह ने किया। किशोरी मेले में निवाई यूसीईईओ के सभी विद्यालयों की बालिकाओं ने भाग लिया। उक्त मेले में बालिकाओं ने सामाजिक सरोकार, गणित विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित मॉडल, चित्र, प्रदर्शनी एवं क्रियाशील मॉडल बनाकर विभिन्न स्टॉल लगाई। विद्यालय परिवार सहित अन्य विधार्थियों ने किशोरी मेले में लगी स्टॉल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मेले में उच्च माध्यमिक, माध्यमिक और प्रारंभिक श्रेणियों में प्रदर्शनी व स्टॉल लगाई गई। निर्णायकों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रथम तीन स्थान तय किए। किशोरी मेले में मेहमान प्राचार्य यामीन खान, प्राचार्य देवेंद्रपाल सिंह सहित विद्यालय के सुमन महावार, पूर्णिमा बोहरा, सुमन विजय, प्रहलाद गुर्जर, कुमकुम मौर्य, असमा बानो, राजेश सोनी, मनोज जैन, निशा भट्ट, कोशर सुलताना, अशोक चौधरी, पूजा बंसल, विनोद जैन, तनुजा माथुर सहित विद्यालय का स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और सभी ने मेले की उपयोगिता का लाभ उठाया।

### कैंसर को लेकर जागरूक किया

**बहरोड़/नीमराना।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांतपाल ओपी गग्गड के मुख्य आतिथ्य में बहरोड़ के खेल स्टेडियम में बच्चों में कैंसर एवं डायबिटीज विषय पर जागरूकता कार रैली परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया। रैली के दौरान लोगों को डायबिटीज़ एवं बच्चों में होने वाले कैंसर संबंधित छोटी छोटी बीमारियों के बारे में जानकारी के लिए रैली की गई। जिसमें प्रांतपाल द्वारा सभी सदस्यों को इस आयोजन पर धन्यवाद ज्ञापित करते बताया कि क्लब हमेशा मानव जगत में मानवता के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान चार्टर प्रेसिडेंट डॉक्टर सुरेंद्र यादव, महेश जैन , शिव शंकर गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष लॉयन विजय सिंह यादव, सचिव डॉ. रतनलाल यादव, राजकुमार जिंदल, डॉ जे आर राव, रामपाल कुमावत, उमेश लवानिया, महेश पारीक, अनिल अग्रवाल, केपी यादव, महेश यादव, दीवान सिंह, बृज राज सिंह, हंस राज, डॉक्टर अनिल गुप्ता सहित अनेक लॉयन सदस्य मौजूद रहे।

### बाल गृहों में जागरूकता कार्यक्रम हुए

**टोंक, (निसं)।** जिले में गुरुवार को राजकीय एवं निजी बाल गृहों में आवासित बालकों के मध्य विधिक जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक नवल खान ने बताया कि राजकीय किशोर गृह टोंक, आम्रपाली प्रशिक्षण संस्थान देवली एवं चेतना बाल गृह टोडारायसिंह में बच्चों ने निबंध, पोस्टर, स्लोगन, कविता एवं कहानी की प्रतियोगिता में भाग लिया। सहायक निदेशक ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले बालकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. रूबीना परवीन अंसारी एवं बाल कल्याण समिति अध्यक्ष-सदस्यों ने स्मृति चिन्ह, रजिस्टर एवं पेन देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष हेमराज चौधरी, शेफाली जैन, संदीप कांट्यिा, रामेश्वर पारीक सहित अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

### प्रियंका ने स्वर्ण पदक जीता

**कोटपूतली, (निसं)।** राज्य सरकार के खेल विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में निकटवर्ती ग्राम गोनेड़ा स्थित इलीट ग्लोबल स्कूल के पहलवानों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न भार वर्ग में पदक प्राप्त किये। विद्यालय की छात्रा पहलवान प्रियंका ने 72 किलो वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं अलग अलग भार भार वर्ग में छात्र नीरज, खगेंद्र व आजाद अमन ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक व छात्र प्रथमपर्व प्रताप सिंह तथा देवेंद्र कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। कुश्ती कोच विश्वराम गुर्जर ने बताया कि छात्रा वर्ग में पहलवान प्रियंका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पाली में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। विजेता खिलाडियों को विद्यालय आगमन पर ग्रामीणों द्वारा सम्मानित किया गया। ग्रामीणों द्वारा खिलाडियों को सम्मानित करते हुए उनको खेल के क्षेत्र में आगे बढने की प्रेरणा दी गई।

### कांग्रेस कमेटी की बैठक 16 को

**टोंकं, (निसं)।** एआईसीसी से नियुक्त राजस्थान विधान सभा चुनाव की ऑब्जर्वर पूर्व मंत्री एवं विधायक हरियाणा किरण चौधरी 16 सितंबर प्रातः 10 बजे जिला कांग्रेस कमेटी टोंक में बैठक लेगी। जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने बताया कि जिसमें टोंक जिला कांग्रेस संगठन से जुड़े पूर्व सांसद, वर्तमान विधायक गण, संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, पीसीसी सभी सदस्य, जिले के चारों विधानसभा प्रभारी गण, पूर्व जिला प्रमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष, वर्तमान प्रधानगण, वर्तमान नगर परिषद व नगर पालिका के सभापति गण, जिले के ब्लॉक अध्यक्ष गण, मंडल अध्यक्ष गण, कांग्रेस के अग्रिम संगठन, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण, कांग्रेस के वरिष्ठ जन के अलावा टोंक जिले के चारों विधानसभा के टिकट के दावेदार से भी वार्तालाप करेंगे।

### माली समाज की बैठक आज

**चाकसू, (निसं)।** महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान चाकसू अध्यक्ष राधेश्याम सैनी ने बताया कि अमावस्या शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से माली(सैनी) समाज की सामाजिक बैठक का आयोजन सावित्री बाई फुले सेवा संस्थान नगर पालिका स्किम के पास फागी रोड चाकसू पर किया जायेगा। जिसमें बालक /बालिकाओं शिक्षा समाज व्याप्त कुर्तियां एवं सामाजिक उत्थान समाज के संगठन समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन तथा सावित्री बाई फुले सेवा संस्थान की कार्यकारिणी तथा संस्थान के स्थान के सम्बंध व अन्य बिंदुओ पर विस्तृत चर्चा किया जाना प्रस्तावित है जिसमें चाकसू के आस पास के गांवों के लोग भाग लेंगे।

### छात्रवृति वितरण कार्यक्रम 17 को

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के जैन भवन परिसर में राठी फाउंडेशन के द्वारा आगामी 17 सितम्बर को प्रातः 11:30 बजे करीब 4 लाख रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ट्रस्टी कैलाश बैनाड़ा ने बताया कि फांउडेशन के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता के रुप में हर वर्ष करीब 4 लाख रुपये से अधिक की राशि छात्रवृति के रूप में दी जाती है। वहीं आगे बताया कि फाउंडेशन पिछले 14 वर्षों से फुलेरा क्षेत्र के बच्चों के हितार्थ कार्य कर रहा है।

### हिन्दी दिवस पर प्रतियोगिताएं हुईं

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्री लाल बहादुर शास्त्री कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ महाविद्यालय निदेशक जितेन्द्र शर्मा, प्राचार्य डॉ विनोद सैनी, एवं कार्यकारी निदेशक अवधेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता गणों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके पश्चात भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में भावना शर्मा प्रथम, पपीता द्वितीय, व नैना शर्मा तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में मुस्कान वर्मा प्रथम, सिमरन द्वितीय व मोनिका चौधरी तृतीय स्थान पर रही।

### निरीक्षण में पंचायत कार्यालय बंद मिला

**दूदू, (निसं)।** जिला परिषद दूदू मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय सिंह ने गुरूवार को ग्राम पंचायत साखून का औचक निरीक्षण किया के दौरान पंचायत कार्यालय बन्द पाया गया। इस दौरान इंदिरा रसोई का निरिक्षण कर संचालक आजीविका समूह को पूर्ण रूप से साफ सफाई व गुणवतापूर्ण भोजन के निर्देश दिए। कनिष्ठ सहायक को बिना सूचना अनुपस्थित रीने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा।



हर किसी की अपनी राय होती है। पूर्व खिलाड़ियों को अपने विचार साझा करने का पूरा अधिकार है लेकिन मैं नहीं मानता कि इस टीम में किसी तरह का अहंकार है।
- रविन्द्र जडेजा

भारतीय क्रिकेटर, कपिल देव की खिलाड़ियों को लेकर की गई टिप्पणी पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## जयदेव उनादकट



**वेस्टइंडीज** के खिलाफ तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय मैच में मंगलवार को जयदेव उनादकट 10 साल के लंबे अंतराल के बाद प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। जयदेव उनादकट को अक्षर पटेल की जगह मिली है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ही अपना आखिरी वनडे मैच खेल था। घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन करने के बाद वह एक बार फिर से भारतीय टीम में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उन्हें चुना गया था लेकिन प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंद फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

### एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस फुटबॉल टीम का ऐलान

## अंडर-23 टीम के साथ जाएंगे सुनील छेत्री, झिंगन और गोलकीपर गुरप्रीत बाहर



नई दिल्ली, 14 सितम्बर। चीन के होंगझू में इसी महीने होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस फुटबॉल टीम का ऐलान हो गया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने बुधवार (13 सितंबर) को 18 सदस्यीय मेंस टीम की घोषणा की।

एशियन गेम्स में फुटबॉल की -23 टीमों के मुकाबले ही होंगे। जिसमें सभी टीमों के 3 ही सीनियर खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। इससे पहले जब 1 अगस्त को 22 सदस्यीय भारतीय टीम शॉर्टलिस्ट हुई तब 3 सीनियर खिलाड़ी शामिल थे। सीनियर खिलाड़ियों में संदेश झिंगन, गुरप्रीत सिंह संधू और सुनील छेत्री थे, लेकिन अब केवल छेत्री को जगह मिली है। टूर्नामेंट में 23 टीमें हैं, जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है, ग्रुप ए, बी, सी, ई और एफ में प्रत्येक में चार टीमें हैं, जबकि ग्रुप डी में तीन टीमें हैं। भारत की मेंस टीम को ग्रुप ए में मेजबान चीन, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ रखा गया है।

एशियन गेम्स इसी साल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर के बीच चीन के हांगझू में होंगे। भारत ने एशियन गेम्स (1951 और 1962) में 2 गोल्ड मेडल जीते हैं। टीम 1970 में एक ब्रॉन्ज मेडल भी जीत चुकी है। क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमैक के नेतृत्व में नेशनल टीम ने चैंपियनशिप जीतकर एक बार फिर फीफा रैंकिंग में टॉप-100 क्लब में प्रवेश किया है।

भारतीय मेंस और विमेंस फुटबॉल टीम को एशियाड के लिए भारत सरकार ने विशेष अनुमति दी है। भारतीय टीम को 2018 के एशियाड में खेलने की अनुमति नहीं मिली थी। खेल मंत्रालय का नियम कहता है कि टीम इवेंट में केवल एशिया टॉप -8 रैंक में शामिल टीमों को ही जाने की अनुमति मिलेगी। आखिरी बार टीम ने 2014 के एशियाड में हिस्सा लिया था।

एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम: गुरमीत सिंह, धीरज सिंह, सुमित राठी, नरेंद्र गहलोत, अमरजीत सिंह कियाम, सैमुअल जेम्स, राहुल केपी, अब्दुल रबीह, आयुष देव छेत्री, ब्रायस मिरांडा, अजफर नूरानी, रहीम अली, विंसी बरेटो, सुनील छेत्री, रोहित दानू, गुरकीरत सिंह और अनिकेत जाधव।

# अभ्यास पर लौटे श्रेयस अय्यर

### बैक इंजरी की वजह से पहले दो सुपर-4 मुकाबले से बाहर थे

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। एशिया कप के सुपर-4 में टीम इंडिया को बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार को आखिरी मैच खेलना है। गुरुवार यानी मैच से एक दिन पहले भारतीय टीम के ऑप्शनल प्रैक्टिस सेशन में मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी शामिल हुए। अय्यर सुपर-4 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले बैक इंजरी की वजह से नहीं खेल सके थे। श्रीलंका के साथ सुपर फोर के दूसरे मुकाबले में भी वह इसी वजह से प्लेइंग इलेवन से बाहर थे और स्टेडियम में भी नहीं आए थे। श्रीलंका के खिलाफ मैच से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा था कि अय्यर को डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी है,



इसलिए वह मैच के दौरान स्टेडियम नहीं जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अय्यर ने प्रैक्टिस सेशन में स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ बैटिंग की। उन्होंने स्ट्राइक रोटेशन की भी प्रैक्टिस की। अय्यर पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप लीग के दोनों मैच में खेले थे। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 14 रन बनाया था। वहीं नेपाल के खिलाफ दूसरे लीग मैच में उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिल पाया था। टीम इंडिया एशिया कप के सुपर-4 के फाइनल में पहुंच चुकी है। ऐसे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में टीम इंडिया मोहम्मद शमी और श्रेयस अय्यर को मौका दे सकती है। श्रेयस अय्यर इस साल बैक इंजरी की वजह से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर रहे हैं। एशिया कप से उन्होंने वापसी की है। इन्हें अब तक केवल एक मैच में ही बल्लेबाजी का मौका मिला है। अब बांग्लादेश के खिलाफ मैच में इन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है।

## जूनियर नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप : झारखंड को हराकर यूपी फाइनल में

भुवनेश्वर 13 सितंबर। आक्रामक खेल की बदौलत झारखंड को 2-0 से हरा कर उत्तर प्रदेश ने बुधवार को जूनियर नेशनल फुटबॉल चेम्पियनशिप फार डॉ बी सी राय ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया। उत्तर प्रदेश एवं झारखंड के बीच सेमीफाइनल मैच शुरू होते ही दोनों टीमे छोटे-छोटे पास से एक दूसरे पर आक्रमण करने लगी। ज्यादातर खेल मैदान के बीच में हो रहा था। दोनों ही टीमे अटैक और डिफेंस शैली से खेल रही थी। नतीजन पहले हाफ में दोनों टीमे 0-0 से बराबर रही। दूसरे हाफ का खेल शुरू होने पर उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी नई ऊर्जा और नई रणनीति के साथ ग्राउंड में उतरे। खेल शुरू होते ही उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने झारखंड के ऊपर आक्रमण करना शुरू कर दिया। परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश को 58 मिनट में मोहम्मद नदीम ने 30 गज से शानदार गोल कर एक जीरो की बढत दिला दी जबकि खेल के 74वें मिनट में निरंजन शाही ने गोलकर उत्तर प्रदेश की बढ़त को 2-0 कर दिया।

## चोट के कारण पृथ्वी शॉ लम्बे समय के लिए क्रिकेट से हुए दूर

मुंबई, 14 सितम्बर। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी पृथ्वी शॉ घुटने की चोट से जूझने के कारण लंबे समय के लिए क्रिकेट के मैदान से दूर हो गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो की खबर के मुताबिक पृथ्वी को चोट से उबरने के लिये तीन-चार महीने लग सकते है, इसका मतलब यह है कि वह निश्चित रूप से भारत के 2023-24 घरेलू सीज़न का एक बड़ा हिस्सा चूक जाएंगे जो एक अक्टूबर को राजकोट में ईरानी कप के साथ शुरू होने वाला है।

शॉ को डरहम के खिलाफ एक दिवसीय चैम्पियनशिप मैच में नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेलते समय चोट लगी थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि पृथ्वी शॉ तीन-चार महीनों के लिए क्रिकेट से दूर रहेंगे। इस दौरान वह रिहैब में रहेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, पृथ्वी के चोटिल होने के बाद एमआरआई की गई। इसमें पता चला कि उनके लिगामेंट में इंजरी है। फिलहाल मेडिकल टीम शॉ के इलाज को लेकर सभी संभावित विकल्पों पर विचार कर रही है और सर्जरी ही आखिरी विकल्प होने की संभावना है।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के एक अधिकारी ने ईएसपीएनक्रिकइंफो को बताया कि शॉ 16 अक्टूबर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में नहीं खेलेंगे। यह चोट शॉ के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि वह काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और आगे बढ़ रहे थे। वह चार पारियों में 429 रन के साथ एक दिवसीय प्रतियोगिता में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

गौरतलब है कि पृथ्वी ने नॉर्थम्पटनशायर के लिए एक मुकाबले में नाबाद 125 रन बनाए थे। उन्होंने इससे पहले 244 रनों की शानदार पारी खेली थी। पृथ्वी भारतीय क्रिकेट टीम से 2021 से दूर चल रहे हैं। उन्होंने टीम इंडिया के लिए आखिरी मैच श्रीलंका के खिलाफ जुलाई 2021 में खेला था।

शॉ जुलाई में दलीप ट्रॉफी के लिए वेस्ट ज़ोन का हिस्सा थे जिसके बाद वह नॉर्थेंट्स के लिए एक दिवसीय प्रतियोगिता में खेलने के लिए इंग्लैंड गए। शॉ आखिरी बार फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20ई के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे और बाद में आईपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं दिया जिसमें उन्होंने 14 मैचों में से केवल आठ में 106 रन बनाए।

शॉ ने अपनी वापसी पर खुशी व्यक्त करते हुये पिछले दिनो कहा था, मैं अगली गर्मियों में नॉर्थम्प्टनशायर वापस जाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। भले ही यह खेल जल्दी खत्म हो गया, मैंने वास्तव में वहां अपने समय का आनंद लिया। यह एक शानदार क्लब है और वहां सभी ने मेरा स्वागत किया। मैं वापसी के लिए इंतजार नहीं कर सकता। मेरा लक्ष्य हमेशा टीम को मैच जीतने में मदद करना है और इस बार मेरा घायल होना मेरे लिए बहुत निराशाजनक था।

## भूटिया की हमरो सिक्किम पार्टी का एसडीएफ में विलय होगा

गंगटोक, 14 सितंबर। फुटबॉलर से राजनेता बने बाईचुंग भूटिया ने कहा है कि उनकी 'हामरो सिक्किम पार्टी' (एचएसपी) का पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग के सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) में जल्द विलय होगा। भूटिया ने उन अटकलों का खंडन किया है जिसमें कहा गया था कि वह 19 सितंबर एसडीएफ में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, यह सच है कि मैं एसडीएफ में शामिल होने जा रहा हूं, लेकिन 19 सितंबर को नहीं, कोई और तारीख हो सकती है। भूटिया अपनी पार्टी के सदस्यों के उनके साथ जाने के सुझाव को मानते हुए सामूहिक रूप से एसडीएफ में शामिल होने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने वर्तमान सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के कथित तौर पर मामलों को संभालने के तरीके पर निराशा व्यक्त की। वह राज्य में 'परिवर्तन' की प्रत्याशा में पिछले 2019 चुनावों के दौरान एसकेएम का समर्थन करने के लिए सिक्किम की जनता से माफी की पेशकश भी कर सकते हैं। आगामी 22 सितंबर को एसडीएफ अपने पार्टी प्रमुख चामलिंग का जन्मदिन पार्टी 'गरीबी उन्मूलन दिवस' के रूप में मनाती है और संभवत: इसी दिन श्री भूटिया जब एसडीएफ में शामिल होकर उसका हिस्सा बन सकते हैं।

# डेविस कप के लिये भारतीय टीम घोषित

लखनऊ 14 सितंबर। मोरक्को के खिलाफ 16 सितंबर से यहां शुरू होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप-2 मुकाबले के लिये भारतीय टीम की घोषणा गुरूवार को कर दी गयी। भारत के नान प्लेयिंग कैप्टन रोहित राजपाल ने पत्रकारों को बताया कि भारतीय टीम मे देश के शीर्ष क्रम के एकल खिलाड़ी सुमित नागल और दिग्गज रोहन बोपन्ना के अलावा शशिकुमार मुकुंद, दिग्विजय प्रताप सिंह और युकी भांबरी को जगह दी गयी है। उन्होने बताया कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में मेन ड्रा निकाला जायेगा, उससे एक घंटे पहले तक टीम में रद्दोबदल की गुंजाइश बनी रहेगी।

उन्होने कहा कि रैंकिंग में कमजोर दिखने वाली मोरक्को को हल्के में लेने की भूल उनके खिलाड़ी कतई नहीं करेंगे। बोपन्ना हाल ही में अमेरिकी ओपन के युगल मुकाबले के रनरअप रहे है और उनकी फार्म जबरदस्त है वहीं सुमित नागल से भी भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं। उनकी टीम पूरी तरह से मैच के लिए तैयार है। उधर मोरक्को के कप्तान मेहदी ताहिरी ने कहा कि उनके देश में आए भूकंप ने उनकी पूरी टीम को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे समय में घरों से दूर रहकर खेलना बहुत मुश्किल है। यहां पर मौसम काफी गर्म और उमस से भरा है पर अब उनके खिलाड़ी स्थितियों में खुद को ढाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो-तीन पहले से उनका आना उनके काम आ रहा है। मेहदीने दावा किया कि वो मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भले ही भारत की टीम कागजों पर मजबूत है पर डेविस कप में कुछ भी संभव है।

गोमतीनगर के विजयंतखंड के मिनी स्टेडियम पर 16 और 17 सितंबर को भारत और मोरक्को के बीच चार सिंगल्स और एक डबल्स मैच खेला जायेगा। मैच का प्रसारण डी डी स्पोर्टस पर किया जायेगा। राजपाल ने बताया कि उमस भरी गर्मी के चलते मैच शुरू होने के समय में मामूली फेरबदल किया गया है। 16 तारीख यानी शनिवार को मुकाबला 12 बजे के बजाय दो बजे से शुरू होंगे जबकि रविवार को सुबह 11 बजे के स्थान पर मैच दोपहर एक बजे से खेले जायेंगे।

## टेनिस के उत्थान के लिये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस समय की जरूरत : राजपाल

लखनऊ 14 सितंबर। देश में प्रतिभावान टेनिस खिलाड़ियों की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुये भारतीय डेविस कप टीम के नान प्लेयिंग कप्तान रोहित राजपाल ने सेंटर आफ एक्सीलेंस की जरूरत पर बल दिया।

डेविस कप विश्व ग्रुप-2 में मोरक्कों के खिलाफ 16 सितंबर से शुरू होने वाले मुकाबले से पहले पत्रकारों से बातचीत में राजपाल ने गुरुवार को कहा कि टेनिस के क्षेत्र में प्रतिभाओं की आज भी कोई कमी नहीं है मगर जरूरत इन प्रतिभाओं को दिशा दिखाने की है जिसके लिये एक्सीलेंस सेंटर कारगर साबित हो सकते हैं। इस बारे में केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय से आइटा के अधिकारी बातचीत कर रहे हैं।

उन्होने कहा कि एक्सिलेंस सेंटर जैसी सुविधा के बिना ज्यादा खिलाड़ी विश्व स्तर पर कमाल नहीं दिखा पा रहे हैं। एक समय में विजय अमृतराज,महेश भूपति,लियेंडर पेस और सानिया मिर्जा का विश्व टेनिस में काफी नाम था मगर आज देश में टेनिस के स्तर में गिरावट आयी है जो निश्चित रूप से इस खेल को पसंद करने वालों को चिंता में डालने वाला है, इसके लिये हमें तत्परता से कदम उठाने होंगे। सेंटर आफ एक्सीलेंस इस दिशा में महती भूमिका निभा सकता है।

टेनिस दिग्गज ने कहा कि आज टेनिस बहुत ज्यादा पेचीदा और विशेषज्ञता वाला खेल हो गया है ऐसे में हमें भी अपनी तैयारी उसी स्तर पर करनी है। इसके लिये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर पर पैसा खर्च करने से कुछ नहीं होगा बल्कि हमे आज के जमाने की टेनिस खेलने के लिये प्रशिक्षण पद्धित में भी फेरबदल करनी होगी।

राजपाल ने कहा कि अब पूर्वी यूरोप और दूसरे देशों को तर्ज पर हमें काम करने की जरुरत है। कुछ दशक पहले तक टेनिस में अमेरिका और स्वीडन का डंका बजता था मगर आज यूरोप के देशों ने यह जगह ले ली है। डेविस कप के मौजूदा फार्मेट को भी पेचीदा बताते हुये उन्होने कहा कि सभी एशियाई देश इसका विरोध कर रहे हैं। टेनिस के हित के लिये खेल के पुराने फार्मेट को फिर से अपनाना होगा ताकि टूर्नामेट का रोमांच बरकरार रहे। मौजूदा फार्मेट खतरनाक है।

उन्होने कहा कि 23 सालों के लंबे अंतराल के बाद नवाब नगरी लखनऊ डेविस कप की मेजबानी कर रही है। यह यहां के खिलाड़ियों के लिये एक अवसर है। टीवी पर मैच देखकर आप खिलाडियो की शैली को बारीकी से नहीं समझ सकते जबकि कोर्ट में देखकर सीखने का यह अनूठा अवसर है। उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुये कहा सीएम डेविस कप के आयोजन को लेकर काफी उत्साहित है और हमारी जरूरतों को पूरा कर रहे है। इसके लिये हम सब उनके आभारी हैं। शुक्रवार को उनकी मौजूदगी में डेविस कप मुकाबले के ड्रा निकाले जायेंगे।

## यह कुछ ऐसा है जिसे जीवन भर संजोकर रखूंगा : पाठक

नई दिल्ली, 14 सितंबर। पेरिस ओलंपिक 2024 में सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के मौके के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने 19वें एशियाई खेलों हांगझोऊ अभियान की शुरुआत 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ करेगी। इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से पहले, भारतीय टीम के गोलकीपर कृष्ण बी पाठक ने गुरुवार को टीम में अपने चयन के बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा यह निश्चित रूप से मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। अगर मैं अपनी यात्रा पर पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे भारत के लिए 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कैप अर्जित करने और अपना दूसरा एशियाई खेल खेलने का अवसर मिलेगा। यह ऐसी चीज़ है जिसे मैं जीवन भर संजो कर रखूंगा। हम इसे मैच दर मैच लेंगे और किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेंगे। उन्होंने कहा, प्रशिक्षण अच्छा चल रहा है, सभी खिलाड़ी बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अभ्यास पिच पर हम हर दिन कसरत करते हैं। इसके अलावा, हमने डेनिस के साथ 4-5 गोलकीपिंग सत्र किए हैं और आने वाले दिनों में कुछ और सत्र होंगे। हम फिर से बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, पिछले टूर्नामेंटों में हमने जो गलतियाँ कीं और अन्य बातों के अलावा त्वरित निर्णय लेने में सुधार कैसे किया जाए, इस पर ध्यान केंद्रित किया है। भारतीय खिलाडी ने कहा 19वें एशियाई खेलों हांग्जो 2022 से पहले हमारे पास खेलों का अच्छा प्रदर्शन है। हमने कुछ शीर्ष टीमों के खिलाफ खेला है, इसलिए इससे हमें यह पहचानने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी कि हमारे मजबूत और कमजोर बिंदु क्या हैं। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में अच्छे प्रदर्शन से खिलाड़ियों को भी आत्मविश्वास मिलेगा। हम आगे जाकर गलतियों को दोहराना नहीं चाहते हैं। भारतीय गोलकीपर श्रीजेश के साथ काम करने पर पाठक कहते हैं, हमारे बीच बहुत अच्छी बॉन्डिंग है। वह टीम के वरिष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं और जब भी मुझे संदेह होता है, तो मैं उनके पास जाता हूं और मामले पर उनकी सलाह लेता हूं। पिछले दो दशकों में उनके खेलने के अनुभव ने निश्चित रूप से मेरी बहुत मदद की। पंजाब में जन्मे खिलाड़ी भारत के पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप 2016 की ओर से उभरने वाले सबसे प्रतिभाशाली गोलकीपरों में से एक हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड में 4 देशों के आमंत्रण टूर्नामेंट 2018 में सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण किया। वह 18वें एशियाई खेलों जकार्ता-पालेमबांग कांस्य पदक विजेता टीम का हिस्सा थे और उन्होंने पाकिस्तान के साथ संयुक्त विजेता के रूप में हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी मस्कट 2018 जीती थी।

# फखर जमां का टीम से बाहर होना तय

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज फखर जमां के लिए वनडे टीम में बने रहने के दरवाजे बंद होते हुए नजर आ रहे हैं। लगातार कई पारियों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के कारण टीम में उनकी जगह पर तलवार लटकी हुई है।

श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने एशिया कप सुपर चार चरण के मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान ने बुधवार को प्लेइंग इलेवन का ऐलान किया था लेकिन आज मैच से पहले टीम को बदलाव के लिए मजबूर होना पड़ा है। पाकिस्तान ने इमाम उल हक और सऊद शकील की जगह फखर जमां और अब्दुल्ला शफीक को टीम में शामिल किया है। इमाम उल हक की पीठ में ऐंठन है, जिसके कारण वह इस मैच से बाहर हो गए थे और उनकी जगह फखर को मौका मिला था।

फखर के पास खुद को साबित करने का ये आखिरी मौका था क्योंकि वो पिछली कई पारियों से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और उनकी टीम में जगह खतरे में थी। फखर जमां ने पिछली 10 वनडे पारियों में 19, 14, 33, 2, 30, 27, 14, 20, 27, 4 रन बनाए हैं। 10 पारियों में वह सिर्फ 190 रन ही बना सके हैं, जोकि बतौर ओपनर खराब आंकड़े हैं। एशिया कप में तीन पारियों में उन्होंने 14, 20, 27 और 4 रन बनाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ मैच से पहले मोहम्मद हारिस को फखर जमां की जगह चुना गया था लेकिन टॉस के बाद पाकिस्तान ने सऊद शकील की जगह अब्दुल्ला शफीक को टीम में शामिल किया और ओपनिंग भी करवाई।

## सोनी स्पोर्ट्स ने सबसे बड़ा एशियाई खेल अभियान शुरू किया

नई दिल्ली, 14 सितंबर। एशियाई खेलों के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने 19वें एशियाई खेल हांगझोऊ 2022 से पहले भारत में एशियाई खेलों के इतिहास में सबसे भव्य अभियान शुरू किया है। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ डिफेंस स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान और प्रभावशाली हस्तियों के एक प्रभावशाली लाइनअप से समर्थन प्राप्त किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि 'इस बार सौ पार, फिर से, हम होंगे कामयाब का संदेश भारत के हर कोने में गूंजे।' इस रणनीति से यह स्पष्ट है कि एकजुट भारत, एक स्वर में जयकार करते हुए, अपने एथलीटों को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक प्रेरित कर सकता है। 19वें एशियाई खेलों में भारतीय क्रिकेट टीमें पहली बार एशियाई खेलों में भाग लेंगी, जिसमें रुतुराज गायकवाड़ पुरुष और स्मृति मंधाना भारतीय महिला टीम की कमान संभालेंगी। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा भाला फेंक में भारत के शीर्ष पदक उम्मीदों में से एक होंगे, जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधु, एचएस प्रणय और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी खिताब की प्रबल दावेदार हैं। इनके अलावा धावक, तीरंदाज, भारतीय रग्बी, हॉकी और फुटबॉल टीमें, तैराक, ब्रिज और शतरंज टीमें भी पदक तालिका में शामिल होने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। ये सभी एथलीट भारत को चतुष्कोणीय आयोजन के 19वें संस्करण के 100 पदक के लक्ष्य को हासिल करने में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। देश के प्रमुख प्रभावशाली लोग जो ब्रॉडकास्टर के मिशन में शामिल हुए हैं और एशियाई खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों को चतुष्कोणीय उत्सव के इस संस्करण में उच्च स्तर तक पहुंचने के लिए अपने संदेश को साझा किए हैं उनमें अमिताभ बच्चन, सुधा मूर्ति, आमिर खान और ड्रीमगर्ल हेमा मालिनी भी शामिल हैं। इसके अलावा अभिनेत्री माधुरी दीक्षित, आदित्य रॉय कपूर, जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन, कपिल शर्मा मीराबाई चानू, जहीर खान, अंजू बॉबी जॉर्ज और राजा रणधीर सिंह भी इस मिशन में शामिल हो गए हैं। ब्रॉडकास्टर में शामिल होने के साथ-साथ भारतीय खेल पत्रकारों की एक ऑल-स्टार लाइनअप भी शामिल हुई, जो भारत के खिलाड़ियों को विशेष रूप कवर करते रहे हैं।

### बेन स्टोक्स ने बनाए रिकॉर्ड 182 रन

## इंग्लैंड के वनडे इतिहास का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर, न्यूज़ीलैंड को 181 रन से हराया

लंदन, 14 सितम्बर। इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने से चूक गए। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ लंदन के द ओवल मैदान पर 182 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 15 चौके और 9 छक्के लगाए। यह इंग्लैंड के वनडे इतिहास का सबसे व्यक्तिगत स्कोर है। स्टोक्स से पहले जेसन रॉय ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2018 में 180 रन बनाए थे। लंदन के केनिंग्टन ओवल मैदान पर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड टीम पहले बैटिंग करते हुए 48.1 ओवर 368 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। न्यूजीलैंड से ट्रेंट बोल्ट ने 5 विकेट लिए। जवाब में न्यूजीलैंड टीम 187 रन बनाकर ढेर हो गई और 181 रन से मुकाबला गंवा दिया। 4 मैचों की सीरीज में इंग्लैंड 2-1 से आगे है। चौथा वनडे 15 सितंबर को खेला जाएगा।

बेन स्टोक्स ने 182 रन बनाकर इंग्लैंड के लिए सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड खड़ा किया। उन्होंने जेसन रॉय का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 180 रन बनाए थे। इंग्लैंड के टॉप-6 में 5 स्कोर 2015 वनडे वर्ल्ड कप के बाद बने हैं। इस वर्ल्ड कप में इंग्लैंड टीम



ग्रुप स्टेज में बांग्लादेश से हारने के बाद बाहर हो गई थी। टॉप-6 स्कोर में नंबर-4 पर मौजूद रॉबिन स्मिथ ने 1993 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 167 रन बनाए हैं।

स्टोक्स अगर पूरे 50 ओवर तक बैटिंग करते तो इंग्लैंड के लिए दोहरा शतक भी लगा देते। वह ऐसा करने वाले इंग्लैंड के पहले और दुनिया के 9वें खिलाड़ी बनते। वनडे में अब तक 4 देशों के 8 खिलाड़ियों ने 10 डबल सेंचुरी लगाई हैं। भारत के रोहित शर्मा के नाम 3 दोहरे शतक हैं। उन्होंने 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 264 रन बनाए थे। ये वनडे इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। रोहित के अलावा भारत से 4 और खिलाड़ियों ने भी वनडे में डबल सेंचुरी लगाने का कारनामा किया है। इनमें सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, शुभमन गिल और ईशान किशन शामिल हैं। दूसरे देशों में पाकिस्तान के फखर जमान (210 रन), वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (215 रन) और न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल (237 रन) ने भी वनडे में दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया है।

स्टोक्स अगर पूरे 50 ओवर तक बैटिंग करते तो इंग्लैंड के लिए दोहरा शतक भी लगा देते। वह ऐसा करने वाले इंग्लैंड के पहले और दुनिया के 9वें खिलाड़ी बनते। वनडे में अब तक 4 देशों के 8 खिलाड़ियों ने 10 डबल सेंचुरी लगाई हैं। भारत के रोहित शर्मा के नाम 3 दोहरे शतक हैं। उन्होंने 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 264 रन बनाए थे। ये वनडे इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है।

रोहित के अलावा भारत से 4 और खिलाड़ियों ने भी वनडे में डबल सेंचुरी लगाने का कारनामा किया है। इनमें सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, शुभमन गिल और ईशान किशन शामिल हैं। दूसरे देशों में पाकिस्तान के फखर जमान (210 रन), वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (215 रन) और न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल (237 रन) ने भी वनडे में दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया है।



*रोम के पुराविदों को लगता है कि उन्हें रोमन सम्राट नीरो के थिएटर के अवशेष मिल गए हैं। पहली सदी में बने इस थिएटर का रोमन ग्रंथों में काफी उल्लेख तो मिलता है, पर यह किस जगह पर था, इसकी जानकारी नहीं थी। थिएटर का नाम नीरो क्लॉडिअस सीज़र ऑगस्टस जर्मैनिकस के नाम पर है, जिसने 54 ईस्वी से लेकर 68 इस्वी में अपनी मृत्यु तक रोम पर शासन किया था। वैटिकन सिटी के पूर्व में स्थित इस थिएटर की खोज को पुराविद् अभूतपूर्व बता रहे हैं। संभवतया यहीं पर नीरो कविता का अभ्यास करता था और संगीत कार्यक्रम आयोजित करता था। नीरो की मृत्यु हुए हजार साल से भी अधिक समय हो चुका है लेकिन अभी भी नीरो रोम के सबसे कुख्यात शासकों में से एक माना जाता है, जिस पर आरोप है कि, जब रोम जल रहा था उस समय वह वायलिन बजा रहा था। कहा जाता है कि, उस घटना के समय नीरो इसी थिएटर में था। उसके कुशासन व उसके राज में हुए दमन पर बहुत कुछ लिखा गया है। कहते हैं कि, उसने अपनी मां और दो पत्नियों की हत्या करवाई थी और रोम का खजाना अपनी शानो शौकत पर खर्च कर दिया था। लेकिन, उसे संगीत और कला के प्रेमी के रुप में भी याद किया जाता है। वह अपने थिएटर में अपनी कला का प्रदर्शन करता था। उसे सिथरा (सात तारों वाला वीणा जैसा वाद्य) बजाना बहुत पसंद था। लेकिन जब, सम्राट की सुरक्षा के लिए जिम्मेवार, प्रैटोरिअन गार्ड ने नीरो से अपना समर्थन वापस ले लिया तो, कथित रुप से उसने आत्महत्या कर ली। उसके आखिरी शब्द थे ''मेरे भीतर कितना शानदार कलाकार मर रहा है।'' हाल ही में मिले अवशेषों से शोधकर्ताओं को कई कलाकृतियाँ मिली हैं। इनमें सात अलंकृत मध्यकालीन ग्लास चैलिस (प्याले), जपमाला के मनके बनाने के लिए प्रयुक्त की जाने वाली हड्डियां, मिट्टी के बर्तन, ब्रेड बेक करने के बर्तन, सिक्के, हड्डी से बने कंघे व संगीत वाद्यों के कई अवशेष शामिल हैं।*

# छत्तीसगढ़ के उप मु.मंत्री ने प्र.मंत्री मोदी की खुलकर तारीफ की

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि, कभी भी प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के साथ भेदभाव नहीं किया, जिस बात की मांग की गई उसे पूरा किया

- **प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में गुरुवार को लगभग 6350 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।**
- **टी.एस सिंहदेव ने कहा, मेरा सौभाग्य है कि, छत्तीसगढ़ की धरती पर श्रद्धेय प्रधानमंत्री जी की अगवानी करने का अवसर मिला। छत्तीसगढ़ में सर आपका बहुत-बहुत स्वागत है। अब यही कामना है कि, राज्य को हमेशा आपका सहयोग इसी प्रकार से मिलता रहे।**
- **टी.एस. सिंहदेव की ओर से भेदभाव को नकारे जाने की बात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कांग्रेस और विपक्ष के अन्य दल केंद्र सरकार पर भेदभाव और परेशान किए जाने का आरोप लगाते रहे हैं।**

रायपुर, 14 सितम्बर। विरोधी दलों के नेता एक-दूसरे की सार्वजनिक मंचों से तारीफ करें ऐसे मौके बहुत ही कम आते हैं। छत्तीसगढ़ के लिए कई सौगात लेकर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी की कांग्रेस सरकार में उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने खुलकर तारीफ की। उन्होंने मंच से कहा कि पी.एम. मोदी ने राज्य के साथ कभी भेदभाव नहीं किया और जब जिस बात की मांग की गई उसे केंद्र सरकार की ओर से पूरा किया गया।

पी.एम. मोदी ने विधानसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में गुरुवार को लगभग 6350 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने प्रधानमंत्री ने सिकल सेल रोग की जांच की गई आबादी के बीच एक लाख सिकल सेल परामर्श कार्डों का भी वितरण किया। इस दौरान मंच पर छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव भी मौजूद थे। गर्मजोशी से पी.एम. मोदी का स्वागत करने के बाद उन्होंने खुलकर तारीफ भी की।

टी.एस. सिंहदेव ने कहा, मेरा सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ की धरती पर श्रद्धेय प्रधानमंत्री की अगुवानी का अवसर मिला। छत्तीसगढ़ में सर आपका बहुत-बहुत स्वागत है। आज आप देने आए हैं। बहुत सारी चीजें देते रहे हैं, और देते रहे हैं और भविष्य में भी मिलती रहेंगी ऐसा मेरा विश्वास है। सिकल सेल रोगियों को लेकर हुए काम को लेकर उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में हर 10 में से एक व्यक्ति सिकल सेल से ग्रसित है। ये आदिवासी और पिछड़े वर्ग के भी है। इनके लिए केंद्र सरकार की ओर से ध्यान आकर्षित करके जो काम हो रहा है, हमारे संविधान के संघीय ढांचे में केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में, राज्य अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सदैव काम करते रहा है।

टी.एस. सिंहदेव मंच से खुलकर कहा कि पी.एम. मोदी ने कभी राज्य सरकार के साथ भेदभाव नहीं किया और हर मांग पूरी की। उन्होंने कहा,मैं यह कहने से भी नहीं चूकना चाहूंगा कि मेरे अनुभव में मैंने भेदभाव महसूस नहीं किया। राज्य से, यदि हम लोगों ने काम किया और मांगा तो बतौर हक, बतौर साथी, केंद्र सरकार से कभी हाथ तंग नहीं रहे। मेरा विश्वास है कि इस देश को और प्रदेश को हम मिलकर आगे बढ़ाते रहेंगे। टी.एस. सिंहदेव की ओर से भेदभाव को नकारे जाने की बात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कांग्रेस और विपक्ष के अन्य दल केंद्र सरकार पर भेदभाव और परेशान किए जाने का आरोप लगाते रहे हैं।

# निपाह वायरस संक्रमण फैलने की आशंका

- **प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में एडवाइज़री जारी की तथा दक्षिण भारत से आने वालों पर विशेष निगरानी रखने को कहा है।**

जयपुर, 14 सितम्बर। केरल के कोझिकोड़ में निपाह वायरस के केस मिलने और मौत होने के बाद राजस्थान में अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग ने इसे लेकर एडवाइजरी जारी की है। इसमें राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, जोन के संयुक्त निदेशकों और जिलों के सी.एम.एच.ओ. को जांच और ट्रीटमेंट के लिए हेल्थ वर्कर्स को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए है। साथ ही दक्षिण भारत खासकर उन राज्यों से जहां इस वायरस के केस मिल रहे हैं, वहां से आने वाले यात्रियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं संदिग्ध मामलों में तत्काल सैंपल लेकर स्वास्थ्य निदेशालय को सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुसार केरल के कोझिकोड़ में 5 संक्रमित केस मिलने और 2 मरीजों की मौत होने के बाद इसके फैलने का खतरा दूसरे राज्यों में बढ़ गया है। ऐसे में अगर कोई इस तरह के लक्षण वाला मरीज आता है तो उसके सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए। डब्ल्यु.एच.ओ. के मुताबिक निपाह वायरस चमगादड़ और सूअर जैसे जानवरों से इंसानों में फैलता है। विशेषज्ञों का मानना है कि, यह वायरस एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी फैल सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार बुखार आना, सिरदर्द, कफ बनना, गले में खराश, सांस में तकलीफ और उल्टी होना इस वायरस से संक्रमित मरीज के सामान्य लक्षण है। वहीं गंभीर स्थिति वाले मरीज में दौरे पड़ना, कोमा में आना व दिमाग में सूजन आना भी इस रोग के लक्षण है।

## 'इंडिया गठबंधन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

स्टालिन के पुत्र उदयनिधि ने सनातन की तुलना एच.आई.वी., कोविड और मलेरिया से की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ए. राजा ने हिन्दुत्व को समाज के लिए घातक बताया था।

भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिज़ोरम के विधानसभा तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में इसको मुख्य चुनावी मुद्दा बनाने का निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश में भारत द्वारा जी-20 सम्मेलन सफलतापूर्वक करवाने की प्रशंसा की और लोगों से पूछा कि क्या उनका हृदय गर्व से भरा है या नहीं।

उन्होंने कहा, ''देश ने औपनिवेशिक मानसिकता से निकलकर विश्वास के साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया है।''

उन्होंने मतदाताओं को याद दिलाया कि उन्होंने आवास, मुफ्त स्वास्थ्य बीमा, टायलट, पेयजल, सड़कों और बिजली की गारंटियां पूरी करके दिखाई है।

# भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम सिंगापुर के राष्ट्रपति बने

## एक और भारतीय मूल के व्यक्ति ने किसी देश का सर्वोच्च पद ग्रहण कर भारत का नाम रोशन किया

- **सिंगापुर के मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन ने गुरुवार को थर्मन शनमुगरत्नम को सिंगापुर के नौवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई**
- **साल 2001 में राजनीति में कदम रखने वाले थर्मन शनमुगरत्नम ने एक सितंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में सबसे ज्यादा 70.4 फीसदी वोट हासिल किए। इस चुनाव में उन्होंने चीनी मूल के एन.जी कोक सॉन्ग और टैन किन लियान को मात दी थी।**

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। भारतवंशी अर्थशास्त्री थर्मन शनमुगरत्नम ने गुरुवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। थर्मन शनमुगरत्नम सिंगापुर के नौवें राष्ट्रपति बन गए।

बता दें कि 154 साल पुराने महल इस्ताना में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतवंशी मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन ने इस्ताना में थर्मन शनमुगरत्नम को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। इस्ताना राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास और कार्यालय है।

इस्ताना में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री ली सीन लूंग, मंत्रिमंडल के सदस्य सहित कई अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। 66 वर्षीय थर्मन शनमुगरत्नम ने हलीमा याकूब का स्थान लिया। हलीमा याकूब सिंगापुर की पहली महिला राष्ट्रपति थीं और 13 सितंबर को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया।

साल 2001 में राजनीति में कदम रखने वाले थर्मन शनमुगरत्नम ने एक सितंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में सबसे ज्यादा 70.4 फीसदी वोट हासिल किए। इस चुनाव में उन्होंने चीनी मूल के एनजी कोक सॉन्ग और टैन किन लियान को मात दी थी। एनजी कोक सॉन्ग को महज 15.72 फीसदी, जबकि टैन किन लियान को 13.88 फीसदी वोट मिले।

सिंगापुरी वकील जेन इटोगी के साथ शादी के पवित्र बंधन में बंधे थर्मन शनमुगरत्नम की एक बेटी और तीन बेटे हैं। राजनीति में आने से पहले थर्मन शनमुगरत्नम इकॉनॉमिस्ट थे और नौकरशाह के रूप में सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण से जुड़े थे। इसके अतिरिक्त थर्मन शनमुगरत्नम ने साल 2011 से 2019 तक उप प्रधानमंत्री का पद की जिम्मेदारी संभाली है।

## मु.मंत्री गहलोत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालत में हाजिर हुए। गहलोत की ओर से पेश प्रार्थना पत्र में कहा गया कि सीआरपीसी की धारा 256 के तहत यदि मामले का वादी अदालत में हाजिर नहीं होता है तो कोर्ट को इस आधार पर उन्हें बरी कर देना चाहिए। वहीं शेखावत की ओर से कहा गया कि यदि लंबे समय तक परिवादी अदालत में पेश नहीं हो तो इस धारा के तहत कार्रवाई हो सकती है। इसके अलावा बीती दो पेशियों से परिवादी अदालत में हाजिर हो रहे हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने प्रार्थना पत्र पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। गौरतलब है कि केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह ने संजीवनी घोटाले में सीएम गहलोत की ओर से उनके खिलाफ बयानबाजी करने पर आपराधिक मानहानि का परिवाद पेश किया है, जिस पर अदालत ने गहलोत को समन जारी कर तलब किया था।

# सरकार ने संसद सत्र का एजेण्डा जारी किया

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। सरकार ने संसद के विशेष सत्र का एजेण्डा विपक्ष के सामने रख दिया है। आगामी संसद सत्र में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा विधेयक भी पेश किया जाएगा।

ये विधेयक पारित होने के बाद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय कमेटी करेगी। इसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक नामित कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। कैबिनेट मंत्री का नाम प्रधानमंत्री तय करेंगे।

इस बिल पर राज्यसभा में 10 अगस्त 2023 को चर्चा हुई थी। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि, सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है।

साल 2018 में चुनाव आयोग के कामकाज में पारदर्शिता को लेकर कई याचिकाएं दायर हुई थीं। इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील अनूप बरनवाल, सुप्रीम कोर्ट के वकील और भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी (ए.डी.आर.) ने कहा था कि, चुनाव आयुक्त के लिए फिलहाल अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है।

# लैण्डिंग के वक्त रनवे पर फिसलकर प्लेन के दो टुकड़े हुये, आठ घायल

- **इस चार्टर्ड प्लेन में 2 क्रू मैंबर सहित कुल आठ लोग सवार थे, सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**
- **डी.जी.सी.ए. ने बताया कि, जिस समय यह चार्टर्ड प्लेन उतर रहा था, उस समय मुंबई एयरपोर्ट पर भारी बारिश की वजह से विज़िबिलिटी बेहद कम, 700 मीटर थी।**

मुंबई, 14 सितम्बर। मुंबई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। यहां एक चार्टर्ड प्लेन लैण्डिंग के वक्त भारी बारिश की वजह से रनवे से फिसल गया। इस विमान में 6 यात्री और 2 क्रू मेंबर थे। डी.जी.सी.ए. द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, विशाखापत्तनम से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाला वेंचर्स लियरजेट 45 विमान वीटी-डी.बी.एल. मुंबई हवाई अड्डे पर रनवे 27 पर उतरते समय रनवे से फिसल गया। इस घटना के जारी हुये वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि, लैण्डिंग के वक्त फिसलते ही प्लेन के बीच से दो टुकड़े हो गये।

इस विमान में 6 यात्री और 2 क्रू मेंबर सवार थे। डी.जी.सी.ए. ने बताया कि, जिस समय यह चार्टर्ड प्लेन उतर रहा था, उस समय मुंबई एयरपोर्ट पर भारी बारिश की वजह से दृश्यता बेहद कम 700 मीटर थी। विमान में सवार सभी 8 लोगों के चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि यह विमान हादसा शाम 5 बजे के थोड़ी देर बाद हुआ। हादसे के बाद थोड़ी देर के लिए दोनों रनवे बंद कर दिए गए। शाम करीब 6.47 बजे एक रनवे पर ऑपरेशन वापस शुरू किए गए। मुंबई एयरपोर्ट ने एक बयान के जरिए बताया कि हादसा शाम पांच बजकर आठ मिनट पर हुई।

बयान में बताया गया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दुर्घटना के तुरंत बाद ऑन ग्राउंड टीम साइट को क्लियर करने में जुट गई।

## रूस के ब्लैक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यूक्रेन पर हमले के बाद से महत्वपूर्ण युद्ध ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। रूस समर्थित क्रीमिया के गवर्नर ने कहा कि शिपयार्ड पर हुए हमले मे कम से कम 24 लोग घायल हुए।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि यूक्रेन ने एक साथ 10 क्रूज मिसाइलें दागीं और साथ ही रूस के युद्धपोत ब्लैकसी पर तीन ड्रोन से हमला किया। मॉस्को ने क्रीमिया पर सफल हमले की स्वीकारोक्ति तब की, जब स्थानीय नागरिकों ने विस्फोट और आग की फोटो पोस्ट की।

राजनयिक समाचारो में व्लादिमिर पुतिन ने पूर्वी रूस के अंतरिक्ष लांच केन्द्र कोस्टोक्नी कॉस्मोड्रोम में उत्तरी कोरिया के नेता किम जोंग उनसे मुलाकात की।

उन दोनों ने फूलों के डिज़ायन वाले टेबल पर जाम टकराते हुए ''अनिष्टकारी गुट'' से क्रेमलिन के ''पवित्र संघर्ष'' के लिए दुआ की।

इस बैठक से दोनों के संबंधों मे एक नए युग का सूत्रपात हुआ है और अटकलें हैं कि उत्तरी कोरिया मॉस्को को और हथियार भेजेगा, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कोई सौदा हुआ या नहीं।

पश्चिमी अधिकारियों ने कहा कि रूस प्रतिबंधों को पार कर अपने मिसाइल उत्पादन को युद्ध के पहले के स्तर तक बढ़ा रहा है लेकिन यूक्रेन की तरह उसके पास भी गोला-बारूद की कमी हो रही है।

# 'दोषी ठहराये जा चुके सांसदों-विधायकों के चुनाव लड़ने पर आजीवन रोक लगे'

## सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त न्याय मित्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि, जनप्रतिनिधि आम जन की भावनाओं और क्रियाकलापों का सामाजिक प्रतिनिधित्व करते हैं एक बार दोषी ठहराए जाने के बाद उस भावना और पवित्रता का पूर्णतः नाश हो जाता है

- **न्याय मित्र ने तर्क दिया है कि, सेवा में गलती करने पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की बर्खास्तगी होती है, उनको आजीवन सेवा से दूर कर दिया जाता है साथ ही उनके कई वेतन लाभ भी रोक दिये जाते हैं तो फिर विधायकों एवं सांसदों के साथ ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता।**

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। सांसदों-विधायकों के खिलाफ आपराधिक केस से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एमिकस क्यूरी बनाए गए वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दोषी ठहराए गए जनप्रतिनिधियों को सिर्फ छह साल के लिए नहीं बल्कि आजीवन चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत द्वारा एमिकस क्यूरी नियुक्ति के बाद से यह उनकी 19वीं रिपोर्ट है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष पेश होने वाली अपनी रिपोर्ट में हंसारिया ने कहा, ''सांसद और विधायक आमजन की संप्रभु इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं और एक बार नैतिक अधमता से जुड़ा अपराध करते हुए पाए जाने पर, उन्हें उस पद को संभालने से स्थायी रूप से अयोग्य ठहराया जाना चाहिए।''

हंसारिया ने अपनी रिपोर्ट में सिविल सेवकों से संबंधित नियमों की ओर इशारा किया है, जो अनैतिक कार्यों से जुड़े किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए कर्मचारियों को बर्खास्त करने का प्रावधान करते हैं और केंद्रीय सतर्कता आयोग और मानवाधिकार आयोग जैसे वैधानिक निकायों से संबंधित कानून का भी जिक्र किया है, जो ऐसे अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए किसी भी व्यक्ति को शीर्ष पदों पर नियुक्ति के लिए स्पष्ट रूप से अयोग्य घोषित करते हैं।

हंसारिया की रिपोर्ट में तर्क दिया गया है, अगर वैधानिक पद पर किसी भी दोषी अधिकारी या प्राधिकारी की नियुक्ति नहीं हो सकती है, तब तो यह स्पष्ट रूप से मनमाना है कि इसी तरह का दोषी व्यक्ति सजा की एक निश्चित अवधि की समाप्ति के बाद फिर से देश या राज्यों के सर्वोच्च विधायी निकाय संसद या विधानसभा/विधानपरिषद में आकर बैठ सकता है। कानून निर्माताओं को ऐसे कानून के तहत पद संभालने वाले व्यक्तियों की तुलना में ज्यादा पवित्र और अनुल्लंघनीय होना चाहिए।''

वकील स्नेहा कलिता के माध्यम से दायर रिपोर्ट में कहा गया है, ''ऐसा कोई नेक्सस नहीं है कि कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को कोई वैधानिक पद धारण करने से अयोग्य ठहराने के लिए कोई कानून बना सकता है, लेकिन कानून बनाने वाला व्यक्ति (सांसद-विधायक)अपने लिए केवल एक सीमित अवधि के लिए अयोग्यता का कानून बना सकता है।''

बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय द्वारा 2016 में दायर याचिका से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया था। अश्विनी उपाध्याय ने अपनी याचिका में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी थी, जो एक दोषी सांसद या विधायक को सिर्फ छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराती है। हंसारिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि दोषी सांसदों को छह साल के बाद फिर से चुनाव लड़ने की अनुमति देना '' स्पष्ट रूप से मनमाना और संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है, जबकि संविधान का अनुच्छेद 14 समानता और कानूनों की समान सुरक्षा की गारंटी देता है।रिपोर्ट में विधायकों/सांसदों के खिलाफ लंबित मुकदमों के शीघ्र निपटान की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया है और कहा गया है कि देश की विभिन्न निचली अदालतों में 5,175 मामले लंबित हैं। इनमें से 2,116 मामले पांच साल से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश (1,377) में हैं।

## हाई कोर्ट के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संजय वशिष्ठ, त्रिभुवन दहिया, नमित कुमार, हरकेष मनुजा, अमन चौधरी, नरेश सिंह, हर्ष बुंगर, जगमोहन बंसल, दीपक मनचंदा और आलोक जैन।

इलाहबाद हाई कोर्ट में जिन 7 जजों को पदोन्नत किया गया है, वे हैं- उमेश चन्द्र शर्मा, रेणु अग्रवाल, राम मनोहर नारायण मिश्रा, मयंक कुमार जैन, शिव शंकर प्रसाद, गजेन्द्र कुमार और नलिन कुमार श्रीवास्तव।

## सचिन पायलट के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समिति का सदस्य बनाया गया है, तो स्वाभाविक है कि, उनके समर्थकों में इस बात का जोश है कि, उनके नेता अब उनकी पैरवी आगे तक करेंगे और उसी पैरवी के दम पर वे उम्मीदवार बनने में सफल हो पाएंगे। यही कारण है कि, सचिन पायलट के विदेश दौरे से वापस आने के बाद उनके सिविल लाइन स्थित आवास पर टिकट चाहने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

राजस्थान में चुनावी बिगुल बज चुका है और अगले 20 दिन बाद कभी भी आचार संहिता लग सकती है। इस बीच कांग्रेस ने अपनी कमेटियां बनाकर बैठकें शुरू कर दी हैं। टिकट वितरण के लिए स्क्रीनिंग कमेटी भी अपनी कार्यवाही कर रही है।

कांग्रेस कार्य समिति तथा स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य बने पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट विदेश से लौटने के बाद सबसे पहले प्रियंका गांधी के निवाई दौर में शामिल हुए। उसके बाद से जयपुर में कांग्रेस की विभिन्न कमेटियों की बैठकों में हिस्सा ले रहे हैं। सिविल लाइन्स स्थित उनके आवास पर रोजाना मिलने वालों की भीड़ के कारण सिविल लाइन्स में लंबा ट्रेफिक जाम भी लगा रहता है।

यूं तो राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य हैं, लेकिन सबसे ज्यादा भीड़ इन दिनों सचिन पायलट के आवास पर ही नज़र आ रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होने के बावजूद गोविंद सिंह डोटासरा के यहां लोग नज़र नहीं आ रहे हैं।

अभी दो दिन पहले सचिन पायलट ने अजमेर और भीलवाड़ा का दौरा किया, तब भी उनके साथ बड़े काफिले गए थे।

अजमेर और भीलवाड़ा के रास्ते में पायलट के स्वागत के लिए भी बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। अभी पायलट के आवास पर जो भीड़ जुट रही है, वह सिर्फ जयपुर की ही नहीं है। दौसा, करौली, टोंक, सवाई माधोपुर, अजमेर और नागौर से भी बड़ी संख्या में लोग पायलट से मिलने आ रहे और उनके आवास के पास लगी वाहनों की लंबी कतारों के कारण यातायात व्यवस्थित करने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908